www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शनिवार, 16 मई 2026 शुक्ल पक्ष-चतुर्थदशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 34 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

# सुरक्षा कैंप अब बनेंगे जनसुविधा केंद्र, 18 को गृहमंत्री शाह करेंगे शुभारंभ

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** बस्तर को नक्सलमुक्त करने के लिए संभाग के धुर नक्सल प्रभावित इलाकों में 400 से अधिक फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस बनाए गए थे। अब इन्हीं सुरक्षा कैम्पों को जनसुविधा केंद्रों में तब्दील किया जाएगा। इसकी शुरुआत केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नेतानार स्थित सीआरपीएफ कैम्प से की जाएगी, जिसके लिए रणनीति तैयार कर ऑपरेशन की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है।

गौरतलब है कि चार दशक से अधिक समय तक नक्सलवाद का दंश ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### बस्तर में बनेगा पहला जन सुविधा केंद्र

प्रवास के दौरान गृहमंत्री बस्तर का पहला जनसुविधा केंद्र घोषित कर इसका उद्घाटन करेंगे। इससे पूर्व नेतानार के इस इलाके में नक्सलियों ने कई बड़ी वारदातों को भी अंजाम दिया था, जिसके बाद यहां सीआरपीएफकैंप स्थापित किया गया था। नक्सल गतिविधि कम होने के साथ ही यह इलाका नक्सल मुक्त हो चुका है। ऐसे में अब इस कैंप को बस्तर का पहला जन सुविधा केंद्र बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

### सुरक्षा कैम्प होगा जन सुविधा केंद्र में तब्दील

अप्रैल 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, बस्तर रेंज के संवेदनशील और दुरुस्त इलाकों में स्थापित इन कैंपों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और जिला पुलिस बल के जवान तैनात है। बस्तर संभाग अब पूर्ण रूप से नक्सल मुक्त होने की घोषणा के बाद इन सुरक्षा कैम्पों को स्थानीय ग्रामीणों के रोजगार और सुविधा के अनुसार जन सुविधा केंद्र में तब्दील करने की योजना है। इसी कड़ी में नेतानार का सीआरपीएफकैंप बस्तर संभाग का पहला जन सुविधा केंद्र बनने जा रहा है।

### जनसुविधा केंद्र का उद्घाटन और नामकरण

बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि 31 मार्च 2026 के बाद बस्तर संभाग के अंदरूनी इलाकों में नक्सल गतिविधि पूरी तरह से समाप्त हो चुकी हैं। सुरक्षा की दृष्टिकोण से नक्सल इलाकों में सुरक्षा कैंप खोले गए थे। उनमें से कुछ कैंपों को अब उस क्षेत्र की जनता के लिए मूलभूत सुविधा से लाभान्वित करने के उद्देश्य से डिजिटल सेवा केंद्र, स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर, फॉरेस्ट फूड प्रोसेसिंग यूनिट के रूप में स्थापित किए जाने की योजना बनाई गई है। नेतानार सीआरपीएफ कैंप बस्तर का पहला जनसुविधा केंद्र होगा।

## अमित शाह के बस्तर प्रवास की तैयारियों में जुटी भाजपा

**जगदलपुर/नव प्रदेश।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित छत्तीसगढ़ पहुंचने वाले अन्य वरिष्ठ अतिथियों के प्रस्तावित प्रवास को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, स्वागत व्यवस्था, सुरक्षा समन्वय, अतिथियों के आवागमन मार्ग एवं शहर की साज-सज्जा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक

किरण देव ने कहा कि बस्तर में होने वाला यह प्रवास संगठनात्मक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने का आह्वान किया। बैठक में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप,बस्तर सांसद महेश कश्यप,बस्तर जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, जगदलपुर नगर निगम के महापौर संजय पांडे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामाश्रय सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कर्ता उपस्थित रहे।बैठक के दौरान अमित शाह के स्वागत एवं प्रवास कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न मोर्चों और संगठनात्मक इकाइयों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। भारतीय जनता युवा मोर्चा को शहर की साज-सज्जा, स्वागत द्वार निर्माण, प्रमुख ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### आज बेबाक

इन दिनों बंगाल में गली - गली में शोर है, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी चोर है का नारा गूंज रहा है। यह उनका घोर अपमान है। बेरोजगार बैठी ममता बनर्जी काला कोट पहन कर हाईकोर्ट में वकालत झाड़ने पहुंची तो वहां के वकीलों ने भी ममता बनर्जी चोर है के नारे लगाकर बेचारी की बेइज्जती खराब कर दी। वाकई ये तो इंसाफके मंदिर परिसर में बहुत बेइंसाफी हो गई। कम से कम पढ़े लिखे वकीलों को तो ऐसी गलती नहीं करनी चाहिए थी। वकालत करते हैं और इतना भी नहीं जानते कि दुर्दांत डकैतों को चोर नहीं बोला जाता।

**तापमान**

| अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|
| 44° | 27° |

**बाजार भाव**

| गोल्ड | सिल्वर |
|---|---|
| 1,51,140 | 2,54,798 |

**शेयर बाजार**

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 77,328.19 | 24,176.15 |

| विश्व जनसंख्या | भारत जनसंख्या |
|---|---|
| 8,291,743,121 | 1,474,975,253 |

राष्ट्रपति अल नाहयान के साथ बैठक में फैसला, मोदी के प्लेन को एफ-16 फाइटर जेट से सुरक्षा दी गई

# भारत-यूएई के बीच एलपीजी सप्लाई पर समझौता, 5 अरब डॉलर का निवेश भी

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई बड़े समझौते हुए हैं। इसमें 5 अरब डॉलर के निवेश के अलावा रक्षा, ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहयोग शामिल है।

**पीएम मोदी का बयान:** वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने कहा, भारत हर परिस्थिति में संयुक्त अरब अमीरात के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा। शांति और स्थिरता की बहाली के लिए भारत हर संभव सहयोग देगा। उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को स्वतंत्र और खुला रखने पर जोर देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जा रहा है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संवाद और कूटनीति ही मुद्दों को सुलझाने का सर्वोत्तम तरीका है। पीएम मोदी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### वार्ता के बाद हुए प्रमुख समझौते

- ■ द्विपक्षीय रणनीतिक रक्षा साझेदारी को मजबूत करना
- ■ एलपीजी आपूर्ति और रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व से संबंधित समझौता
- ■ 5 अरब डॉलर का निवेश– आरबीएल बैंक, सम्मान कैपिटल और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में
- ■ गुजरात के वाडिनार में शिप रिपेयरिंग क्लस्टर स्थापित करने का समझौता

### शांति बहाली में हर सहयोग के लिए भारत तैयार: पीएम मोदी

**यूएई/वार्ता।** प्रधानमंत्री मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की उपस्थिति में दोनों देशों ने एमओयू का आदान-प्रदान किया, जिसमें रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार भी शामिल है। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ प्रतिनिधिमंडल-स्तरीय वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि आज जिस प्रकार से आपकी वायुसेना के जहाजों ने एस्कॉर्ट किया, ये भारत के लोगों का सम्मान है। पिछले दिनों प्राकृतिक आपदा के कारण ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## जिनपिंग संग मुलाकात के बाद ट्रंप का बड़ा दावा: बोले

### ■ अमेरिका-चीन के बीच हुई शानदार ट्रेड डील

**बीजिंग/वार्ता।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे के आखिरी दिन दोनों महाशक्तियों के बीच कई बड़े समझौतों पर मुहर लगी है। बीजिंग के झोंगनानहाई लीडरशिप कंपाउंड में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक और लंच के बाद ट्रंप ने इसे एक ÷अविश्वसनीय दौरा÷ बताया। दोनों नेताओं के बीच तकनीक, व्यापार, ईरान और ताइवान जैसे गंभीर वैश्विक मुद्दों पर बंद कमरे में लंबी बातचीत हुई, जिसके बाद ट्रंप ने दावा किया कि दोनों देशों के रिश्ते अब और मजबूत हो गए हैं।

**मुलाकात की बड़ी बातें:** होर्मुज स्ट्रेट को खोलने पर सहमतिः दोनों देश रणनीतिक समुद्री रास्ते 'होर्मुज स्ट्रेट' के

जरिए शिपिंग एक्सेस बहाल करने का समर्थन करते हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान को लेकर दोनों की सोच एक जैसी है और दोनों चाहते हैं कि यह रास्ता खुले, जहाँ से दुनिया की लगभग 20व तेल सप्लाई गुजरती है।

**चीन नहीं देगा ईरान को हथियार:** ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में दावा किया कि शी जिनपिंग ने उन्हें आश्वासन दिया है कि चीन, ईरान को कोई भी सैन्य उपकरण या हथियार सप्लाई नहीं करेगा।

**शी जिनपिंग का अमेरिकी दौरा:** राष्ट्रपति ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## पेट्रोल-डीजल 3 रुपए महंगा

**नई दिल्ली / ए.।** पेट्रोल-डीजल में 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। प्रमुख शहरों में सीएनजी भी 2 रुपए प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है। विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की है। सरकार पर बढ़ती महंगाई और आर्थिक दबाव के बीच आम लोगों पर बोझ बढ़ाने का आरोप लगाया है। इस बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि 'महंगाई मैन' मोदी ने आज फिर जनता पर हंटर चलाया है। चुनाव खत्म हो गए हैं, मोदी की वसूली शुरू हो गई है। वहीं सपा के अखिलेश यादव ने एक कार्टून शेयर करते हुए लिखा कि हमने तो पहले ही कहा था कि साइकिल से बेहतर कुछ नहीं है।

### पेट्रोलियम की कमी नहीं अफवाहों पर ना दें ध्यान

**रायपुर/नवप्रदेश।** वैश्विक परिस्थितियों के बीच देशभर में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेशवासियों को राहत भरी जानकारी दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट किया है कि, राज्य में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और ईंधन आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। लोगों से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के मुताबिक ही ईंधन खरीदें। घबराए बिल्कुल नहीं।

### मोदी सरकार निर्मित है देश का ईंधन संकट: खरगे

**नयी दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में उत्पन्न ईंधन समस्या को मोदी सरकार निर्मित संकट करार दिया और कहा कि इसके लिए सरकार में बैठे लोगों में दूरदर्शिता का अभाव तथा उनकी अक्षमता जिम्मेदार है। श्री खरगे ने शुक्रवार को यहां कहा कि देश की जनता को यह समझना होगा कि वैश्विक ईंधन संकट के साथ-साथ भारत में आर्थिक संकट की बड़ी वजह मोदी सरकार में नेतृत्व संकट,

दूरदर्शी सोच का अभाव और अयोग्यता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संकट का खामियाजा जनता को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़े दामों के रूप में अपनी जेब से भुगतना पड़ रहा है।

### महासमुंद में बेटे की मौत, पिता झुलसे, मकान जला, 4 दिन ऐसा ही मौसम

**रायपुर/नवप्रदेश।** महासमुंद जिले में आकाशीय बिजली गिरने की 2 घटनाएं सामने आई हैं। तुमगांव थाना क्षेत्र में खेत की रखवाली के दौरान मचान पर सो रहे पिता-बेटे पर बिजली गिर गई, जिसमें बेटे की मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं कोमाखान क्षेत्र में बिजली गिरने से एक मकान में आग लग गई, जिससे लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। इसके अलावा बिलासपुर में भी बिजली की चपेट में आने से पिता-बेटी घायल हुए हैं। छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। रायपुर में शुक्रवार सुबह गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई, जबकि धमतरी में धूलभरी आंधी चली। कई जगह पेड़ सड़क पर गिर गए और कुछ इलाकों में बिजली गुल रही। वहीं दुर्ग जिले के अंडा गांव से एक वीडियो सामने आया है।

**बिलासपुर हाईकोर्ट**

## सिर्फ चुप्पी से आरोपी दोषी नहीं हो जाएगा, उम्रकैद की सजा रद्द

### ■ धारा 106 पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 106 को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि केवल आरोपी के चुप रहने या संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं देने भर से उसे दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

कोर्ट ने कहा कि पहले अभियोजन पक्ष को आरोपी के खिलाफ सभी जरूरी तथ्य और परिस्थितियां ठोस रूप से साबित करनी होंगी, उसके बाद ही धारा

106 के तहत आरोपी से जवाब की अपेक्षा की जा सकती है। इस महत्वपूर्ण टिप्पणी के साथ हाईकोर्ट ने हत्या के एक मामले में सुनाई गई उम्रकैद की सजा को निरस्त करते हुए आरोपी को बरी कर दिया।

**ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए सुनाई थी उम्रकैद की सजा:** ■ शेष पृष्ठ 8 पर

**सुप्रीम कोर्ट**

## बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसे यही सिस्टम पर हमला करते हैं

**नई दिल्ली/ए.।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान देश के बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच कहा। उन्होंने कहा- कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसे होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या आरटीआई एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करने लगते हैं।

सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने शुक्रवार को एक वकील की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उसने सीनियर एडवोकेट का दर्जा पाने मांग की थी। बेंच ने वकील को फटकार लगाते हुए कहा- समाज में पहले से ही पैरासाइट

(परजीवी) हैं, जो सिस्टम पर हमला करते हैं। बेंच ने कहा कि दुनिया में हर कोई सीनियर बनने के योग्य हो सकता है, लेकिन आप इसके हकदार नहीं हैं। अगर आपको दिल्ली हाईकोर्ट ने सीनियर एडवोकेट बना भी दिया, तो सुप्रीम कोर्ट आपके व्यवहार को देखते हुए उस फैसले को रद्द कर देगा।

**मध्य प्रदेश हाईकोर्ट**

## धार के भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना, अयोध्या केस को बनाया आधार

### ■ अयोध्या केस को फैसले का आधार बनाया, मुस्लिमों को नमाज की इजाजत देने का आदेश खारिज

**इंदौर/धार/नवप्रदेश।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने धार की भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना है। शुक्रवार को दिए फैसले में हाईकोर्ट ने कहा- हमने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की सर्वे रिपोर्ट पर विचार किया है। एएसआई एक्ट के प्रावधानों के साथ-साथ अयोध्या मामले को भी आधार माना। बार एंड बेंच के मुताबिक, हाईकोर्ट ने कहा- ऐतिहासिक और संरक्षित जगह ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट दिलाने प्रहरी ने लिए 50 हजार, सस्पेंड

**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ उप जेल के प्रहरी ने 50 हजार की रिश्वत ली है। जेल में बंद मर्डर के आरोपियों को वीआईपी ट्रीटमेंट देने के मकसद से प्रहरी संतोष तिवारी ने उनके परिवार वालों से 1 लाख 30 हजार रुपए मांगे थे। पैसे लेने वह घर पहुंचा था, जहां परिजनों को उसने राधे-राधे कहा, फिर पैसे लेकर निकल गया। परिवार के ही किसी सदस्य ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। आरोप है कि, पैसे न देने पर आरोपियों को प्रताड़ित करने की धमकी भी दी गई थी। वीडियो नवंबर 2025 का बताया जा रहा है। वायरल होने के बाद जेल सुपरिटेंडेंट ने प्रहरी को सस्पेंड कर अंबिकापुर अटैच किया है।

**गरमा-गरम**

नीट (यूजी) 2026 : एनटीए ने जारी की डेट, देशभर के 22 लाख स्टूडेंट्स होंगे शामिल

# पेपर लीक विवाद के बीच 21 जून को दोबारा होगी परीक्षा

### ■ पीपर लीक मामले की सीबीआई कर रही है जांच

**नई दिल्ली/वार्ता।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पेपर लीक विवाद के बाद नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द कर दी है। अब यह परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में एनटीए ने शुक्रवार को घोषणा की कि नई परीक्षा 21 जून को होगी। यह फैसला भारत सरकार की मंजूरी के बाद लिया गया है। इस फैसले से देशभर के करीब 22 लाख छात्रों और उनके अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है, जो पिछले कई दिनों से अनिश्चितता में थे।

### 3 मई को आयोजित परीक्षा में पेपर लीक और गड़बड़ी का खुलासा हुआ

ज्ञात हो, 3 मई 2026 को आयोजित हुई नीट यूजी परीक्षा में बड़े पैमाने पर पेपर लीक और गड़बड़ी के आरोप सामने आए थे। शुरुआती जांच में परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठे। इसी के बाद परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया गया और अब इसे नए सिरे से आयोजित करने की तैयारी है। पूरे मामले की जांच अब केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी गई है। सीबीआई इस बात की जांच कर रही है कि पेपर लीक के पीछे कौन सा नेटवर्क या सिंडिकेट सक्रिय था और इसमें कौन-कौन शामिल है। वहीं एनटीए ने छात्रों को आश्वासन दिया है कि नई परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित की जाएगी।

### सोशल मीडिया में एनटीए ने दिया आधिकारिक बयान

एनटीए ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर पोस्ट करते हुए बताया, नीट (यूजी) 2026 – परीक्षा तिथि की घोषणा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने भारत सरकार की स्वीकृति से नीट (यूजी) 2026 की परीक्षा को दोबारा 21 जून 2026 को आयोजित करने का निर्णय लिया है। एजेंसी ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें और किसी भी अफवाह से बचें। एनटीए ने संपर्क नंबर भी जारी किए हैं: 011-40759000 और 011-69227700।

## 40 डिसमिल जमीन के लिए 4 का मर्डर, आरोपी गिरफ्तार

### ■ बेटे ने सोते वक्त माता-पिता, भतीजे-भतीजी को कुल्हाड़ी से काटा, जमीन का पैसा लेना चाहता था

**जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में 40 डिसमिल जमीन के लिए माता-पिता और भतीजे-भतीजी को कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने पिता और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम भंवतरा का है।

जांच में सामने आया है कि सोनसाय कश्यप 16-17 साल पहले अपने सगे छोटे भाई



पुनाउराम की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट चुका है। पेशे से किसान पिता मेदनीराम (70) ने ही उसे जेल से बाहर लाने जमीन बेचकर पैसे खर्च किए थे। पिता 40 डिसमिल जमीन 8 लाख में बेचकर मकान बना रहा था। सोनसाय चाहता था कि यह पैसा उसे मिले, इसलिए उसने हत्या की साजिश रची।

# नामांकन रैली में शक्ति प्रदर्शन, रामकृष्ण तिवारी ने भरा नामांकन

■ **कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रत्याशी, उप-चुनाव में जीत का दावा**

**जगदलपुर। नव प्रदेश ।** नगर निगम उपचुनाव के तहत कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में राजीव भवन से कलेक्ट्रेट तक भव्य रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और सेवादल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। हाथों में पार्टी के झंडे और नारों के बीच कांग्रेसजनों ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए प्रत्याशी का उत्साहवर्धन किया।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर रामकृष्ण तिवारी ने वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि उपचुनाव में पार्टी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस हमेशा विकास,जनसेवा और सामाजिक न्याय की राजनीति करती रही है। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में सड़क, पानी,सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता उपचुनाव में इसका जवाब देगी।

कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी ने कहा कि क्षेत्रवासियों का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है और वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाकर उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करेंगे। उन्होंने महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा, जनसुनवाई और वार्ड के समग्र विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। प्रत्याशी ने पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह चुनाव केवल उनका नहीं, बल्कि वार्ड के विकास की सोच रखने वाले हर नागरिक का चुनाव है। इस दौरान कनीज फातिमा, उमाशंकर शुक्ला, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, मिथलेश स्वर्णकार, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, रामशंकर राव, हनुमान द्विवेदी, अभिषेक नायडू, जाहिद हुसैन, सुनीता सिंह, सुषमा सुता, अनुराग महतो, निकेत राज झा, विशाल खंबारी, रोजवीन दास, राजेंद्र पटवा, हेमू उपाध्याय, अब्दुल सईद, ललिता राव, अंजना नाग और शहनाज बेगम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**रैली के जरिए कांग्रेस ने दिखाया संगठनात्मक दम**

उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने नामांकन रैली के माध्यम से अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। राजीव भवन से निकली रैली में युवाओं और महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कांग्रेस नेताओं ने इसे जनता के समर्थन का संकेत बताते हुए वार्ड में विकास और जनसरोकारों के मुद्दों को चुनाव का मुख्य आधार बताया। पार्टी नेताओं का कहना है कि उपचुनाव में जनता बदलाव और विकास के पक्ष में मतदान करेगी।

# राष्ट्र एवं धर्म सेवा के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान

**जगदलपुर। नव प्रदेश ।** बजरंग दल के प्रांत संयोजक शुभम नाग के एक दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान गुरुवार को जगदलपुर स्थित सीताराम शिवालय में संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत संगठन की परंपरा अनुसार दीप प्रज्ज्वलन, ब्रह्मनाद एवं विजय महामंत्र के साथ हुई। अपने उद्बोधन में शुभम नाग ने युवाओं से संगठन से जुड़कर राष्ट्र एवं धर्म सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बजरंग दल सेवा, सुरक्षा और संस्कार के ध्येय वाक्य पर कार्य करता है तथा हिंदू समाज के सम्मान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने साप्ताहिक मिलन केंद्रों को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे हिंदू समाज को संगठित करने के साथ मठ-मंदिरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।बैठक में बस्तर क्षेत्र में अवैध धर्मांतरण और कथित अवैध कफन-दफन के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बस्तर देवी-देवताओं और आदिवासी संस्कृति की पवित्र भूमि है तथा यहां की परंपराओं और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता है। संगठन पदाधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन की बात कहते हुए समाज में शांति एवं जागरूकता बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक के दौरान संगठन की आगामी कार्ययोजना, विस्तार अभियान और रायपुर में आयोजित होने वाले बजरंग दल प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप ने आदिवासी समाज को जागरूक करने की आवश्यकता बताई, जबकि जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहने का आह्वान किया। बैठक में जिला धर्म प्रसार प्रमुख देवेंद्र कश्यप, जिला संयोजक विष्णु ठाकुर, सह संयोजक योगेश रैली, नगर संयोजक जगदीश ठाकुर, सह संयोजक अजय सिंह, गौ रक्षा प्रमुख शत्रुघ्न कश्यप सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आरएसएस की प्रयोगशाला बना विश्वविद्यालय? एनएसयूआई ने किया कुलपति का पुतला दहन

**जगदलपुर। नव प्रदेश।** विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में एबीवीपी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री की मौजूदगी में आयोजित बैठक को लेकर छात्र राजनीति गरमा गई है। इस मुद्दे पर एनएसयूआई ने कुलपति प्रो मनोज श्रीवास्तव के खिलाफमोर्चा खोलते हुए बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कुलपति का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया और आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय को लगातार संघ एवं आरएसएस से जुड़े कार्यक्रमों का केंद्र बनाया जा रहा है।एनएसयूआई नेताओं ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन एक विशेष विचारधारा और छात्र संगठन को संरक्षण दे रहा है,जबकि छात्रों की मूल समस्याएं लगातार उपेक्षित हैं। संगठन का कहना है कि परीक्षा, परिणाम, छात्रवृत्ति और रोजगार जैसे मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय प्रशासन वैचारिक कार्यक्रमों को बढ़ावा दे रहा है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से निष्पक्षता बनाए रखने और शिक्षा संस्थान की गरिमा बनाए रखने की मांग की।विश्वविद्यालय शिक्षा और शोध का केंद्र होना चाहिए,लेकिन कुलपति प्रो मनोज श्रीवास्तव लगातार संघ और आरएसएस से जुड़े कार्यक्रमों के लिए मंच उपलब्ध करा रहे हैं। प्रशासनिक भवन में एबीवीपी के बैनर तले बैठक आयोजित होना दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि यही स्थिति रही तो एनएसयूआई छात्र हितों को लेकर उग्र आंदोलन करेगी। वहीं संगठन ने कुलपति से यह भी स्पष्ट करने की मांग की कि विश्वविद्यालय संविधान और शिक्षा के मूल्यों के अनुरूप संचालित होगा या किसी विशेष संगठन के एजेंडे पर।इस दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल खंबारी,प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया, विश्वविद्यालय अध्यक्ष पंकज केवट, छात्र नेता नुरेंद्र साहू, महाविद्यालय अध्यक्ष हंशु नाग, ब्लॉक अध्यक्ष कर्तव्य आचार्य, जिला महासचिव दीपेश पांडेय, मनीष कश्यप,तनमय चौहान, दक्ष साहू,समीर कुमार,अमन चंदेल, किस्सू बघेल, देवांश दास, रेहान रिज़वी, लीलाधर गजेंद्र, यश ध्रुव, सचिन पांडेय एवं नितेश चंदेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यशैली में बदलाव नहीं हुआ तो छात्र हितों को लेकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संगठन ने आरोप लगाया कि शिक्षा संस्थान को वैचारिक गतिविधियों का मंच बनाया जा रहा है, जिससे विश्वविद्यालय की निष्पक्ष छवि प्रभावित हो रही है।

पेट्रोल-डीजल भगवाने फ्यूल स्टेशनों में बढ़ी भीड़, आपूर्ति बाधित होने से आम जनता परेशान, कांग्रेसी ने जताया विरोध

# बस्तर में पेट्रोल-डीजल संकट पर युकां का प्रदर्शन

**मोदी है तो मुमकिन है की तख्तियां लेकर विरोध, केंद्र सरकार की गलत नीतियों को बताया जिम्मेदार**

**जगदलपुर। नव प्रदेश।** पेट्रोल एवं डीजल की बाधित आपूर्ति को लेकर बस्तर जिला युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को शहर के पेट्रोल पंप के सामने अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने हाथों में ÷मोदी है तो मुमकिन है÷ लिखी तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ सांकेतिक विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल की कमी से आम नागरिकों,किसानों, व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेट्रोल पंपों में लंबी कतारें लग रही हैं और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने इसे केंद्र सरकार की गलत नीतियों और अव्यवस्थित प्रबंधन का परिणाम बताया।

युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पहले से महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए ईंधन संकट ने स्थिति और गंभीर बना दी है। संगठन ने केंद्र सरकार से तत्काल पेट्रोल-डीजल की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने और आम जनता को राहत देने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा, जिला कांग्रेस महामंत्री अमरनाथ सिंह, जाहिद हुसैन,सुनीता सिंह,अनुराग महतो,नीतीश शर्मा,राजेंद्र पटवा,रविशंकर तिवारी,आदर्श दलाई,शादाब अहमद,पार्षद शुभम यदु,लोकेश चौधरी,हेमंत कश्यप,ब्लाक अध्यक्ष रजत जोशी, उपाध्यक्ष लव मिश्रा,आकिब राजा,वैभव नेताम,अंकित सिंह, एम ज्योति राव,ऋतिका कर्मा,इंदर झझ,मोहसिन खान, शंकर सेन,जोगेंद्र सिंह,अमित मिश्रा एवं यश सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**ईंधन संकट को लेकर बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी**

जगदलपुर में पेट्रोल-डीजल की बाधित आपूर्ति को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर अव्यवस्थित आपूर्ति और महंगाई को लेकर निशाना साध रहा है। युवा कांग्रेस ने इसे आम जनता से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताते हुए चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## अब हालात आपदा जैसे, पेट्रोल-डीजल संकट पर सुब्रतो विश्वास की चेतावनी

**जगदलपुर। नव प्रदेश।** नव प्रदेश पेट्रोल और डीजल की बढ़ती किल्लत को लेकर सामाजिक चिंतक सुब्रतो विश्वास ने गंभीर चिंता जताते हुए इसे आपदा जैसी स्थिति बताया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब भारत की अर्थव्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें और बाधित आपूर्ति आम लोगों में भय और असमंजस की स्थिति पैदा कर रही है।

सुब्रतो विश्वास ने कहा कि अब केवल इंतजार करने से काम नहीं चलेगा,बल्कि सरकार को व्यापक और व्यावहारिक नियम बनाने होंगे ताकि आवश्यक सेवाएं और जरूरी कार्य प्रभावित न हों। उन्होंने सुझाव दिया कि निर्माण कार्यों के लिए अलग नीति बनाई जाए तथा रेत, गिट्टी, मिट्टी-मुरुम जैसी सामग्रियों की ढुलाई पर अस्थायी रोक लगाकर डीजल की खपत कम की जा सकती है।उन्होंने कहा कि उद्योगों और कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए सामूहिक परिवहन व्यवस्था लागू की जानी चाहिए ताकि व्यक्तिगत वाहनों की खपत कम हो। साथ ही एम्बुलेंस और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डीजल का रिजर्व कोटा सुरक्षित रखा जाना आवश्यक है।

सुब्रतो विश्वास ने कृषि क्षेत्र को सबसे संवेदनशील बताते हुए कहा कि खेतों में फसल तैयार है और उसकी कटाई तथा ढुलाई के लिए डीजल की निरंतर उपलब्धता जरूरी है। यदि खेती-किसानी प्रभावित हुई तो खाद्यान्न संकट और महंगाई दोनों तेजी से बढ़ सकते हैं। उन्होंने खाद्यान्न उद्योगों और आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई करने वाले वाहनों को नियमित ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी की।

उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़े तो ईंधन के दाम बढ़ सकते हैं, लेकिन आवश्यक सेवाओं और जरूरी कार्यों के लिए पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता हर हाल में बनी रहनी चाहिए। साथ ही आम लोगों से भी कुछ समय तक गैरजरूरी घूमना-फिरना और निजी वाहनों का उपयोग कम करने की अपील की गई ताकि आवश्यक क्षेत्रों के लिए ईंधन बचाया जा सके।

**ईंधन संकट ने बढ़ाई आर्थिक चिंता**

पेट्रोल-डीजल की बाधित आपूर्ति का असर अब आम जनजीवन से लेकर उद्योग, परिवहन और कृषि क्षेत्र तक दिखाई देने लगा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यति नियंत्रित खपत की नीति नहीं ? वैकल्पिक व्यवस्था और ई, तो आने वाले दिनों में महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ सकता है।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर पब्लिक वॉइस का हमला, जांच नहीं, अब कार्रवाई चाहिए

■ **मुख्यमंत्री के बयान के बाद भी अभिभावकों को राहत नहीं मिलने का आरोप**

**जगदलपुर। नव प्रदेश ।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर एक बार फिर अभिभावकों की परेशानी बढ़ती नजर आ रही है। मुख्यमंत्री द्वारा निजी स्कूलों पर नियंत्रण के संकेत दिए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने रहने का आरोप लगाते हुए पब्लिक वॉइस ने शासन-प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं।

संगठन ने कहा कि केवल बैठकों और जांच की औपचारिकता से अभिभावकों को राहत मिलने वाली नहीं है, बल्कि अब सख्त और प्रभावी कार्रवाई की जरूरत है।पब्लिक वॉइस के प्रमुख रोहित सिंह आर्य ने कहा कि हर वर्ष निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जांच और बैठकों का दौर चलता है, लेकिन कुछ समय बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनमानी फीस, महंगी यूनिफॉर्म, किताबों और ट्रांसपोर्ट शुल्क के जरिए अभिभावकों पर लगातार आर्थिक दबाव बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अभिभावक मजबूरी और दबाव में फीस जमा कर रहे हैं, लेकिन उनके भीतर आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। यदि समय रहते इस स्थिति पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया तो यह व्यापक जनभावना का रूप ले सकती है।

पब्लिक वॉइस ने प्रशासन से मांग की कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सभी निजी स्कूलों की निगरानी कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।रोहित सिंह आर्य ने यह भी मांग उठाई कि जिन अभिभावकों से अनुचित और अत्यधिक शुल्क वसूला गया है, उन्हें राहत देने के लिए रिफंड या शुल्क समायोजन की व्यवस्था लागू की जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आम जनता के साथ न्याय का विषय है। पब्लिक वॉइस प्रमुख रोहित सिंह आर्य ने कहा कि यदि इस बार भी केवल औपचारिक कार्रवाई कर मामले को टाल दिया गया, तो जनता का विश्वास व्यवस्था से पूरी तरह उठ जाएगा।

**शिक्षा:** अभिभावकों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर किया मंथन

# काकतीय पीजी कॉलेज में पेरेंट्स-टीचर मीट 2026 आयोजित

■ **संवाद, सहयोग और संवेदनशीलता को शिक्षा का आधार बताया**

**जगदलपुर। नव प्रदेश।** शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज में आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ÷पेरेंट्स-टीचर मीट 2026÷ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों के अभिभावकों की उपस्थिति में शिक्षा, अनुशासन और विद्यार्थियों के समग्र विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से महाविद्यालय से जुड़े सुझाव एवं समस्याएं साझा करने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों के हित में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।एलएलबी के एक छात्र के अभिभावक विक्रम शर्मा ने अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा दी। पूर्व छात्रा एवं एलएलबी छात्रा दुर्गा की बहन सोजो महानंद ने शिक्षकों की सहयोगात्मक भूमिका की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को छात्र जीवन का सकारात्मक रूप से आनंद लेने की सलाह दी। वहीं किरण गुप्ता ने विवाहित विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार की आवश्यकता पर बल दिया। कॉमर्स के छात्र के भाई प्रत्युष ने शिक्षकों द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुशील कुमार दत्ता ने कहा कि खुला और उदार वातावरण ही वास्तविक ज्ञान का आधार होता है। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ बिना श्रेष्ठताबोध के व्यवहार करने की सलाह देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के कल्याण के बारे में सोचना शिक्षक का दायित्व है। कार्यक्रम के अंत में आईक्यूएसी समन्वयक विमल कुमार रात्रे ने नैक संबंधी जानकारी दी तथा अभिभावकों को महाविद्यालय के आईकेएस केंद्र का भ्रमण कराया।

**संवाद से मजबूत होंगे शिक्षक-अभिभावक संबंध**

पेरेंट्स-टीचर मीट के माध्यम से महाविद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के व्यवहार, अनुशासन, अध्ययन वातावरण और मानसिक विकास जैसे विषयों पर चर्चा हुई। महाविद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि अभिभावकों की सहभागिता से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा मिलेगी।

# अंजुमन इस्लामिया कमेटी को वक्फ बोर्ड ने बनाया बंधक: आम मुस्लिम समाज

■ **17 माह बाद भी नहीं हुए चुनाव, समाज में बढ़ा आक्रोश**

**जगदलपुर/ नवप्रदेश।** नव प्रदेश जगदलपुर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के चुनाव कराने की मांग को लेकर आम मुस्लिम सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने पत्रकार भवन में प्रेस वार्ता आयोजित कर छत्तीसगढ़ सरकार और वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव सै से हस्तक्षेप कर निष्पक्ष चुनाव कराने के निर्देश जारी करने की मांग की।

**तीन माह का वादा, 17 माह से एडहॉक कमेटी का संचालन:** प्रेस वार्ता में प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने लगभग 17 माह पहले अंजुमन इस्लामिया कमेटी के निष्पक्ष चुनाव के लिए एक चुनाव संचालन समिति गठित की थी। समिति को तीन माह के भीतर चुनाव संपन्न कराने का निर्देश दिया गया था, लेकिन नगर निगम चुनाव की आचार संहिता और ईद-उल-फित्तर के कारण समय सीमा बढ़ाई गई। बाद वक्फ बोर्ड ने चुनाव संचालन समिति को एडहॉक 6 का दर्जा देते हुए कमेटी संचालन की जिम्मेदारी सौंप दी, जो आज तक जारी है। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि चुनाव कराने के नाम पर जगदलपुर की जमात को गुमराह किया गया और वक्फबोर्ड ने प्रशासनिक कमेटी बैठाकर अंजुमन इस्लामिया कमेटी को ÷बंधक÷ बना दिया है। उनका कहना है कि चुनाव की मांग पर वक्फ बोर्ड लगातार खामोश बना हुआ है, जिससे समाज में असंतोष बढ़ रहा है। प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगामी बस्तर दौरे के दौरान उन्हें ज्ञापन सौंपकर वक्फबोर्ड की कार्यशैली की शिकायत भी की जाएगी। समाज की ओर से जियाउल हक, असद रजा,शेख शाहिद अली, एसके हसन राजा, जावेद खान,समीर खान और सद्दाम रजा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एमसीबी में असर्वेक्षित जमीनों का होगा भू-सर्वेक्षण, नई लेदरी, झगराखांड समेत कई क्षेत्रों के अपडेट होंगे रिकॉर्ड

## कलेक्टर ने जारी की अधिसूचना, विभागीय टीम करेगी सीमांकन

### रिकॉर्ड डिजिटलीकरण और पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम

*मनेंद्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। जिले में भूमि अभिलेखों को व्यवस्थित करने और राजस्व व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक बड़ा निर्णय लिया है।*

मनेंद्रगढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाले विभिन्न असर्वेक्षित क्षेत्रों में जल्द ही भू-सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा द्वारा इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है।

**इन क्षेत्रों में होगा विशेष सर्वेक्षण**

जारी आदेश के अनुसार, छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के तहत मनेंद्रगढ़ पटवारी हल्का नंबर 16 के ग्राम नई लेदरी और पटवारी हल्का नंबर 15 के ग्राम तेंदूडांड, गिद्धडांड, झगराखांड सहित हसदेव नदी की सीमा के मध्य स्थित असर्वेक्षित भूमि का विस्तृत सर्वेक्षण किया जाएगा।

**विभागीय दल का गठन मौके पर होगा सत्यापन**

प्रशासन ने इस कार्य के लिए एक विशेष सर्वेक्षण दल का गठन किया है। यह टीम प्रभावित क्षेत्रों में जाकर निम्नलिखित तकनीकी कार्य संपादित करेगी: भूमि का वास्तविक सीमांकन और माप। मौजूदा अभिलेखों का भौतिक सत्यापन। असर्वेक्षित भूमि का नया रिकॉर्ड तैयार करना।

> सर्वेक्षण कार्य की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट और स्थानीय माध्यमों से साझा की जाएगी। प्रभावित क्षेत्र के नागरिक आवश्यक दस्तावेजों के साथ इस प्रक्रिया में सहयोग करें ताकि त्रुटिहीन रिकॉर्ड तैयार किया जा सके।
>
> - प्रशासनिक संदेश, जिला एमसीबी

**विवादों का होगा निपटारा, बढ़ेगी पारदर्शिता**

राजस्व अधिकारियों के अनुसार, इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य भूमि संबंधी विवादों का स्थायी निराकरण करना और रिकॉर्ड का शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण सुनिश्चित करना है। व्यवस्थित रिकॉर्ड तैयार होने से न केवल आम नागरिकों को अपनी जमीन के दस्तावेजों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी। प्रशासन ने अपील की है कि संबंधित क्षेत्रों के लोग अपने पास उपलब्ध भूमि संबंधी दस्तावेज तैयार रखें। सर्वेक्षण के दौरान राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर जमीन की वास्तविक स्थिति का परीक्षण करेगी। इस पहल से भविष्य में भूमि हस्तांतरण और नामांतरण जैसी प्रक्रियाएं अधिक सरल और पारदर्शी हो जाएंगी।

## न्यूज गैलरी

### शिक्षा गुणवत्ता पर कलेक्टर सख्त 18 शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त वापस भेजे गए मूल स्कूल

**मनेंद्रगढ़/चिरमिरी/भरतपुर/नवप्रदेश।** जिले में शिक्षा के गिरते स्तर और बोर्ड परीक्षाओं के निराशाजनक परिणामों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संतन देवी जांगड़े ने एक बड़ा सुधारात्मक कदम उठाया है। कलेक्टर ने जिले के विभिन्न कार्यालयों और गैर-शिक्षकीय कार्यों में संलग्न 18 शिक्षकों के संलग्नीकरण को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर उन्हें उनके मूल पदस्थापना स्थलों पर कार्यभार ग्रहण करने का आदेश जारी किया है।

पिछड़ने का दंश: अंतिम पायदान से शिखर की ओर ले जाने की कोशिश

छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में एमसीबी जिला शिक्षा के मानकों पर वर्तमान में अंतिम स्थान (33वें नंबर) पर है। वर्ष 2025-26 के परीक्षा परिणामों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पाया कि स्कूलों में शिक्षकों की कमी और प्रतिनियुक्ति/संलग्नीकरण के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई का भारी नुकसान हो रहा है। जिले की कमान संभालते ही कलेक्टर जांगड़े ने स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इन शिक्षकों की हुई घर वापसी

आदेश के तहत व्याख्याता, शिक्षक और प्रधानपाठकों को वापस भेजा गया है, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं: **व्याख्याता:** पारसमणि (कन्या उमावि मनेंद्रगढ़), टी. विजय गोपाल राव, मनीषा तिवारी (हाई स्कूल छिपछिपी), जशवंत कुमार, विनोद पाण्डेय। **शिक्षक:** गणेश प्रसाद यादव, सूर्योदय सिंह, कलेश्वर पैकरा, खुशबू दास, विरेंद्र पाण्डेय, उमेश पाण्डेय, अनिल पटेल, विजय पाण्डेय। **प्रधानपाठक:** आदर्शनाथ तिवारी (प्राशा डोंगरिटोला), सुजीत साहू (प्राशा लकरापारा)। **अन्य:** व्यायाम शिक्षक रणधीर ठाकुर, सहायक शिक्षक सुशील शर्मा एवं राजकुमार नामदेव।

जिले को शिक्षा की रैंकिंग में ऊपर लाना लक्ष्य: कलेक्टर

कलेक्टर, जिला एमसीबी संतन देवी जांगड़े ने कहा कि हमारा लक्ष्य जिले को शिक्षा की रैंकिंग में ऊपर लाना है। स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य है। किसी भी शिक्षक को कार्यालयीन कार्यों के लिए स्कूलों से बाहर नहीं रखा जाएगा।

### अम्बिकापुर में आज एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का होगा आयोजन

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (रूस्र्स्ध) को प्रोत्साहित करने तथा उद्यमियों तक बैंकिंग ऋण सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से 16 मई 2026 को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के समन्वय से एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन अम्बिकापुर के लाइवलीहुड कॉलेज में किया जाएगा। जिले के लीड बैंक प्रबंधक ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों, निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं, स्वास्थ्य संस्थानों, होटल व्यवसायियों एवं उद्यमियों को विभिन्न ऋण योजनाओं एवं वित्तीय सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना है। जिले के समस्त उद्यमियों, व्यवसायियों एवं स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को कार्यक्रम में सहभागिता कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### 292 सहकारी समितियों के परिसमापन की प्रक्रिया शुरू, दावा-आपत्ति 21 तक

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता अंबिकापुर द्वारा जिले की परिसमापनाधीन सहकारी समितियों को लेकर सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार कार्यालयीन कर्मचारियों को विभिन्न सहकारी समितियों का परिसमापक नियुक्त किया गया है। इसमें कहा गया है कि संबंधित समितियों से लेनदारी अथवा देनदारी के संबंध में दावा-आपत्ति रखने वाले व्यक्ति आवश्यक दस्तावेजों सहित 21 मई 2026 तक कार्यालयीन समय में उप आयुक्त सहकारिता कार्यालय, कक्ष क्रमांक-59, कलेक्टर परिसर अंबिकापुर में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। विभाग द्वारा 28 मई 2026 को विशेष आमसभा आयोजित की जाएगी। इस बैठक में समितियों के परिसमापन एवं पंजीयन निरस्तीकरण से जुड़े विषयों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। कुल 292 समितियों की सूची जिला सरगुजा की वेबसाइट www.surguja.gov.in पर अपलोड की गई है तथा कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा की गई है।

### नपं लखनपुर में एक वार्ड जनसमस्या निवारण शिविरों का होगा आयोजन

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** 'सुशासन तिहार-2026' अंतर्गत 15 मई को जिले के ग्रामीण क्षेत्र में एक एवं नगरीय क्षेत्र में दो जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होंगे। विकासखण्ड सीतापुर में शिविर स्थल मूरता (पंचायत भवन के पास) में शिविर लगेगा। जिसमें 16 ग्राम पंचायतों आमाटोली, एरण्ड, बगडोली, भवराडांड, बमलाया, भुसु, देवगढ़, ढ़ेकीडोली, ढेलसरा, खाड़ादोरना, मूरता, नावापारा, रायकेरा, रजपुरी, सहनपुर, सोनतराई के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सीतापुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीतापुर होंगे। इसी प्रकार नगर पालिक निगम अम्बिकापुर में शिविर स्थल कुशाभाऊ ठाकरे भवन लोकनायक जयप्रकाश वार्ड क्रमांक 30 अम्बिकापुर में 07 वार्डों हेतु शिविर होगा।

कुटुंब न्यायालय भवन और आवासीय कॉलोनी का हुआ शिलान्यास

# आधुनिक अधोसंरचना से मजबूत होगी न्याय व्यवस्था: सीजे सिन्हा

*मनेंद्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री रमेश सिन्हा ने शुक्रवार को मनेंद्रगढ़ जिले की न्यायिक अधोसंरचना को विस्तार देते हुए दो बड़ी परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इस दौरान सिविल कोर्ट परिसर मनेंद्रगढ़ में कुटुंब न्यायालय के नवीन भवन और जनकपुर में न्यायिक कर्मचारियों के लिए आवासीय कॉलोनी की आधारशिला रखी गई।*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने कहा कि राज्य के सभी न्यायिक जिलों को आधुनिक सुविधाओं और बेहतर अधोसंरचना से सुसज्जित करना उच्च न्यायालय की प्राथमिकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, 'न्याय वितरण प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण भवन और कर्मचारियों के लिए सुविधायुक्त आवास अनिवार्य हैं। इससे न केवल कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि आम जनता को सहज और सम्मानजनक न्यायिक वातावरण भी मिलेगा।

जनकपुर में कर्मचारियों के लिए बनेंगे आधुनिक आवास

जनकपुर में निर्मित होने वाली आवासीय कॉलोनी को दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत न्यायिक कर्मचारियों के लिए एक बड़ा सहारा माना जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, आवास की सुविधा मिलने से कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और न्यायिक कार्यों के संचालन में और अधिक गति आएगी। मुख्य न्यायाधीश ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि इन निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू (पोर्टफोलियो न्यायाधीश, जिला कोरिया) विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सिविल जिला कोरिया के समस्त न्यायिक अधिकारी, कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, लोक निर्माण विभाग के अभियंता, जिला अधिवक्ता संघ मनेंद्रगढ़ एवं बैकुंठपुर के अध्यक्ष-सचिव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, पत्रकार और न्यायिक कर्मचारी मौजूद रहे।

### बैंक से पैसे निकाल रहे व्यक्ति की कार का कांच तोड़कर 4.25 लाख की चोरी

**जनकपुर/एमसीबी/नवप्रदेश।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले के जनकपुर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से पैसे निकालकर निकले एक व्यक्ति की कार का कांच तोड़कर अज्ञात चोरों ने 4.25 लाख रुपये पार कर दिए। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए तलाश तेज कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ध्रुव यादव (निवासी खिरकी, थाना कोतवाली) ने जनकपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक से 4,25,000 रुपये निकाले थे। रकम को उन्होंने अपनी कार की सामने वाली सीट पर रखा था। इसी दौरान घात लगाए बैठे आरोपियों ने कार का कांच तोड़कर पलक झपकते ही रुपयों से भरा बैग चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए।

**आरोपियों की हुई पहचान**

घटना की सूचना मिलते ही जनकपुर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों की पहचान की है। पिंटू यादव निवासी न्यूटोला, जुबलीगंज (बिहार)। सुमित सिसोदिया उर्फ बंदर निवासी भेलगांव, अनूपपुर (मध्य प्रदेश)। एमसीबी पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। पुलिस की टीमें बिहार और मध्य प्रदेश के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। हालांकि, आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। पुलिस प्रशासन ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई रकम बरामद कर ली जाएगी।

### परिवार न्यायालय की काउंसलिंग से टूटा रिश्ता फिर जुड़ा

**मुंगेली/नवप्रदेश।** नेशनल लोक अदालत में परिवार न्यायालय के समक्ष रखे गये प्रकरण में पति-पत्नि के मध्य राजीनामा करवाकर प्रकरण का निपटारा किया गया है। प्रकरण की आवेदिका एवं अनावेदक का विवाह वर्ष 2015 में संपन्न हुआ था। उनके विवाहित जीवन से उन्हें 03 संताने प्राप्त हुई। विवाह के पश्चात, पति की शराब पीने की आदत एवं अन्य महिला से संबंध होने के कारण पति का व्यवहार अपनी पत्नी एवं संतानों के प्रति क्रूरतापूर्ण हो गया एवं अंततः पति द्वारा पत्नी से झगड़ा कर, पत्नी व नाबालिग संतानों को घर से निकाल दिया गया। जिसके कारण से पत्नी अपने बच्चों सहित, अपने मायके जाकर रहने लगी। प्रकरण में परिवार न्यायालय के पीठासीन अधिकारी राजीव कुमार द्वारा पति एवं पत्नी के मध्य काउंसलिंग कर उन्हें पुराने विवादों को भुलकर जीवन को नये सिरे से शुरू करने के संबंध में एवं पति-पत्नि के रूप में साथ रहने के संबंध में समझाईश दी गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आये एवं उभयपक्षों की सहमति से प्रकरण का नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया।

### मुंगेली से अयोध्या रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था

**मुंगेली/नवप्रदेश।** अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु मुंगेली से श्रद्धालुओं का जत्था को श्रद्धा और उत्साह के माहौल में रवाना किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रद्धालुओं का स्वागत कर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सभापति पवन पांडेय एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं ने ÷जय श्रीराम÷ के जयघोष के साथ यात्रा प्रारंभ की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिनिधि लल्लू सिंह, जनपद पंचायत सीईओ संतोष कुमार घोषले सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अयोध्या में रामलला के दर्शन करना प्रत्येक श्रद्धालु के लिए आस्था, श्रद्धा और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने यात्रियों की सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद सभी श्रद्धालुओं पर बना रहे।

### उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने प्रशासन सक्रिय

**मुंगेली/नवप्रदेश।** खरीफ वर्ष 2026 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कृषि विभाग, क्षेत्रीय उर्वरक निर्माता एवं आपूर्तिकर्ता कंपनियों तथा जिले के थोक उर्वरक विक्रेताओं की संयुक्त बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने सभी उर्वरक आपूर्तिकर्ता कंपनियों एवं थोक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि जिले के फुटकर विक्रेताओं को बिना अतिरिक्त लदान शुल्क के उचित दर पर रासायनिक उर्वरकों की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि खरीफ सीजन में किसानों को खाद की कमी या अधिक कीमत जैसी समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय बनाकर कार्य करें।

### जिले में मिली दुर्लभ पांडुलिपियां, चौबे परिवार ने सहेजकर रखी थी पूर्वजों की धरोहर

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के जिला समिति के अध्यक्ष श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ एवं समिति के सदस्य सचिव विनय अग्रवाल के निर्देशन में जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के लिए 'ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण' अभियान जारी है।

जिसके अंतर्गत जिले में प्राचीन एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखना है। अभियान के तहत जिले में विभिन्न ऐतिहासिक पाण्डुलिपियों का संग्रहण कर उन्हें ज्ञानभारतम् पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है।इसी कड़ी में दरिमा तहसील के बरगंवा ग्राम में दो दुर्लभ पांडुलिपियां प्राप्त हुईं। पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के दौरान दरिमा तहसील के बरगंवा ग्राम में 72 वर्षीय श्री बाल कृष्ण चैबे के घर पांडुलिपियां मिली। उन्होंने पांडुलिपियों को अपने पूजाघर में बस्ते में बांधकर रखा था। पांडुलिपियों के दो बंडल में एक बंडल बन दुर्गा महामंत्र और दूसरा दुर्गा सप्तशती का था। उन्होंने बताया कि बन दुर्गा महामंत्र पांडुलिपि उनके छोटे दादा स्वर्गीय श्री देवदत्त शर्मा ने स्याही का प्रयोग कर 27 अगस्त 1932 में हाथ से लिखा था, यह छोटे पुस्तकनुमा आकार में है। वहीं दूसरा 183 पन्नों का दुर्गा सप्तशती पांडुलिपि लगभग वर्ष 1895-1896 में लिखा गया ही, जिसको लिखने वाले पूर्वज की जानकारी नहीं हैं।

शिविर: ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, विभिन्न विभागों ने लगाए सेवा स्टॉल

# लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने समाधान शिविर में योजनाओं की दी जानकारी

**लखनपुर/नवप्रदेश।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रदेश सरकार के मंशानुरूप राज्य व्यापी सुशासन तिहार चलाया जा रहा है। जिसका मकसद सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को सीधे जनता के द्वार तक पहुंचाना है। प्रदेश स्तर में 1 मई से 10 जून तक चलने वाला इस मुहिम में

शिविर का आयोजन किया जाकर आम जनता के मांग शिकायत का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आकांक्षी ब्लॉक लखनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ी में आज 13 मई 2026 बुधवार को लुन्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज के मुख्य आतिथ्य एवं जंप अध्यक्ष शशि कला सिंह उपाध्याय कामेश्वर राजवाड़े विशिष्ट अतिथियों के मौजूदगी में सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। भीष्म गर्मी के बाद आसपास के ग्रामीणो ने शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया मौके पर मांग शिक़ायत के दरखास पेश किये जिसका निपटारा शिविर में किया गया।

कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रबोध मिंज ने प्रदेश सरकार के कल्याण कारी योजनाओं की तफ़सील से जानकारी दी। उन्होंने समाधान शिविर में आवेदकों के मांग शिकायत पर त्वरित कार्यवाही होने की बात बताया ।

समाधान शिविर में विभिन्न विभागों को मांग शिकायत के कुल 355 दरखास्त प्राप्त हुए। जिसमें मांग के 335 तथा शिकायत के 20 आवेदन शामिल रहे। 12 आवेदनों का निपटान मौके पर ही किया गया। आंकड़े के मुताबिक लम्बित आवेदन पत्रो की संख्या 343 रही। जिन्हें निपटारे के लिए विभागो को सौपी गई है। प्राप्त आवेदनों पर नज़र डालें तो अल्पसंख्यक विभाग-0 आबकारी विभाग 0, उच्च शिक्षा विभाग- 0 उद्यान विभाग को मांग के 01शिकायत0 ऊर्जा विभाग (क्रेडा) - मांग 16 शिकायत 01 ऊर्जा विभाग (इलेक्ट्रिक) -मांग 36 शिकायत 02 कृषि विभाग मांग के 06 शिकायत 02 कौशल विकास तकनीकी शिक्षा रोजगार विभाग -0 खनिज साधन विभाग 0, खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग- मांग के 06 शिकायत 04 खेल और युवक कल्याण विभाग -0 , गृह विभाग 0 , ग्रामोद्योग विभाग 0, जल संसाधन विभाग मांग 01,

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग- 0 , पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग- मांग 120 शिकायत 01, परिवहन विभाग - 0 , पशुपालन विभाग- मांग 08 शिकायत 01, मछली पालन विभाग- 0 ,महिला एवं बाल विकास विभाग मांग 04, योजना आर्थिक और सांख्यिकी विभाग 0 ,राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मांग 59 शिकायत 03 लोक निर्माण विभाग मांग 01, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मांग 36 शिकायत 06, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा विभाग मांग 05, शिकायत 0 वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मांग 20 शिकायत 0 वाणिज्य उद्योग विभाग 0 विज्ञान प्राद्योगिकीविभग 0 श्रम श्रम विभाग मांग 01 शिकायत 0, संसदीय कार्य विभाग,0 समाज कल्याण विभाग 0, सहकारिता विभाग -0 सामान्य प्रशासन -0 को कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुये। इस शिविर में आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड बनाया गया। टीबी मुक्त सरगुजा के मकसद से टीबी जांच की गई बिहान बाज़ार के तहत आकांक्षा हाट का आयोजन किया गया।

## सुविचार

श्रद्धा ज्ञान देती है नम्रता मान देती है और योग्यता स्थान देती है। ये तीनों मिल जाएं तो व्यक्ति को हर जगह सम्मान देती है

# चीन के आगे ट्रंप का सरेंडर

खुद को दुनिया का चौधरी समझने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दुनिया की दूसरी बड़ी महाशक्ति चीन के सामने मरता क्या नहीं करता की तर्ज पर सरेंडर करना ही पड़ा। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कट्टर दुश्मन चीन से हाथ मिलाने पर बाध्य होना पड़ गया क्योंकि इसके अलावा उनके पास ईरान युद्ध से बाहर निकलने के लिए कोई रास्ता ही नहीं बचा था। ट्रंप ने अपने पिट्ठू पाकिस्तान को मध्यस्थ बनाकर ईरान के साथ समझौता करने की कोशिश की लेकिन बेल मुंडेर पर नहीं चढ़ पाई। यह कोशिश अभी भी जारी है लेकिन ईरान अभी भी अमेरिका की शर्तों को मानने के लिए राजी नहीं है। न ही होर्मूज की नाकाबन्दी हटाने के लिए तैयार है। जिसकी वजह से आधी दुनिया में तेल और गैस का संकट विकराल रुप धारण करता जा रहा है और कई देशों की अर्थव्यवस्था चरमराने लगी है। इसके लिए सभी डोनाल्ड ट्रंप को दोषी ठहरा रहे हैं यहां तक कि अमेरिका में भी ट्रंप का विरोध हो रहा है। ट्रंप भले ही ईरान को जंग की धमकी दे रहे हैं लेकिन वो जानते हैं कि जंग से अमेरिका को भी भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। यही वजह है कि उन्होंने चीन से अपने आपसी मतभेद भूलाकर शी जिनपिंग के सामने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है क्योंकि चीन ही है जो ईरान का सबसे बड़ा मददगार है। शी जिनपिंग भी जानते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप को घुटनों पर लाने का यही सही समय है और उन्होंने इसका पूरा फायदा भी उठाया। उन्होंने होर्मूज खुलवाने में मदद करने का आश्वासन इस शर्त पर दिया कि अमेरिका ताईवान को भूल जाए। उन्होंने दो टूक शब्दों में ट्रंप को चेतावनी दे दी कि अगर चीन और ताईवान विवाद में अमेरिका ने दखलंदाजी की तो चीन और अमेरिका के संबंध बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच जाएंगे। शी जिनपिंग ने ऐसी चेतावनी देकर अमेरिका को उसकी औकात दिखा दी। यही नहीं बल्कि डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका यात्रा के दौरान उनकी बेइज्जती करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत करने वे खुद एयरपोर्ट नहीं गए बल्कि उप राष्ट्रपति को भेज दिया। द्विपक्षीय बातचीत में भी शी जिनपिंग खुद को डोनाल्ड ट्रंप को कमतर आंकते रहे। डोनाल्ड ट्रंप के मुंह से उन्होंने यह भी कबूल करा लिया कि शी जिनपिंग एक महान नेता हैं लेकिन खुद उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ नहीं की। बहरहाल डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग के बीच हुई बातचीत से यह उम्मीद बंधी है अब होर्मूज संकट का समाधान निकल सकता है। भले ही अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर जल्द कोई समझौता न हो पाए लेकिन होर्मूज पर ईरान की नाकेबंदी अगर खत्म हो जाती है तो इससे अमेरिका राहत की सांस लेगा क्योंकि इस नाकाबंदी के कारण ही डोनाल्ड ट्रंप की छवि खलनायक वाली बन गई है। अब देखना होगा कि चीन इसके लिए ईरान को मनाने में सफल होता है या नहीं। इस बीच भारत में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों का सम्मेलन हो रहा है जिसमें ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी शामिल हुए हैं। और उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भी बातचीत हुई है। ईरान और अमेरिका के बीच संभावित जंग के बीच ईरानी विदेश मंत्री की भारत यात्रा वैश्विक उथल पुथल के बीच महत्वपूर्ण हो जाती है। अराघची ने सदस्य देशों से अपील की है कि अंतराष्ट्रीय नियमों का खुला उल्लघंन करने वालों की निंदा की जानी चाहिए। जाहिर है उन्होंने अमेरिका को ब्रिक्स सम्मेलन के माध्यम से संदेश देने की कोशिश की है और भारत तथा ईरान की बेहतर संबंधों की वकालत की है ऐसे समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन की शरण में पहुंचे हैं तब ईरान के विदेश मंत्री का भारत आना और दोनों देशो के बीच पुराने संबंधों को और मजबूत बनाने की बात करना अमेरिका और चीन के लिए सोच का विषय हो सकता है। होमूर्ज को खुलवाने के लिए हालांकि अमेरिका ने भारत से कोई अनुरोध किया है लेकिन इस मामले में भारत भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है क्योंकि उसके ईरान के साथ मधुर संबंध रहे हैं। यदि पाकिस्तान की तरह चीन भी ईरान को होर्मूज खोलने के लिए राजी नहीं कर पाता है तो संभवतः दुनिया पर गहराते तेल और गैस संकट के समाधान के लिए भारत इस दिशा में पहल कर सकता है। बहरहाल चाहे कोई भी मध्यस्थता करे लेकिन होर्मूज की नाकेबंदी हटना बेहद जरूरी है ताकि आधी दुनिया में गहराते तेल और गैस संकट का समाधान हो सके।

## सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ 2 मिनट के लिए भी गुरु विस्मशत हो जाए, हरि विस्मशत हो जाए, हरि का कार्य विस्मशत हो जाए, ठाकुर जी की भी विस्मर्शत हो जाए; समझ लो कि विपत्ति के पास बैठे हुए हैं!!

◆ बंधुओं !! अपने जीवन में परिवेश बड़ा सुंदर रखना। सुंदर हरे-भरे लोग और हरा-भरा कौन है? जो हरे-हरे करता है; हरे कृष्ण, हरे कृष्ण वाले 'हरे' हैं। 'हरे कृष्ण' से जुड़े हुए, 'हरे राम' से जुड़े हुए लोग हरे-हरे हैं, बाकी सब सूखे हैं।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1911: कलकत्ता में बने तल्लाह वाटर टैंक का निर्माण पूरा। इसे उस समय दुनिया का सबसे बड़ा ओवरहैड वाटर टैंक कहा गया था। 1920: फ्रांसीसी स्वतंत्रता सेनानी, सेनापति जॉन ऑफ आर्क को संत की उपाधि दी गयी। 1943: वॉरसॉ में यहूदी बस्तियों में चल रही लड़ाई ख़त्म हो गई। पुलिस और कमांडो दल ने 19 अप्रैल को इन बस्तियों में प्रवेश किया था। 1960 भारत और ब्रिटेन के बीच अंतरराष्ट्रीय टेलेक्स सेवा की शुरुआत। 1974: इस्राइल के लड़ाकू विमानों ने सात फ़िलिस्तीनी शरणार्थी शिविरों और दक्षिणी लेबनान के गांवों पर बम दागे। इन हमलों में 27 लोग मारे गए और 138 अन्य घायल हुए। 1975: सिक्किम को 22वें राज्य के रूप में भारतीय संघ में शामिल किया गया। 1996: अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत के दसवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। 2004: टेनिस खिलाड़ी रोजर फ़ेडेरर ने हेम्बर्ग मास्टर्स ख़िताब जीता। 2006: हॉलिवुड की चर्चित अदाकारा नाओमी वाट्स को संयुक्त राष्ट्र संस्था का राजदूत बनाया गया। 2006: न्यूजीलैंड के 47 वर्षीय मार्क इंजलिस कृत्रिम पैरों के सहारे एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति बने।

# संकट प्रबंधन या मधुमक्खी के छत्ते में हाथ डाल दिया?

*पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होने के सात दिन बाद 10 मई को हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ''वैश्विक आर्थिक संकट विशेष कर ऊर्जा संकट तथा विदेशी मुद्रा पर बढ़ते दबाव के चलते भारत कई विराट चुनौतियों का सामना कर रहा हैं। देशभक्ति हमें चुनौती दे रही है और चुनौती को स्वीकार करने के लिए हमे विदेशी मुद्रा का बचाना होगा''। प्रधानमंत्री मोदी ने उक्त संकट का मुकाबला करने के लिए कोरोना संकट काल की याद करते हुए देश के नागरिकों से निम्न सात उपायों को अपनाने की राष्ट्रव्यापी अपील की है।*

**राजीव खंडेलवाल**
(लेखक, कर सलाहकार एवं पूर्व अध्यक्ष, बैतूल सुधार न्यास)

प्रधानमंत्री की घोषित प्राथमिकताएं। अल्पकालीन कदम। 1 वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता। 2 अगले एक साल के लिए सोने की गैर-जरूरी खरीदारी से बचें, ताकि विदेशी मुद्रा भंडार को बचाया जा सके। 3 ईंधन (पेट्रोल/डीजल) की खपत कम करें। पब्लिक ट्रांसपोर्ट, मेट्रो और कारपूलिंग अपनाएं। 4 बड़ी मात्रा में खाद्य तेल का आयात करने के कारण उसका उपयोग कम करें। 5 अगले एक साल के लिए गैर-जरूरी विदेशी यात्राएं टालें। देश की कुल जनसंख्या का लगभग 2.2 प्रतिशत नागरिक विदेश यात्रा करते हैं, जिनमें लगभग 2024 में 2.13 लाख करोड़ और 25-26 में 3.34 लाख करोड़ विदेशी मुद्रा खर्च हुई।

**मध्यम अवधि की नीति**

6 किसान भाई रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें।

7 इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग।

दीर्घकालिक सुधार।

8 स्वदेशी उत्पादकों को प्राथमिकता दें, विदेशी ब्रांड के उत्पादों का उपयोग कम करें।

9 वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत।

10 आयात निर्भरता में कमी।

**स्वयं की भागीदारी के साथ घोषणा की जानी चाहिए थी:** वैज्ञानिक व सोद्देश्य पूर्ण दृष्टि से बेहतर होता, केंद्रीय शासन प्रधानमंत्री के उपायों को उपरोक्तानुसार ''शॉर्ट टर्म, मिड टर्म एंड लॉन्ग टर्म'' की तीन स्तरों पर नीति को अपनाने की आवश्यकता पर जोर देते। यह पहल केवल ''जनता'' के लिए हैं? अथवा सरकार और राजनीतिक नेतृत्व को भी ''समान रूप'' से सुधार प्रस्तुत करना होगा? इसके लिए आवश्यक होता कि सरकार भी उसी समय कुछ दायित्वों को स्वीकार करती, तो जनता में संदेश और अधिक प्रभावशाली रूप से जाता। जैसे ''चार दिन सप्ताह कार्य दिवस'' मंत्रिमंडलीय बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा करके परिवहन व्यय की बचत की जा सकती है। कई देशों ने इसे लागू भी किया है।

**'अनुशासन' लम्बे समय तक के लिए अपनाना होगा'**

स्पष्ट है, देश आर्थिक संकट की ओर जा रहा है। इस तथ्य से देश का कोई भी नागरिक किसी भी वर्ग, श्रेणी, पढा-लिखा, अनपढ़, बौद्धिक राजनेता या पत्रकार हो, इंकार नहीं कर सकता है। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा सुझाए गए उपरोक्त उपायों से किसी को भी कोई आपत्ति नहीं हो सकती है। परन्तु आत्म अनुशासन सिर्फ ''एक साल के संक्रमण काल'' के लिए नहीं, जो ''ऊंट के मुंह में जीरा समान है,'' स्थिति से बाहर आने के लिए दीर्घकालीन आर्थिक अनुशासन

की दृष्टि से देश को ''लंबे समय तक'' के लिए नागरिकों को उक्त उपायों को अपने जीवन में उतार कर, एक नागरिक का कर्तव्य निभाकर, देश हित में होते दिखना होगा। क्योंकि जिन मूल तत्वों के कारण यह संकट की स्थिति निर्मित हुई है, उनका प्रभाव लम्बे समय तक रहना है। वह इसलिए कि इस संकट के दो मूल कारण, एक कच्चे तेल के उत्पादन की मात्रा, जो कुल आवश्यकता का मात्र 11-12% है, जो वर्ष 2014 में कुल 22.40% हिस्सा था, अर्थात 11 वर्ष से लगातार आत्मनिर्भरता घट रही है। सोने का उत्पादन जो मात्र1% के आसपास है। इनके उत्पादन की मांग की पूर्ति तक बढ़ाना असंभव है।

**'उपदेश के साथ आचरण आवश्यक':** मोदी द्वारा की गई घोषणाएं करने के पूर्व ''कबीर'' की यह युक्ति याद आती है-''पर उपदेश कुशल बहुतेरे, आचरहिं ते नर न घनेरे''। दूसरों को ज्ञान देना आसान है, लेकिन उन्हें उपदेशों (ज्ञान) का स्वयं आचरण (अमल) करने वाले लोग विरले ही हैं। मोदी की उक्त अपील के पूर्व, देश के तीन प्रधानमंत्री कुछ इसी तरह की राष्ट्रव्यापी अपील नागरिकों से पूर्व में कर चुके हैं। प्रथम स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री, द्वितीय स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू व तीसरी स्वर्गीय इंदिरा गांधी।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 के भारत-पाक युद्ध के समय उत्पन्न खाद्य संकट का सामना करने के लिए ''जय जवान, जय किसान'' के नारे के साथ जनता से सप्ताह में एक दिन ''उपवास'' की अपील की थी। परन्तु जनता से अपील करने के ''पूर्व'' सादगी पूर्ण जीवन जीने वाले शास्त्री ने अपने परिवार व स्वयं पर वह प्रतिबंध लागू किया था। 1962 के भारत चीन के युद्ध के दौरान ''सोना दान'' करने की अपील पंडित जवाहर लाल ने कर, उसे ''राष्ट्रीय सुरक्षा फंड'' में योगदान बताया। इस अपील पर तब इंदिरा गांधी ने अपने अधिकांश गहने लगभग 336 ग्राम सोना दान दे दिया था। जनता ने 262 किलो सोना दान दिया था। आज के 800 मीट्रिक टन के आसपास ''पर्याप्त'' गोल्ड रिजर्व की तुलना में नेहरू के जमाने में गोल्ड रिजर्व था ही नहीं। विदेशी मुद्रा का संकट होने पर जून 1967 में इंदिरा गांधी ने देशवासियों से सोना नहीं खरीदने की अपील करते हुए इसे ''राष्ट्रीय अनुशासन का हिस्सा बतलाया था''।

"Charity begins at home-" यहीं पर सरकार विपक्ष मीडिया के निशाने पर आ जाती है। प्रधानमंत्री मोदी की तुलना उक्त तीन प्रधानमंत्री द्वारा की गई घोषणा के साथ उनके द्वारा किये गये उक्त आचरण के साथ कीजिए। स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। मोदी द्वारा घोषणा करने के पूर्व व बाद में 24 घंटे के अंदर 4 रोड़ शो किये गए, पेट्रोल-डीजल का अपव्यय को रोका नहीं गया, जिसकी अपील वे देश के नागरिको से कर रहे थे। मोदी अपील कर दो घंटे बाद गुजरात रोड़ शो के लिए निकल गये। इसे टाला जा सकता था। याद कीजिए 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छता के पोशाक महात्मा गांधी की जयंती पर प्रधानमंत्री जब ''स्वच्छ भारत अभियान'' का शुभारंभ ''झाड़ू लगाते'' हुए रोड पर उतरे थे, तब उस अपील का राष्ट्र व्यापक प्रभाव पड़ा था, जिसका ''कुछ असर'' अभी भी है।

# पेपर लीक के दोषियों को मिले कड़ी सजा

**डॉ. ओपीत्रिपाठी**

मेडिकल और डेंटल कोर्सेज में दाखिले के लिए तीन मई को नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट परीक्षा 2026 परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें करीब पौने तेईस लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी। ये परीक्षाएं देश के 551 शहरों और विदेशों के 14 शहरों में 5400 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। पेपर लीक के बाद नीट परीक्षा रद्द कर दी गयी है। वास्तव में, पेपर लीक होने के आरोपों के बाद जांच एजेंसियों की सिफारिश पर परीक्षा रद्द की गई है। केंद्र सरकार ने कथित रूप से डेटा लीक और धांधली की व्यापक जांच के लिए सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कहा है कि व्यवस्था में विश्वास बहाली के लिए फिर से परीक्षा करने का निर्णय लिया गया है। कहा जा रहा है कि एनटीए ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा निष्कर्षों की प्रारंभिक जांच के आधार पर परीक्षा स्थगन का फैसला लिया।

बेशक, इस फैसले ने उन लाखों छात्रों को निराश ही किया है जो महीनों से परीक्षा की तैयारी में लगे थे। अब उन्हें नये सिरे से परीक्षा की तैयारी करनी होगी। नीट प्रवेश परीक्षा स्थगित किए जाने के बाद तमाम विपक्षी दलों ने एनटीए व केंद्र सरकार पर तीखे हमले बोले हैं। कहा जा रहा है कि एनटीए में सुधार नहीं, अब पूरी संरचना बदलने की जरूरत है। एक संसदीय समिति की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा जा रहा है कि एनटीए के बुनियादी पुनर्गठन की जरूरत है। राजनेता पीपर लीक व प्रश्नपत्रों में गलती सामने आने को छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बता रहे हैं। साथ ही पूरी परीक्षा प्रणाली को बदलने की मांग की जा रही है। साथ ही एनटीए के उद्देश्य और कार्यक्षमता को लेकर शंका जतायी जा रही है। वहीं कांग्रेस का आरोप है कि एनटीए द्वारा आयोजित 14 राष्ट्रीय परीक्षाओं में से पांच में पेपर लीक और अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। इनमें जेईई मेन्स 2025 उत्तर कुंजी के दोषपूर्ण होने पर प्रश्नपत्र में 12 प्रश्न वापस लेने पड़े थे। मांग है कि एनटीए को केंद्रीयकृत करने के बजाय संसद के प्रति जवाबदेह बनाया जाए। वहीं एनटीए कह रहा है कि छात्रों को नया आवेदन नहीं करना होगा, न ही कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क लगेगा। यह भी कि एनटीए अपने संसाधनों का प्रयोग करके दोबारा परीक्षा आयोजित करेगी। साथ ही एनटीए ने परीक्षा में गड़बड़ी की जवाबदेही स्वीकारी है। चिंता इस बात की भी है कि परीक्षाओं की पवित्रताओं पर चोट पहुंचाने वाले पारदर्शिता का दावा करने वाले सिस्टम में भी सेंध लगाने से नहीं चूकते।

दरअसल, आरोप है कि नीट का पेपर 'क्वेश्चन बैंक' के जरिये लीक किया गया, जिसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के तीन से ज्यादा सवाल थे। जिसमें आधे हूबहू परीक्षा में आए। आशंका है कि सोशल मीडिया के जरिये ये प्रश्नपत्र लाखों तक पहुंचे। हालांकि, इस मामले का खुलासा सीकर से हुआ, लेकिन कहते हैं कि पेपर पहले केरल से एक मई को आया और उसके तार नासिक से लेकर उत्तराखंड तक जुड़े थे। एनटीए ने कहा है कि सात मई की रात एक व्हिसलब्लोअर से उन्हें पेपर लीक की सूचना मिली। बताते हैं कि सीकर के एक पीजी संचालक ने पेपर लीक की सूचना पुलिस को दी। कालांतर में पेपर से जुड़ी ऑनलाइन चैट वायरल हो गई। एनटीए द्वारा जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंपने के बाद एक दर्जन से अधिक लोग गिरफ्तार किए गए।

वस्तुतः यह सिर्फ एक परीक्षा ही रद्द नहीं हुई है, उन सपनों को भी गहरी चोट पहुंची है जो लाखों बच्चों के मन में पल रहा था। यह सपना था डॉक्टर बनने का। देश के लाखों बच्चे नीट की तैयारी को युद्ध की तरह लड़ते हैं। सुबह से रात तक किताबों में डूबे रहना, दोस्तों से दूरी, त्योहारों पर खुशियों का त्याग, मानसिक दबाव और लगातार बढ़ती प्रतियोगिता। इन सब के बीच यह पढ़ाई इन बच्चों के जीवन का कठिन दौर होता है। ऐसे में जब परीक्षा में सफलता की उम्मीद लगाए बच्चों को परीक्षा रद्द होने की खबर मिलती है तो उनके भीतर सिर्फ निराशा का भाव ही नहीं बल्कि पूरे सिस्टम के प्रति अविश्वास पैदा होता है। यह तो जांच में सामने आएगा कि आखिर नीट जैसी महत्त्वपूर्ण परीक्षा से पहले ही गेस पेपर में बड़ी संख्या में सवालों के मिलने व परीक्षा रद्द होने के बाद बच्चों को यह मानसिक आघात पहुंचाने के जिम्मेदार कौन हैं? लेकिन इस फैसले के बाद बच्चों और उनके परिवारों के मन में उठ रहे भावों को मापने का पैमाना शायद किसी एजेंसी के पास नहीं है।

कितने ही बच्चों में अवसाद की स्थिति पैदा हो सकती है तो कितनों ही के मन में यह धारणा भी बन सकती है कि ईमानदारी से मेहनत करने का कोई मूल्य नहीं है। इस त्रासदी का दूसरा चेहरा उन अभिभावकों का है जिनके लिए एक परीक्षा केंद्र तक बच्चे को भेजना संघर्ष था। किसी ने खेत गिरवी रखे होंगे, किसी ने उधार लिया होगा, तो किसी ने अपनी जरूरतें कम की होंगी ताकि बच्चा कोचिंग कर सके। गांवों से निकलकर बड़े शहरों तक पहुंचने वाले इन बच्चों के पीछे सिर्फ महत्वाकांक्षा नहीं, पूरे परिवार का त्याग होता है।यह विडंबना ही है कि भ्रष्टाचार के बाजार में लाखों छात्रों की मेहनत और सपने नीलाम हो रहे हैं। कुछ लोग लीक मामलों में राजनीतिक संरक्षण के भी आरोप लगा रहे हैं। तभी कई बार नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के बावजूद किसी को बड़ी सजा अब तक नहीं मिली है। यही वजह कि नीट परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट में बदलने की मांग की जा रही है क्योकि पेन-पेपर मोड में पेपर लीक होने की ज्यादा आशंका रहती है। कंप्यूटर आधारित परीक्षा को सुरक्षित व पारदर्शी बताया जा रहा है। साथ ही पारदर्शी जांच व जवाबदेही तय करने की बात कही गई है। सवाल स्टाफ की आउटसोर्सिंग को लेकर भी उठे हैं। परीक्षाएं हाइब्रिड परीक्षा मॉडल के साथ ऑनलाइन कराने की भी मांग है। इस बीच एनटीए ने परीक्षा की नयी तारीख का ऐलान कर दिया है।

## पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बहुत दिनों बाद फेसबुक पर वापस लौटी लेकिन तभी अचानक ऐसी स्त्री के विवाह की तस्वीरे सामने आ गई जिसने विवाह संस्था को हमेशा गाली दी।वो लाल जोड़े में प्रसन्न दिखाई दे रही है।हवन कुंड के सामने मुस्कुरा रही है। अच्छी बात है ईश्वर उसके विवाह को सफल बनाएं। लेकिन जिसने विवाह को पितृसत्ता से जोड़ा और अपनी रचनाओं से युवाओं को बरगलाया।उसने विवाह कर लिया यह देखना हास्यास्पद जरूर लग रहा है। - **दिव्या राकेश शर्मा**

दर्द सीने में बहुत है मगर, लबों को हमने सिया है। यारा रोकर नहीं हँसते हुए, ही दर्द हमने जिया है। लोग समझते हैं हमें पत्थर दिल जाने कब से सनम, हर चोट 'आर्या' इस ज़माने की छुपा सीने में लिया है।। - **अन्नपूर्णा बाजपेई आर्या**

पश्चिम बंगाल मे असली आजादी तो कांग्रेस और CPI(M) वालो की आयी है ग्रामीण और शहरी क्षेत्र मे विगत 15 वर्षो से TMC ने उनके कार्यालय पर कब्जा कर लिया था उसे वे खाली करा कर फिर से अपना झंडा लगा रहे है। CPI (M) वे कार्यकर्ता जिनको जान बचाकर भागना पडा था वे भी वापसी कर रहे हैं। - **एडवाकेट अरूण कुमार गुप्ता**

पत्थरों पर चलो,कांटों को चुभाकर देखो ज़िन्दगी का कभी तुम दांव लगाकर देखो हमसफ़र रास्ते हो जाएंगे फिर तुम्हारे हौसले के साथ में तुम कदम बढ़ाकर देखो साफ दिखलाई देगी दुनियां,ओ,दुनियां वाले आंख से तुम कभी पर्दा तो हटाकर देखो!! - **नीरू श्रीवास्तव**

रिश्ते मन की गहराइयों से बनते हैं, केवल बातों की चकाचौंध से नहीं। कुछ लोग शब्दों का अथाह समन्दर लिए भी हृदय से दूर ही रह जाते हैं, और कुछ शांत स्वभाव वाले लोग बिना अधिक कहे आत्मा के बेहद क़रीब उतर आते हैं। क्योंकि अपनापन आवाज़ में नहीं, अहसास में बसता है। - **चिन्मय शुक्ल**

अमूमन हम अपने में होते हैं या अपनों में होते हैं, बेफिक्री में होते हैं जब अपने में होते हैं खुशफहमी में होते हैं जब अपनों में होते हैं हमारा होना यथार्थ हैं पत्थर की लकीर हैं हमें गुजरा वक्त समझें वो लोग गलतफहमी में होते हैं। - **वर्षा गुप्ता**

दुनिया ग्लोबलवॉर्मिंग की समस्या से जूझ रही है और दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में 92 भारत के हैं। दिन के साथ ही रातें भी गर्म रहती हैं, जिसे सीवियर वार्म नाइट कहते हैं। अप्रैल में ही 44डिग्री तापमान पहुंच गया है, गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। यलोअलर्ट हीटवेव और हीटड्रोन जैसे शब्द चर्चाओं में हैं। धरती की सतह पर वृक्षों की संख्या में कमी और तथाकथित विकास कार्य,वातावरण को गर्म करने में सहायक ही है। - **पोखराज शर्मा**

## राशि फल

**पं. देवव्रत शर्मा**

**मेष :** आज बिजनेस में कभी फायदा तो कभी चुनौती वाला माहौल रह सकता है, लेकिन आपकी समझदारी हर स्थिति को आपके पक्ष में मोड़ सकती है।

**वृषः** आज पैसों के मामलों में सावधानी ही आपकी सबसे बड़ी ताकत होगी। लंबे समय से रुका काम आखिरकार पूरा होने की ओर बढ़ सकता है।

**मिथुनः** आज किस्मत आपके लिए नई संभावनाओं के दरवाजे खोल सकती है। यात्रा या घूमने के दौरान मिली जानकारी भविष्य में बड़ा फायदा दे सकती है। कुछ खास लोगों से मुलाकात बिजनेस में नई उड़ान दे सकती है।

**कर्कः** आज धन और सफलता दोनों आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके हुए कामों को गति देगा।

**सिंहः** आज खर्चों पर कंट्रोल रखना बेहद जरूरी रहेगा, वरना बजट गड़बड़ा सकता है। विद्यार्थियों को मानसिक दबाव से राहत मिलने के संकेत हैं। रुका हुआ उधार वापस मिलने की संभावना भी बन रही है।

**कन्याः** आज चुनौतियाँ थोड़ी ज्यादा महसूस हो सकती हैं, लेकिन दोस्तों और जीवनसाथी का साथ आपको संभाले रखेगा। मनचाहा काम न मिलने से निराशा हो सकती है।

**तुलाः** आज समाज सेवा और अच्छे कामों से आपका मान-सम्मान बढ़ सकता है। दान-पुण्य के कार्यों में हिस्सा लेने से मन को सुकून मिलेगा। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन प्यार भरी बातचीत से खत्म हो सकती है।

**वृश्चिकः** आज कमाई के नए रास्ते खुलते दिखाई देंगे। पुराने निवेश से शानदार लाभ मिलने की संभावना है। कोई नई साइड इनकम शुरू होने से खुशी दोगुनी हो सकती है।

**धनुः** आज का दिन पहले से बेहतर और राहत भरा रहेगा। अपनी कमियों को पहचानकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। सेहत के मामले में लापरवाही बिल्कुल न करें।

**मकरः** आज खुशियों और जिम्मेदारियों का मिला-जुला असर देखने को मिलेगा। पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्न कर सकती है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरकर गर्व महसूस कराएगी।

**कुंभः** आज चुनौतियाँ आपके धैर्य की परीक्षा ले सकती हैं। कठिन परिस्थितियों में भी शांत रहना ही आपकी जीत का रास्ता बनेगा। संतान पढ़ाई में लापरवाही कर सकती है, इसलिए उनकी भावनाओं और परेशानियों को समझने की जरूरत होगी।

**मीनः** आज आपकी मेहनत रंग लाएगी और बॉस आपके काम से बेहद प्रभावित रहेंगे। आपके सुझावों को भी महत्व मिलेगा, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

## QUIZ TIME

1) घुटने की पुनर्वास के लिए किस संस्थान ने एक पेटेंटेड मैकेनिकल पैसिव मोशन मशीन लॉन्च की है?

2) भारत के पहले संविधान संग्रहालय का उद्घाटन कहाँ किया गया?

3) महरौली का लौह स्तंभ किस राजवंश के शासनकाल के दौरान बनाया गया था?

4) हाल ही में निधन हुए पैरा लंबी कूद एथलीट निकोलस हुम किस देश से थे?

5) यूरोप की दुर्लभ पक्षी ऑर्टोलान बंटिंग को हाल ही में भारत के किस राज्य में देखा गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) आईआईटी मद्रास (2) सोनीपत, हरियाणा (3) गुप्त राजवंश (4) ऑस्ट्रेलिया (5) पश्चिम बंगाल

## पहेली

### शब्द सामर्थ्य -039

# आईपीएल के बाद भी जारी रहेगा क्रिकेट का खुमार, जून में सीसीपीएल का रोमांच

**■ जून में सीसीपीएल का होगा आयोजन, अक्टूबर में वुमेंस टी-20 सीरीज**

**रायपुर/नवप्रदेश।** आईपीएल के रोमांच के बाद अब रायपुर के क्रिकेट फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में अक्टूबर में भारतीय महिला क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैचों की टी-20 द्विपक्षीय बाइलेटरल सीरीज खेली जाएगी। जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीम पहली बार भारत दौरे पर आ रही है और इस ऐतिहासिक सीरीज का आगाज रायपुर से ही होगा। वहीं, इससे पहले जून में छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा। बीसीसीआई ने भारत और जिम्बाब्वे के बीच 6 मैचों की सीमित ओवरों की सीरीज का शेड्यूल जारी कर दिया है। टी-20 सीरीज की शुरुआत 16 अक्टूबर

से रायपुर में होगी, जबकि वनडे सीरीज का आगाज 23 अक्टूबर से बड़ौदा में होगा। यह पहला मौका होगा जब रायपुर में भारतीय महिला टीम कोई इंटरनेशनल मुकाबला खेलेगी। इसके साथ ही, यह पहली बार है जब भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीमें किसी द्विपक्षीय सीरीज में आमने-सामने होंगी। इससे पहले

**साल 2027 में श्रीलंका में महिला टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी खेली जानी**

भारतीय महिला टीम ने भी अब तक जिम्बाब्वे का दौरा नहीं किया है। आगामी आईसीसी टूर्नामेंट्स की तैयारियों को देखते हुए यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। साल 2027 में श्रीलंका में महिला टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी खेली जानी है। ऐसे में बीसीसीआई लगातार ज्यादा से ज्यादा द्विपक्षीय सीरीज आयोजित कर रहा है, ताकि खिलाड़ियों को मैच प्रैक्टिस का भरपूर मौका मिल सके।

दोनों का आमना-सामना सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट्स या क्वालिफायर में ही हुआ है। बीते दो सालों से लगातार आयोजित हो रहे सीसीपीएल का रोमांच इस बार जून में देखने को मिलेगा। इस लीग का आयोजन बिल्कुल आईपीएल की तर्ज पर किया जाता है, जिसमें आधा दर्जन से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी। टी-20 फॉरमैट के इस टूर्नामेंट में स्थानीय दर्शकों को भरपूर मनोरंजन मिलेगा।

## न्यूज गैलरी

### अमर शहीद सुखदेव की जयंती पर वित्त मंत्री ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रखर नायक और महान क्रांतिकारी अमर शहीद सुखदेव थापर जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया है। शहीद सुखदेव जी के बलिदान को याद करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि माँ भारती की स्वतंत्रता के लिए सुखदेव जी ने हँसते-हँसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका जीवन देशभक्ति, अदम्य साहस और त्याग का एक कालजयी उदाहरण है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उन्होंने भगत सिंह और राजगुरु जैसे साथियों के साथ जिस निडरता और अटूट समर्पण का परिचय दिया, वह आज भी भारत के हर युवा के हृदय में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाता है। श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि शहीद सुखदेव जी का बलिदान केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र के गौरवशाली अस्तित्व की नींव है। उनकी वीरता हमें राष्ट्र निर्माण के प्रति सदैव समर्पित रहने की प्रेरणा देती है।

### अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जांजगीर-चांपा जिले में राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने केवा, भादा और नवापारा घाट क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की। संयुक्त जांच के दौरान अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए जाने पर 5 हाईवा वाहनों को जब्त किया गया। सभी जब्त वाहनों को अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस लाइन जांजगीर में सुरक्षित रखा गया है। कार्रवाई के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने पर वाहन चालक जोहन कुमार और संतोष मिरी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार निरंतर और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### महतारी वंदन योजनाः गंडाय वडडे के जीवन में आई खुशहाली

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना आज प्रदेश की लाखों महिलाओं के लिए केवल एक वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि उनके स्वावलंबन और सामाजिक सम्मान का नया आधार बन चुकी है। नारायणपुर जिले के ग्राम गोहाड़ा की रहने वाली श्रीमती गंडाय वडडे की कहानी इस सकारात्मक बदलाव का एक जीवंत और प्रेरक उदाहरण है। योजना का लाभ मिलने से पहले गंडाय वडडे का जीवन काफी कठिन था। सीमित पारिवारिक आय के कारण घर की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना एक बड़ी चुनौती थी। उन्होंने बताया कि बच्चों की शिक्षा, राशन और रोजमर्रा के खर्चों के लिए मुझे हमेशा दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दूसरों का हाथ ताकना न केवल मानसिक दबाव पैदा करता था, बल्कि मन में असुरक्षा की भावना भी बनी रहती थी। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली 1,000 रुपये की मासिक सहायता ने गंडाय के परिवार की आर्थिक स्थिति को एक नई मजबूती दी है। अब वे बिना किसी हिचकिचाहट के घर का राशन और बच्चों की छोटी जरूरतें पूरी कर रही हैं। आर्थिक बोझ कम होने से मानसिक शांति और सुरक्षा का अनुभव कर रही हैं। स्वयं को पहले से कहीं अधिक आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं। इस योजना ने केवल आर्थिक मदद ही नहीं दी, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की निर्णय लेने की क्षमता को भी निखारा है। गंडाय अब अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में बराबरी से हाथ बँटा रही हैं। इस स्वावलंबन ने उनके आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया है, जिससे समाज और परिवार में उन्हें एक नया सम्मान प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए श्रीमती गंडाय वडडे ने कहा कि यह योजना हम जैसी ग्रामीण महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे हमें अपनी जरूरतों के लिए स्वयं निर्णय लेने की शक्ति मिली है। नारायणपुर जिले की हजारों महिलाओं की तरह गंडाय वडडे आज एक गरिमापूर्ण जीवन जी रही हैं। उनकी यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि यदि सरकारी नीतियां सही दिशा में और सीधे हितग्राही तक पहुँचें, तो वे जमीनी स्तर पर बड़े सामाजिक और आर्थिक बदलाव ला सकती हैं।

### बेलसोंगा जलाशय के गेट सुधार से मजबूत होगी सिंचाई व्यवस्था

**रायपुर/नवप्रदेश।** जशपुर जिले के बेलसोंगा जलाशय के गेट की मरम्मत से क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। जलाशय के सुचारू संचालन से किसानों को समय पर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा, जिससे फसल उत्पादन बढ़ेगा और उनकी आय में भी सुधार होगा। जशपुर कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने बेलसोंगा जलाशय का निरीक्षण कर इसकी वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष श्री शंभूनाथ चक्रवर्ती भी उपस्थित रहे। प्राकृतिक सुंदरता से घिरे इस जलाशय के निरीक्षण के दौरान श्री चक्रवर्ती ने बताया कि जलाशय में सामान्यतः पर्याप्त जल भराव रहता है, जिससे आसपास के क्षेत्रों का भू-जल स्तर भी संतुलित बना रहता है। उन्होंने बताया कि जल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जलाशय के गेट की मरम्मत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेट की मरम्मत के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि गेट की मरम्मत के बाद जल संरक्षण और जल प्रबंधन बेहतर होगा तथा सिंचाई व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी। इससे किसानों को आवश्यकता के अनुसार समय पर पानी उपलब्ध होगा।

# इकोनॉमी विकास के लिए वैल्यू एडिशन आधारित उत्पादन करना होगा : डेका

**'इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 11 वें दीक्षांत समारोह मे शामिल हुए राज्यपाल और मुख्यमंत्री'**

**■ '1880 विद्यार्थियों को मिली उपाधि, 13 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक मिले'**

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की लगभग 80 प्रतिशत अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। आज भूमि लगातार संकुचित होती जा रही है। अतएव हमें कम जमीन में ज्यादा से ज्यादा उत्पादन के लिए कार्य करना होगा। अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के लिए वैल्यू एडिशन उत्पादन आज की महती आवश्यकता है। यह उद्गार राज्यपाल श्री रमेन डेका एवं कुलाधिपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और विशिष्ट अतिथि के रूप में

कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के पूर्व निदेशक और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार सिंह उपस्थित थे । इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित भव्य एवं गरिमामय दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियां वितरित की गई। विभिन्न संकायों में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को 13 स्वर्ण, 7 रजत एवं 2 कांस्य पदक सहित 128 शोधार्थियों को पी.एच.डी, 518 विधार्थियों को स्नातकोत्तर और 1234 विधार्थियों को स्नातक उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यपाल श्री रमेन डेका ने इन उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह छात्र जीवन का एक बहुत बड़ा अवसर होता है। यह केवल डिग्री प्राप्त करने का दिन नही बल्कि भविष्य की शुरूआत का प्रतीक है। जब यह विश्वविद्यालय स्थापित हुआ था तब यहां केवल दो या तीन स्ट्रीम ही उपलब्ध थी। लेकिन समय के साथ शिक्षा और अवसरों का विस्तार हुआ है। डेका ने कहा कि आज कृषि परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। अब यह विज्ञान तकनीकी, नवाचार और उद्यमिता से संचालित हो रही है। विश्वभर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, उपग्रह मानचित्र, सटीक कृषि जलवायु अनुकूल तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी और डेटा विश्लेषण का उपयोग बढ़ रहा है। भारत भी तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। ड्रोन द्वारा उर्वरक एवं कीटनाशक छिड़काव, डिजिटल उपकरणों से मृदा स्वास्थ्य निगरानी, मोबाइल ऐप द्वारा किसान परामर्श और ई-नाम बाजार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदल रहे हैं।

## विकास की रफ्तार और जन-कल्याण पर दिशा समिति का जोर

**रायपुर/नवप्रदेश।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) जिलों में विकास कार्यों की गति तेज करने और जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दे रही है। सांसद की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच तालमेल स्थापित कर समयबद्ध विकास सुनिश्चित करना है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के जिला पंचायत सभाकक्ष में गुरुवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जांजगीर-चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े ने की, जबकि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल सह-अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा की विशिष्ट उपस्थिति में केंद्र और राज्य सरकार की 67 जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने देश में बढ़ते डायबिटीज के मामलों पर चिंता जताते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल, ष्ट॥ और ष्ट॥ में आने वाले ग्रामीणों का अनिवार्य शुगर टेस्ट सुनिश्चित किया जाए। सुशान तिहार के अवसर पर आयोजित शिविरों में 50 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की जांच को प्राथमिकता दी जाए। किडनी और लिवर की बढ़ती बीमारियों को रोकने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए।

## रायपुर में कचरा उठाने वाले कर्मचारी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कचरा गाड़ी वाले वाहन चालक और हेल्पर 18 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। ये सभी रामकी कंपनी के अंतर्गत आते हैं। वहीं कंपनी कर्मचारियों को पहले ही दे चुकी है कि, नोटिस काम नहीं तो भुगतान नहीं। जिसको लेकर दोनों के बीच टकराव हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, कचरा गाड़ी वाले वाहन चालक और हेल्पर 18 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। शुक्रवार को इन्होने कंपनी के गेट पर ताला लगाकर धरने पर गए हैं।

70 वार्डों में कचरा गाड़ी चलाते हैं ये सभी कर्मचारी

कर्मचारियों का कहना है कि, जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तो डोर टू डोर कचरा कलेक्शन बंद रहेगा। ऐसे में अब आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई सकती हैं।

आपको बता दें कि, ये सभी रामकी कंपनी के अंतर्गत आते हैं और राजधानी के 70 वार्डों में कचरा गाड़ी चलाते हैं। ऐसे में इनके हड़ताल पर चले जाने से राजधानीवासियों को दिक्कतों का सामना पड़ सकता है।

## जनगणना कर्मचारी किसी महिला को पति का नाम बताने नहीं कर सकते बाध्य

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की महिलाओं के बीच एक परंपरा या सामाजिक रूढ़ि ये है कि महिलाएं अपने पति का नाम पूछने पर भी नहीं बतातीं। कई बार जरूरत पड़ने पर संकेतों में नाम बताते हुए भी झिझकती हैं। अब अगर जनगणना के दौरान इन महिलाओं से पति का नाम पूछा गया, तो भला वे कैसे बताएंगी। शायद इसी बात को भांपकर जनगणना करने वालों से कहा गया है कि किसी महिला के पति का नाम या मृत पति का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। यही नहीं, किसी भी व्यक्ति को घर की महिला का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकेगा। राज्य सरकार के गृह विभाग ने जनगणना के संबंध में आधिकारिक रूप से यह बात कही है। खास बात ये भी है कि आम जनता से कहा गया है कि जनगणना अधिकारी को सही और स्पष्ट जानकारी दें। गृह विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान पूछे गए सवालों के जवाब देना नागरिकों की कानूनी बाध्यता है और इसमें कोताही बरतने या गलत जानकारी देने पर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। जनगणना अधिनियम के तहत नागरिकों के लिए कुछ विशेष नियम बनाए गए हैं। अधिसूचना के मुताबिक, हर व्यक्ति जनगणना अधिकारी द्वारा पूछे गए सवालों का अपनी सर्वोतम जानकारी के अनुसार उत्तर देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। हालांकि, इसमें कुछ सामाजिक रियायतें भी दी गई हैं। जैसे किसी भी व्यक्ति को अपने परिवार की किसी महिला सदस्य का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की पुनर्विकास योजनाओं में तेजी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा राज्य के प्रमुख शहरों में आधुनिक और सुव्यवस्थित आवासीय परिसरों के निर्माण हेतु पुनर्विकास योजनाओं पर युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत मंडल ने अब तक पाँच महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रस्ताव राज्य शासन को अनुमोदन हेतु प्रेषित किए हैं। शासन द्वारा प्रस्तावों के सूक्ष्म परीक्षण के दौरान विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन, निविदा दस्तावेज और अन्य तकनीकी जानकारियां मांगी गई थीं। मंडल ने तत्परता दिखाते हुए ये सभी आवश्यक दस्तावेज निर्धारित समय-सीमा के भीतर शासन को उपलब्ध करा दिए हैं। वर्तमान में, शासन के नवीन दिशा-निर्देशों के आधार पर इन प्रस्तावों का पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है, ताकि इन्हें और अधिक आधुनिक एवं जनोपयोगी बनाया जा सके। पुनर्विकास की ये योजनाएं वर्तमान में शासन स्तर पर अंतिम निर्णय की प्रक्रिया में हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से नागरिकों को निम्नलिखित लाभ प्राप्त होंगे। पुराने परिसरों के स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से लैस घर बनाए जा रहे हैं।

## ईंधन संकट के बीच भारतीय रेलवे बना 'संकटमोचक' ट्रेनों-बसों में भीड़, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को प्राथमिकता

**रायपुर/नवप्रदेश।** देशभर में छाए तेल संकट के बीच एक बार फिर भारतीय रेलवे आम लोगों के लिए संकटमोचन बनकर उभरा है। इन दिनों पेट्रोल पंपों पर बाइक और कारों के लिए ईंधन सीमित मात्रा में मिल रहा है। इस परेशानी से बचने के लिए लोग लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए अब ट्रेनों को अपनी प्राथमिकता बना रहे हैं। यात्रियों के इस बदले हुए रुझान का सीधा असर गुरुवार को देखने को मिला। रायपुर से बिलासपुर,

भिलाई, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़ सहित गोंदिया और कटनी रूट पर चलने वाली लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकटों की बकिंग अचानक काफी बढ़ गई है। इसके की बुकिंग अचानक काफी बढ़ गई है। इसके चलते ट्रेनों में सामान्य दिनों की तुलना में भारी भीड़ नजर आ रही है। खासकर सुबह और शाम के वक्त चलने वाली लोकल ट्रेनों में यात्रियों की जबरदस्त भीड़ रही। दैनिक यात्रियों के अलावा, वे लोग भी अब ट्रेनों और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सहारा ले रहे हैं जो आमतौर पर अपनी निजी कारों या दोपहिया वाहनों से सफर करते थे। ट्रेनों में बढ़ती इस अचानक भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन भी अब यात्रियों की सुविधा के लिए जल्द ही कुछ नई व्यवस्थाओं पर विचार कर रहा है। इधर सड़क परिवहन के महंगे होने का असर अब माल ढुलाई पर भी साफदिख रहा है।

**विडंबनाः** प्रदेश में 2.62 लाख किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य, अब तक सिर्फ 12 हजार को यह टीका लग पाया

# सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण में पिछड़ा छत्तीसगढ़, देश में है 26वें स्थान पर

**रायपुर/नवप्रदेश।** बांझपन, शारीरिक कमजोरी और दूसरी बड़ी बीमारी होने की अफवाह गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर के निशुल्क टीकाकरण अभियान पर भारी पड़ रहा है। 16 मार्च से राज्य में शुरू हुए इस टीकाकरण के मामले में छत्तीसगढ़ देश में 26वें स्थान पर है। राज्य में 14 से 15 साल के बीच की 2.62 लाख किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य है,मगर अब तक महज चार प्रतिशत यानी 12 हजार को यह टीका लग पाया है। किशोरियों को टीका लगाने चलाए जा रहे इस अभियान में मध्यप्रदेश सौ फीसदी वैक्सीनेशन के साथ अव्वल है। वहीं पश्चिम बंगाल सूची में सबसे अंतिम है, क्योंकि

यहां आंकड़ा शून्य है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है, लेकिन यह उन कैंसरों में शामिल है, जिन्हें टीकाकरण और समय पर जांच से काफी हद तक रोका जा सकता है। केंद्र सरकार द्वारा इसे ध्यान में रखते हुए देशभर में किशोरियों को यह वैक्सीन निशुल्क लगाने की घोषणा की है। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की देखरेख में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में निशुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत 16 मार्च की गई है। यहां 14 साल से ज्यादा एवं 15

**2 लाख 62 हजार किशोरियों को यह टीका लगाने का लक्ष्य**

राज्य में इस 2 लाख 62 हजार किशोरियों को यह टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से अब तक केवल 12 हजार 300 लोगों को टीका लगाया जा सका है। इसकी बड़ी वजह वैक्सीन को लेकर फैली अफवाह है परिजनों के मन में इस बात का भ्रम है कि वैक्सीन लगाने से बांझपन की समस्या आ सकती है। इसके अलावा शरीर में अन्य तरह के विकार और गंभीर बीमारी हो सकता है। इसके डर से निचले स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में भी टीका लगाने की सुविधा होने के बाद भी लोग वैक्सीनेशन के लिए नहीं पहुंच रहे हैं।

साल से कम आयु वाली किशोरियों को हितग्राही माना गया है। केवल जन्मतिथि आधारित पहचान पत्र के आधार पर टीकाकरण की सुविधा दी जा रही है। दो माह बीतने के बाद भी राज्य में इस अभियान को सफलता मिलती नहीं दिख रही है। इस वैक्सीनेशन का पर्याप्त स्टॉक अभी स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद है। राज्य में एम्स के साथ तमाम शासकीय मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ सुविधा वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में वैक्सीनेशन किया जा रहा है। टीका लगाने के लिए प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है जिसमें वैक्सीनेशन के बाद हितग्राही की बाई उंगली में अमिट स्याही से निशान लगाने और आधे घंटे अब्जर्वेशन का नियम है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक किसी मामले में साइड इफेक्ट की शिकायत नहीं मिली है। राज्य टीकाकरण डॉ . वीआर भगत ने बताया कि, एचपीवी वैक्सीन को लेकर जो चर्चा है वह निरर्थक है, इसमें किसी तरह का जोखिम नहीं है। वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है, इससे किसी तरह के साड इफेक्ट की जानकारी सामने नहीं आई है। टीकाकरण की संख्या बढ़ाने आने वाले दिनों में विस्तृत योजना बनाई जाएगी।

# प्रस्तावित पावर हाउस की भूमि पर उठे सवाल, निरीक्षण में पहुंचे अधिकारियों ने तकनीकी खामियां गिनाईं

### ग्रामीणों में बढ़ी नाराजगी

**अंतागढ़ / नवप्रदेश।** अंतागढ़ क्षेत्र में प्रस्तावित 132/33 केवी पावर हाउस निर्माण को लेकर एक बार फिर संशय की स्थिति बन गई है। बुधवार को विभागीय अधिकारी चयनित भूमि के निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए भूमि को पावर हाउस निर्माण के लिए अनुपयुक्त बताया। अधिकारियों के अनुसार चयनित चट्टान मद भूमि में अर्थिंग की समुचित व्यवस्था संभव नहीं दिख रही है, जिससे परियोजना पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

निरीक्षण के दौरान मौजूद ग्रामीणों ने अधिकारियों के तर्क पर सवाल उठाते हुए कहा कि तकनीकी समस्याओं का समाधान निकाला जा सकता है। ग्रामीणों का कहना था कि यदि अर्थिंग में परेशानी है तो वैकल्पिक तकनीक अथवा अन्य उपाय अपनाए जा सकते हैं। केवल तकनीकी खामी बताकर भूमि को अनुपयुक्त घोषित करना उचित नहीं है।

**ग्रामीणों ने दिखाई दूसरी खाली जमीन**

ग्रामीणों ने अधिकारियों को गांव के पास लगभग 10 एकड़ खाली पड़ी भूमि भी दिखाई और पावर हाउस निर्माण के लिए उसका उपयोग करने का सुझाव दिया। हालांकि विभागीय अधिकारियों ने यह कहते हुए उस भूमि को भी खारिज कर दिया कि वह अन्य मद की भूमि है। अधिकारियों के अनुसार पावर हाउस निर्माण के लिए घास मद या चट्टान मद की भूमि आवश्यक होती है। इस जवाब से ग्रामीणों में निराशा देखी गई।

**क्षेत्र में बढ़ी चिंता-** अधिकारियों के रवैये से क्षेत्र में नाराजगी का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि बड़ी मुश्किल से इस परियोजना के लिए भूमि चिन्हित की गई थी, लेकिन अब विभागीय आपत्तियों के कारण योजना बंद होने की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्र में लंबे समय से विद्युत व्यवस्था बदहाल बनी हुई है, जिसे सुधारने के उद्देश्य से शासन ने 132/33 केवी पावर हाउस स्थापना की पहल की थी।

गौरतलब है कि क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी ने क्षेत्र की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए पावर हाउस निर्माण उपयुक्त भूमि तलाशने की प्रक्रिया शुरू कराई थी। इसी क्रम में राजस्व विभाग ने अंतागढ़ के आमा गांव के पास लगभग 10 एकड़ चट्टान मद भूमि उपलब्ध होने की जानकारी दी थी। इसके बाद विधायक ने स्वयं स्थल का निरीक्षण भी किया था।विधायक के दौरे के बाद क्षेत्रवासियों में बिजली व्यवस्था सुधार को लेकर उम्मीद जगी थी, लेकिन अब तकनीकी आपत्तियों के चलते लोगों में निराशा फैल गई है। क्षेत्र में यह चर्चा तेज हो गई है कि कहीं यह महत्वपूर्ण परियोजना ठंडे बस्ते में न चली जाए।

## न्यूज गैलरी

### भीषण गर्मी : दोपहर में पशुओं के व्यावसायिक उपयोग पर प्रतिबंध

**कांकेर / नवप्रदेश।** जिले में वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी एवं 'लू' के बढ़ते प्रकोप के कारण पशुओं के स्वास्थ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने तथा उनके जीवन की रक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने पशुओं से व्यावसायिक एवं श्रम संबंधी उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1996 के नियम 6(3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आगामी 30 जून तक जिले के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में पशुओं के व्यावसायिक एवं श्रम संबंधी उपयोग पर प्रतिदिन दोपहर 12 से 03 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि के दौरान बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, ऊंट, खच्चर अथवा गधों के माध्यम से माल ढुलाई, सवारी कराना या किसी भी प्रकार का शारीरिक श्रम लिया जाना प्रतिबंधित होगा। तेज धूप और उच्च तापमान के दौरान पशुओं से कार्य लेना पशु क्रूरता की श्रेणी में माना जाएगा तथा उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों व पशु स्वामियों के विरूद्ध पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1996 के तहत वैधानिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।है।

### आधुनिक खेती अपनाकर कृषक गोपाल ने लिखी सफलता की नई कहानी

**बीजापुर / नव प्रदेश।** ग्राम फुतकेल निवासी कृषक गोपाल एर्रागोला ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद आधुनिक एवं बहुफसली खेती अपनाकर सफलता की नई मिसाल पेश की है। कभी केवल वर्षा आधारित धान की खेती करने वाले गोपाल आज धान के साथ-साथ मूंगफली, मक्का, मिर्च, सब्जी उत्पादन, पशुपालन एवं मछली पालन से लाखों रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण प्रारंभिक वर्षों में खेती करना उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण था। कृषि विभाग के अधिकारियों ने खेत का निरीक्षण किया तो पाया कि उनका खेत तालपेरू नदी के किनारे स्थित है, जो सिंचित खेती एवं व्यावसायिक फसलों के लिए उपयुक्त है। इसके बाद जिला प्रशासन के सहयोग से तालपेरू नदी किनारे विद्युत विस्तार कराया गया, जिससे सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकी।सिंचाई सुविधा मिलने के बाद कृषि विभाग एवं आत्मा योजना के अधिकारियों ने कृषक को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके फलस्वरूप गोपाल ने फसल चक्र अपनाते हुए धान के साथ रबी मक्का, मूंगफली एवं मिर्च की खेती शुरू की। विशेष रूप से मिर्च उत्पादन से उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

### सुरक्षित मातृत्व की मिसाल : प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से निशा पटेल को मिला संबल

**बीजापुर / नव प्रदेश।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है। इसका उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा सुरक्षित प्रसव हेतु प्रोत्साहित करना है। जिला बीजापुर के परियोजना बीजापुर, सेक्टर नैमेड़ अंतर्गत स्थित चांदनी चौक आंगनबाड़ी केंद्र की हितग्राही निशा पटेल, पति अर्जुन पटेल एवं सास तीजबाई पटेल, इस योजना से लाभान्वित होकर सुरक्षित मातृत्व की प्रेरणादायक मिसाल बनी हैं।गर्भावस्था की जानकारी प्राप्त होते ही उनका पंजीयन आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। सेक्टर पर्यवेक्षक गीता कन्नौजे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज नेताम तथा सहायिका सम्मी ध्रुव द्वारा उन्हें नियमित रूप से पोषण, प्रसवपूर्व जांच, आयरन-फोलिक एसिड सेवन, संस्थागत प्रसव तथा शिशु देखभाल संबंधी जानकारी दी गई।

### अपर कलेक्टर ने खाद्य विभाग की ली समीक्षा बैठक

**बीजापुर / नव प्रदेश।** अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य श्री भूपेन्द्र अग्रवाल द्वारा आज विकासखंड अंतर्गत संचालित पीडीएस दुकानों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त उचित मूल्य दुकान संचालकों को आधार सीडिंग एवं द्र-चड्ढ्ढ्र कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से पीडीया, गमपुर एवं डोडीतुमनार उचित मूल्य दुकानों को द्र-चड्ढ्ढ्र कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया।

**अपराध:** कर्ज से परेशान होकर छापने लगा नकली नोट, प्रिंटर और उपकरण जब्त, कांकेर पुलिस कर रही मामले की जांच

# 6 लाख से अधिक नकली नोट जब्त, एक गिरफ्तार

**कांकेर / नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नकली नोट छापने वाले गिरोह का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने करीब साढ़े 6 लाख रुपये के नकली नोट बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी 500-500 रुपये के नकली नोट अपने घर में ही छाप रहा था। यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नए बस स्टैंड इलाके में एक युवक बड़ी मात्रा में नकली नोट लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 500-500 रुपये के बड़ी संख्या में नकली नोट बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह घर में प्रिंटर और अन्य उपकरणों की मदद से नकली नोट छापता था। आरोपी ने बताया कि वह कर्ज में डूबा हुआ था और जल्दी पैसे कमाने के लिए नकली नोट छापने का प्लान बनाया था। पुलिस ने आरोपी के घर पर छापा मारकर नकली नोट छापने में इस्तेमाल किए गए उपकरण भी जब्त किए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी अकेले काम कर रहा था या उसके साथ कोई और भी शामिल है। फिलहाल, आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। कांकेर पुलिस इस मामले को लेकर कई अहम पहलुओं पर जांच कर रही है।

## मारपीट और लूटपाट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कांकेर / नवप्रदेश।** मारपीट कर लूटपाट करने वाले आरोपी को भानुप्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपी मनीराम उसेंडी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।आरोपी द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट कर नगदी एवं मोबाइल फोन लूटने की घटना को अंजाम दिया गया था।गिरफ्तार आरोपी मनीराम उसेंडी पिता स्व. दयाराम उसेंडी, उम्र 22 वर्ष, निवासी बाजारपारा भानुप्रतापपुर है।

मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी भूपेंद्र साहू पिता ओमकार साहू उम्र 29 वर्ष निवासी परसाडीह थाना सुरेगांव जिला बालोद, ट्रक क्रमांक छ्त्त 08५ 5611 का चालक है।13 मई 2026 को वह राजनांदगांव से जगदलपुर के लिए ट्रक लेकर निकला था। रात्रि लगभग 10:00 बजे भानुप्रतापपुर स्थित बीआरसी बाड़ा में ट्रक खड़ा कर बाजार के पास बने सुलभ शौचालय गया था।फ्रेश होकर बाहर निकलने के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी को रोककर पैसे की मांग की। विरोध करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुए उसके पास रखे 3000 रुपये नगद एवं सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन लूट लिया गया। इसके बाद आरोपी ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा ईंट से सिर पर वार कर हत्या का प्रयास किया।घटना की रिपोर्ट 14 मई को थाना भानुप्रतापपुर में दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी शेरबहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश की गई।विवेचना के दौरान आरोपी मनीराम उसेंडी द्वारा अपराध स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। पुलिस टीम का विवरण निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रेम कुमार झा सहायक उप निरीक्षक कैलाश पांडे आरक्षक टोमन साहू आरक्षक राकेश मरकामआरक्षक रामचंद्र कश्यप आरक्षक क्रमांक ओजस्वी मांडवी आरक्षक दिनेश हुर्रा महिला आरक्षक लता पटेल का महत्वपूर्ण योगदान है ।

## वार्षिकोत्सव में शामिल हुए किरणदेव

**■ छात्र जीवन को बताया सर्वश्रेष्ठ, लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की दी सीख**

**जगदलपुर / नव प्रदेश।** शहर के घरमपुरा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। समारोह में महापौर संजय पांडे तथा जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुभाऊ कश्यप भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अपने संबोधन में किरण देव ने छात्र-छात्राओं की प्रतिभा और अनुशासन की सराहना करते हुए महाविद्यालय परिवार को सफल एवं प्रेरणादायक आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन सबसे महत्वपूर्ण समय होता है और इसी दौरान लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थि अन लगाकर अध्ययन करने तथा अपनी प्रतिभाओं को निखार के लिए प्रेरित किया। ऊर्जा और क्षमता का प्रमाण है तथा आज की युवा पीढ़ी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए महाविद्यालय के विकास संबंधी मांगों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर संजय पांडे ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति से जुड़ाव भी आवश्यक है। वहीं पूर्व विधायक सुभाऊ कश्यप ने विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य तय कर उसे हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने की सीख दी। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को दी आधुनिक खेती की जानकारी

**कांकेर/ नव प्रदेश।** कृषि एवं संवर्गीय विभाग द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत विकासखंड चारामा की ग्राम पंचायत सिरसिदा में कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक खेती तकनीक, बीज उत्पादन, मशीनीकरण, प्राकृतिक खेती एवं मिट्टी परीक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में डॉ. नरेंद्र कुमार तायड़े ने किसानों को बीज उत्पादन कार्यक्रम अपनाने एवं खेती में मशीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। वहीं कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रमोद नेताम ने कीटनाशक विषाक्तता एवं बीजोपचार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री राजाराम नेताम ने पीएम किसान योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की जानकारी किसानों को दी। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी महेश सोनकर ने मिट्टी परीक्षण की आवश्यकता और उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को पराली (फसल के अवशेष) नहीं जलाने तथा बेलर मशीन के माध्यम से उसका संग्रहण कर सदुपयोग करने की सलाह दी। साथ ही प्राकृतिक खेती योजना की भी जानकारी दी गई।

इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 05 मई से विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में क्लस्टर स्तर पर लगातार आयोजित किया जा रहा है, जो 20 मई तक संचालित होगा।

रामकृष्ण तिवारी की रैली में उमड़ी भीड़, संगठन की एकजुटता का किया प्रदर्शन

# नामांकन के बहाने कांग्रेस ने दिखाई ताकत

**■ पूर्व विधायक से लेकर शहर नेतृत्व तक रहा मौजूद, नारेबाजी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा कांग्रेसी काफिला**

**जगदलपुर / नव प्रदेश।** इंदिरा गांधी वार्ड पार्षद उप चुनाव के लिए शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी के नामांकन दाखिल करने के दौरान कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन कर राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया। नामांकन रैली के जरिए कांग्रेस ने न केवल अपनी संगठनात्मक ताकत दिखाई, बल्कि विपक्षी भाजपा को भी एकजुटता का स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया।

शहर में निकाली गई रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। हाथों में झंडे-बैनर लेकर कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। रैली के दौरान कांग्रेस नेताओं ने वार्ड चुनाव को प्रतिष्ठा का चुनाव बताते हुए पूरी ताकत झोंकने का संकेत दिया।नामांकन रैली की खास बात यह रही कि पार्टी के वरिष्ठ और युवा नेतृत्व एक साथ नजर आए। कांग्रेस खेमे ने इसे संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के उत्साह का प्रदर्शन बताया।

कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान नाम निर्देशन पत्र की कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ की ओर से गहन जांच भी की गई। पूर्व विधायक रेखचंद जैन,जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, पूर्व पार्षद एवं वार्ड पार्षद की माता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी रैली में मौजूद रहे। कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अवधेश झा ने नाम निर्देशन पत्र की प्रक्रिया का परीक्षण किया।

**इंदिरा वार्ड बना राजनीतिक प्रतिष्ठा का केंद्र**

उप चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस ने नामांकन रैली के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की कि संगठन पूरी तरह एकजुट है और चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, नामांकन के दिन उमड़ी भीड़ को कांग्रेस आगामी चुनावी मुकाबले से पहले अपने शक्ति परीक्षण के रूप में देख रही है।

## नक्सल डम्प जब्त, 50 से अधिक हथियार और गोला-बारूद बरामद

**■ पुलिस,डीआरजी बस्तर फाईटर्स एंव बीएसएफ की संयुक्त कार्यवाही**

**कांकेर/ नव प्रदेश।** नक्सल विरोधी अभियान के दौरान जंगल में जवानों के द्वारा सर्चिंग अभियान के दौरान डंप हथियार बड़ी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया गया है।जानकारी अनुसार सुन्दरराज पी.पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर दीपक तिवारी उप महानिरीक्षक बीएसएफ सेक्टर भानुप्रतापपुर के मार्ग-दर्शन निखिल कुमार राखेचा पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है।विगत लगतार सर्च अभियान के दौरान नक्सलियो द्वारा किये गये डम्प मे से भारी मात्रा में हथियार,गोला-बारूद आईईडी बरामद किया गया है। 01अप्रैल 2026 से 14 मई तक सर्च अभियान के दौरान नक्सलियों के डम्प से बरामद हथियार,गोला-बारूदआईईडी 7.62 एसएलआर एलएमजी - 01 नग 5.56 एलएमजी -01 नग 303 रायफल -05 नग सिंगलशॉट गन देशी मेड 11 नग बीजीएल लांचर -08 नग भरमार बंदूक -05 नग सिंगलशॉट बंदूक -15 नग 12 बोर देशी कट्टा - 02 नग 315 बोर बंदूक - 01 नग 7.65 एमएम पिस्टल - 01 नग कुकर बम -10 नग तीर बम - 01 नग मैग्जीन - 13 नगकारतूस - 469 नग बीजीएल सेल - 34 नग बारूद - 46 किग्रा वॉकीटाकी - 04 नग छोटा गैस वेल्डींग मशीन - 01 नग बरामद किया गया है।

# छुईखदान वन परिक्षेत्र में वित्तीय गड़बड़ी का मामला गरमाया, कई अधिकारियों पर निलंबन की जांच

**छुईखदान/नवप्रदेश।** छुईखदान में वन विभाग से जुड़ा एक बड़ा वित्तीय अनियमितता मामला सामने आने के बाद विभागीय हलकों में हलचल तेज हो गई है। लगातार शिकायतों और मीडिया की सक्रिय निगरानी के बाद अब जांच निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। सूत्रों के अनुसार, वन मंडलाधिकारी (ष्ठस्नह्र) खैरागढ़ द्वारा मामले की विस्तृत जांच कराई गई है और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**रिश्तेदारों के खातों तक पहुंचा भुगतान :** मामले का सबसे गंभीर पहलू तब सामने आया जब जांच में शामिल कुछ श्रमिक वनरक्षक के करीबी रिश्तेदार बताए गए। आरोप है कि सरकारी राशि नियमों को दरकिनार कर परिचितों और परिजनों के खातों में पहुंचाई गई। इससे फर्जी मास्टर रोल और भुगतान प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### मुख्य बिंदु

- फर्जी मास्टर रोल के जरिए मजदूरी भुगतान का मामला उजागर
- बुजुर्गों और रिश्तेदारों के नाम पर कथित वित्तीय हेरफेर
- विभागीय जांच अंतिम चरण में
- उच्च कार्यालय को निलंबन संबंधी प्रतिवेदन भेजे जाने की तैयारी
- विभाग के भीतर बढ़ी हलचल, आधिकारिक आदेश का इंतजार
- वन विभाग छत्तीसगढ़ के भीतर इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हैं।
- सबकी नजरें विभाग द्वारा जारी होने वाले संभावित निलंबन आदेश पर टिकी हुई हैं।

### जिम्मेदारी तय, कार्रवाई की तैयारी

सूत्रों के मुताबिक विभाग ने साफ संकेत दिए हैं कि मामले में जिम्मेदार अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। जांच रिपोर्ट में वन परिक्षेत्र अधिकारी (ऋह्नह्र), सहायक परिक्षेत्र अधिकारी तथा संबंधित वनरक्षक की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया गया है। विभागीय नियमों के अनुसार परिक्षेत्र में किए गए कार्यों और भुगतान की अंतिम जिम्मेदारी भुगतानकर्ता अधिकारी यानी ऋह्नह्र की मानी जाती है।

### शुरुआती जांच में ही सामने आए चौंकाने वाले तथ्य

जांच टीम ने जब जमीनी स्तर पर मजदूरों के बयान दर्ज किए, तो कई दस्तावेजी दावों पर सवाल खड़े हो गए। रिकॉर्ड में जिन बुजुर्ग महिलाओं को कठिन श्रम कार्य – जैसे गड्ढा खोदाई – करते दिखाया गया था, उनके बयान वास्तविकता से मेल नहीं खा सके। बताया जा रहा है कि 65 से 70 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के नाम मास्टर रोल में दर्ज कर भुगतान दर्शाया गया, जबकि मौके पर तथ्य अलग पाए गए।

## पानी भरने को लेकर विवाद, युवक से मारपीट

**महासमुंद/नवप्रदेश।** सरायपाली थाना क्षेत्र अंतर्गत टैंकर से पानी भरने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस को वार्ड क्रमांक 09 डोंगरीपाली झिलमिला निवासी कैलाश डड़सेना (19) ने बताया कि 12 मई की सुबह करीब 7 बजे वह समारू बाघ एवं शाबिर खान के घर के सामने गली में नगर पालिका के पानी टैंकर से पानी भर रहा था। उसी समय शाबिर खान की पत्नी किरन खान भी पानी भरने पहुंची और ज्यादा पानी भरने की बात को लेकर विवाद करने लगी।

विवाद बढ़ने पर आवाज सुनकर शाबिर खान एवं छोटा शाबिर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि किरन खान ने पत्थर से हमला कर कैलाश के सिर पर चोट पहुंचाई। रिपोर्ट के आधार पर सरायपाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296 एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पांच हैंडपंप और पानी टंकी शो-पीस बनकर रह गए, ग्रामीणों ने अफसरों को सौंपा ज्ञापन

# विधायक के ससुराल गांव क्षेत्र में भीषण जलसंकट

**छुरा/नवप्रदेश।** विधानसभा चुनाव में देवरी पंचायत क्षेत्र के गांवों की जनता भर-भर कर भाजपा की झोली भर दिया था मतदाताओं में खुशी का माहौल था कि विधायक हमारे गांव क्षेत्र का दमाद बनेगा, दमाद विधायक तो बन गया लेकिन दमाद विधायक रोहित साहू का ससुराल क्षेत्र जल संकट से जूझ रहा है विधायक रोहित साहू अपने ससुराली पंचायत क्षेत्र के गांवों को जल संकट से कब तक मुक्ति दिला पाएंगे।

गर्मी का पारा लगातार बढ़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। इसी बीच ग्राम पंचायत देवरी अंतर्गत ग्राम विजयपुर में हालात बेहद चिंताजनक बन गए हैं। गांव के पांच हैंडपंप पूरी तरह सूख चुके हैं, वहीं पानी टंकी भी खाली पड़ी हुई है। ऐसे में ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में बूंद-बूंद पानी के लिए लोग जूझ रहे हैं और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

ग्राम विजयपुर में लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए जनपद पंचायत छुरा क्षेत्र क्रमांक 18 की जनपद सदस्य श्रीमती मुंगेश्वरी अशोक ठाकुर ने जनपद पंचायत छुरा के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित आवेदन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। आवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि गांव में लंबे समय से पेयजल समस्या बनी हुई है, लेकिन भीषण गर्मी के कारण अब संकट विकराल रूप धारण कर चुका है।

बताया जा रहा है कि गांव के अलग-अलग मोहल्लों में लगे पांच हैंडपंपों ने पानी देना बंद कर दिया है। वहीं जिस पानी टंकी के भरोसे ग्रामीणों को राहत मिलती थी, वह भी इन दिनों सूखी पड़ी हुई है। नलजल योजना ठप पड़ने से ग्रामीणों को दूर-दराज के जलस्त्रोतों का सहारा लेना पड़ रहा है। कई महिलाएं सुबह से ही बर्तन लेकर पानी की तलाश में निकल जाती हैं और घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह पानी जुटा पा रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पानी की समस्या के कारण दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। पीने, खाना बनाने और पशुओं के लिए पानी जुटाना बड़ी चुनौती बन चुका है। गर्मी के इस मौसम में छोटे बच्चों और बुजुर्गों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। लोगों का आरोप है कि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण आज गांव में जलसंकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

जनपद सदस्य मुंगेश्वरी ठाकुर ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में तत्काल टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाए, सूखे हैंडपंपों का मरम्मत कार्य कराया जाए तथा पानी टंकी को पुनः चालू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ सकता है। गौरतलब है कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंकट की स्थिति सामने आती है, लेकिन इसके बावजूद समय रहते स्थायी समाधान नहीं निकल पाता। अब विजयपुर के ग्रामीण प्रशासन से त्वरित राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं। वहीं क्षेत्र में बढ़ते जलसंकट को लेकर लोगों के बीच चिंता का विषय बना हुआ है।

## घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**■ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के बाद वारदात को दिया अंजाम, न्यायालय में पेश कर भेजा गया जेल**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिले के पटेवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला के घर में जबरदस्ती घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना 13 मई 2026 की सुबह करीब 7 बजे की है। पीड़िता अपने घर में पानी भर रही थी, तभी ग्राम पचरी निवासी सुरेश डोरा पिता राधेश्याम डोरा उसके घर में जबरन घुस आया। आरोपी ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

घटना के बाद पीड़िता ने थाना पटेवा पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64/62, 296, 351(3), 127(2), 74, 75(2) एवं 332(ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सुरेश डोरा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद/नवप्रदेश।** ग्राम गढ़फुलझर में बोलेरो वाहन की टक्कर से एक बाइक चालक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट बसना थाना में दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बसना पुलिस को कांताबाई नंद ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 11 मई को उसका पुत्र सुरेंद्र नंद अपनी बाइक हीरो होंडा सीडी डॉन क्रमांक सीजी 11 बीबी 5958 से फुलवारी गया हुआ था। वापसी के दौरान सतनामी पारा गढ़फुलझर के पास सुबह करीब 9 बजे बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 13 यूएफ3341 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुरेंद्र नंद के दाहिने पैर एवं चेहरे पर चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट तथा धारा 125(ए) एवं 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## सीबीएसई 12वीं परीक्षा में अदिति तिवारी ने लहराया सफलता का परचम

**महासमुंद/नवप्रदेश।** शहर के क्लबपारा की प्रतिभाशाली छात्रा अदिति तिवारी ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा 2026 में 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। अदिति की सफलता ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

अदिति ने अपनी कक्षा 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई ÷अकादमिक वर्ल्ड स्कूल÷ से पूरी की। विद्यालय में अध्ययन के दौरान उन्होंने पढ़ाई के प्रति गंभीरता, नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच के बल पर यह मुकाम हासिल किया। अदिति ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता श्रीमती रुपाली तिवारी एवं पिता उत्तम कुमार तिवारी को दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता ने हर परिस्थिति में उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी। उनके विश्वास और सहयोग ने ही उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की ताकत दी। उन्होंने अपने दादा राजा बाबू तिवारी एवं दादी श्रीमती गीता तिवारी के आशीर्वाद को भी अपनी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया। अदिति ने कहा कि परिवार से मिले संस्कार, समर्थन और स्नेह ने हमेशा उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। अदिति ने अपने शिक्षकों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया है।

करते हुए कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन, सहयोग और प्रेरणा ने पढ़ाई को आसान और आत्मविश्वास से भरपूर बनाया। शिक्षकों ने उन्हें केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं दिया, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की सही दिशा भी दिखाई। अदिति की इस शानदार उपलब्धि से पूरा परिवार और क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गई है।

## जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाए जनता : बिन्दु सिन्हा

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व स्तर पर जारी आर्थिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतों का प्रभाव लगभग सभी देशों पर पड़ रहा है। ऐसे समय में देश के संसाधनों का संतुलित उपयोग और आत्मसंयम राष्ट्रीय मजबूती का आधार बनता है। प्रधानमंत्री मोदी का यह संदेश देश का विदेशी मुद्रा भंडार कम ना हो कुछ समय सोना कम खरीदें डीजल पेट्रोल कम उपयोग करें विदेश भ्रमण कम करें किसान फर्टिलाइजर कम उपयोग करें इसका अर्थ किसी प्रतिबंध का नहीं बल्कि जागरूकता और जिम्मेदारी का आह्वान है। उक्त निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला महिलामोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती बिन्दु सिन्हा ने कहा कि डीजल.पेट्रोल की बचत से जहां आम नागरिकों का खर्च कम होगाए वहीं देश की ऊर्जा निर्भरता भी कम होगी। इसी प्रकार अनावश्यक विदेश यात्राओं में कमी से विदेशी मुद्रा का संतुलन मजबूत होगा। सोने की अत्यधिक खरीद पर संयम रखने का संदेश भी देश की आर्थिक स्थिरता और निवेश संतुलन को ध्यान में रखकर दिया गया है। खेती में कम उर्वरक उपयोग जहां किसानी के खर्चे को कम करेगी समाज को सही गुणवत्ता युक्त अनाज प्राप्त होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रत्येक नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाए।

## अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**■ तीन आरोपी गिरफ्तार, 15 लीटर से अधिक शराब व दो बाइक जब्त**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिले में अवैध शराब के कारोबार और परिवहन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 15 लीटर देशी एवं महुआ शराब के साथ दो मोटरसाइकिल जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, थाना पटेवा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने ग्राम तेंदूवाही पड़ाव के पास घेराबंदी कर बाइक क्रमांक सीजी 06 जीजी 4983 को रोका। जांच के दौरान चालक किशन दास वैष्णव के कब्जे से 20 पौवा शोले प्लेन देशी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1600 रुपए बताई गई है। पुलिस ने शराब के साथ मोटरसाइकिल भी जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

इसी प्रकार पुलिस ने बावनकेरा-खट्टा मार्ग पर कार्रवाई करते हुए बाइक क्रमांक ष्टत्र 04 ष्ठछ्व 3846 से 30 पौवा शोले प्लेन शराब बरामद की। आरोपी चंद्रहास बंछोर अवैध रूप से शराब परिवहन करते पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया तथा बाइक जब्त कर ली।

वहीं थाना बसना पुलिस ने ग्राम गढ़फुलझर स्थित अपना ढाबा के पास दबिश देकर जागेश्वर मिरी को अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा। आरोपी के पास से करीब छह लीटर महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी शराब को बिक्री के उद्देश्य से रखे हुए था। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए शराब जब्त कर ली है।

## नीट पेपर लीक मामले को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन

**पीएम व शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला**

**निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस भवन महासमुंद में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनएसयूआई के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने निंदा प्रस्ताव पारित किया। इसके बाद कांग्रेस भवन के सामने नेहरू चौक में प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी ने कहा कि नीट परीक्षा में सामने आई अनियमितताओं ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाएं युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ हैं और इससे मेहनती एवं मेधावी छात्रों का मनोबल टूट रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मामले के दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। एनएसयूआई नेताओं ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान गोविंद साहू, राजू साहू, सुनील चंद्राकर, सचिन गायकवाड़, मनोहर ठाकुर, नीलू साहू, शहर अध्यक्ष एनएसयूआई फलेंद्र साहू, कान्हा प्रधान, शादाब खान, आर्यन गिलहरे, रूपेश प्रजापति, लोकेश सेन, मो. तबरेज़, मनीष यादव, मो. मकसूद, राकेश मारकाम, जितेंद्र साहू, विक्की घृतलहरे, प्रथित बोस, एलन राज, सिद्धार्थ, मोहित, संजय, रतन पाल, ललित प्रधान,

## गफ्फू मेमन बने एफसीआई कंसल्टेटिव कमेटी के सदस्य

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अनुशंसा पर भारत सरकार के उपभोक्ता मामलेए खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ;गफ्फूद्ध मेमन को छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भारतीय खाद्य निगम ;एफसीआईद्ध की कंसल्टेटिव कमेटी का सदस्य मनोनीत किया है।

मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। उनका कार्यकाल दो वर्ष अथवा आगामी आदेश तक रहेगा। एफसीआई की कंसल्टेटिव कमेटी में सदस्य के रूप में गफ्फू मेमन खाद्यान्न भंडारणए परिवहनए सार्वजनिक वितरण प्रणाली ;पीडीएसद्ध और उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों पर सुझाव देंगे। यह समिति समय.समय पर खाद्य सुरक्षाए राशन वितरण व्यवस्थाए गोदाम संचालन और आम उपभोक्ताओं की समस्याओं की समीक्षा कर केंद्र सरकार तथा एफसीआई को फीडबैक देती है।


**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,**
**जिला-सूरजपुर, छत्तीसगढ़**

क्रमांक/1504/वाहन व्य. निविदा/अ0प्र0/2026/सूरजपुर, दिनांक- 14.05.2026

//निविदा प्रपत्र //

**जिला चिकित्सालय सूरजपुर, जिला-सूरजपुर छ0ग0 में वाहन पार्किंग व्यवस्था हेतु निविदा।**

| | |
|---|---|
| निविदा कार्य | जिला चिकित्सालय सूरजपुर छ0ग0 में वाहन पार्किंग व्यवस्था हेतु स्व सहायता समूह/ एजेंसी से कराये जाने हेतु निविदा आदेश जारी होने के दिनांक से एक वर्ष के लिये। (अवधि 01 वर्ष) |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | रूपये 1000.00 (एक हजार) नगद देय एवं वापसी योग्य नहीं |
| निविदा फार्म की विक्रय की अंतिम तिथि | दिनांक 05.06.2026 सायं 5:00 बजे तक |
| निविदा फार्म जमा करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय | दिनांक 10.06.2026 दोपहर 3:00 बजे तक (केवल रजिस्टर्ड /स्पीड पोस्ट से, कार्यालय में सीधे निविदा स्वीकार नहीं किये जाएगें) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 10.06.2026 को दोपहर 3:30 बजे से। |
| निविदा धरोहर राशि | रूपये 50000.00 (पचास हजार रूपये मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक का सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सूरजपुर छ0ग0 के नाम से देय। |
| निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने हेतु निर्धारित स्थान | कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय सूरजपुर, जिला-सूरजपुर छ0ग0। (कक्ष क्रमांक 100) |

**नोट** – निविदा की शर्तें एवं दरों हेतु प्रारूप निविदा फार्म के साथ ही जावेगी। इसके अलावा निविदा संबंधी समस्त जानकारी सूरजपुर जिले के बेवसाईट www.surajpur.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर भी अवलोकन की जा सकती है।

**सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,**
**जिला-सूरजपुर (छत्तीसगढ़)**

जी- 262700748/3



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 190693/निविदा सूचना क्र. 01/व.ले.लि./2026-27** **दि. 14.05.2026**

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक **04.06.2026 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है -

**कार्य का नाम - दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड गीदम के बड़े कारली एनीकट में तटरक्षण कार्य।**
**अनुमानित लागत - रू. 412.62 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)**
**(एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **21.05.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।
**नोट** - निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, दंतेवाड़ा**
**कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार**
**जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.**

जी-262700735/5



**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**निआसू क्रमांक 03, 04/वलेलि/2026-27** **जगदलपुर, दिनांक 14/05/2026**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.लाख मे) | अमानत राशि | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | 190691 | बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर में ग्राम गोफनी के समीप बोरियानाला पर गोफनी स्टापडेम निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 318.12 लाख | 1.60 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 02 | 190692 | बस्तर जिले के विकासखंड जगदलपुर के जल संसाधन संभाग जगदलपुर में निरीक्षण गृह का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 369.69 लाख | 1.85 लाख | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 21.05.2026 17:31 Hours
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 04.06.2026 17:30 Hours

**रिमार्क:-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 21.05.2026 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है।

**कार्यपालन अभियन्ता**
**टी0डी0पी0पी0 जलसंसाधन संभाग, जगदलपुर**
**कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.**

जी- 262700747/6

# महंगाई और ईंधन संकट को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**मुंगेली/नवप्रदेश।** देश में बढ़ती महंगाई, ईंधन संकट और रोजमर्रा की जरूरतों पर बढ़ते खर्च के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई अपील को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने पत्रकार वार्ता आयोजित की। बड़ी संख्या में लोग फील्ड, श्रम और छोटे व्यापार से जुडे हैं, जिनके लिए यह व्यावहारिक नहीं है।

रेस्ट हाउस में बिलासपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने पत्रकार वार्ता लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में नागरिकों से पेट्रोल-डीजल और गैस की खपत कम करने, किसानों को उर्वरकों का सीमित उपयोग करने, कामकाजी वर्ग को ÷वर्क फ्रॉम होम÷ अपनाने, महिलाओं को खाद्य तेल और गैस की बचत करने, सोना खरीदने से बचने और विदेश यात्रा टालने की सलाह दी थी।

जो सरकार की विफलता को दर्शाता है। उन्होने कहा कि जब देश पहले से ही ईंधन और गैस की कमी तथा महंगाई की मार झेल रहा है, तब इस तरह की सलाह आम लोगों की परेशानियों को और बढ़ाने वाली है। कृषि क्षेत्र को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के कई हिस्सों में पहले से ही उर्वरकों की कमी बनी हुई है, जिससे किसानों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। ऐसे में उर्वरक उपयोग कम करने की अपील किसानों के हित में नहीं मानी जा रही। छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में उर्वरक आपूर्ति को लेकर भी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। महंगाई के मुद्दे पर सरकार विपक्ष के निशाने पर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में पिछले वर्षों में लगातार बढ़ोतरी हुई है, जिससे परिवहन और दैनिक

उपभोग की वस्तुओं के दाम भी बढ़े हैं। घरेलू रसोई का बजट प्रभावित हुआ है और मध्यम वर्ग तथा गरीब परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ा है, साथ ही सरकार करों के माध्यम से जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद उपभोक्ताओं को पर्याप्त राहत नहीं मिल रही।

साथ ही, बेरोजगारी और घटती आय के चलते आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है और कई परिवार कर्ज लेने को मजबूर हैं। महंगाई के कारण वैसे ही किचन का बजट बिगड़ा हुआ है। मोदी कह रहे तेल मत खाओ, जबकि मोदी राज में किचन का बजट बिगड़ा हुआ है। खाद्य सामाग्री के दाम इतने बढ़े हुए है कि तेल क्या गृहणियां हर चीज के बजट में कटौती कर रही है। आवश्यक सामाग्री के दाम मनमोहन सरकार की तुलना में मोदी राज में बेतहाशा बढ़ी। दवाई के दाम में 32 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो गई, जो धीरे-धीरे आम आदमी का बजट बिगड़ रहा है, इसी तरह प्रधानमंत्री की ÷वर्क फ्रॉम होम÷ सलाह पर भी सवाल उठे हैं। उन्होने कहा कि ऐसा विकल्प केवल सीमित क्षेत्रों में ही संभव है, जबकि बड़ी संख्या में लोग फील्ड, श्रम और छोटे व्यापार से जुडे हैं, जिनके लिए यह व्यावहारिक नहीं है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, शहर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, हेमेंद्र गोस्वामी, दिलीप बंजारा, अभिलाष सिंह, नरेश पाटले, विष्णु खांडे, जागेश्वरी वर्मा, उर्मिला यादव, अनीता विश्वकर्मा, जलेश यादव, श्रीनिवास ठाकुर, रमेश राजपूत, लक्ष्मी नारायण, कौशल धृतलहरे सहित बडी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहें।

## न्यूज गैलरी

### प्रांजल बैस ने 96.2% अंक हासिल कर विज्ञान संकाय में किया टॉप

**मुंगेली/नवप्रदेश।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो का

कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय में विज्ञान संकाय में प्रांजल बैस ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। चन्दन साहू 91.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा गगन पाण्डेय 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव व हर्ष का विषय है कि छात्रों ने विशिष्ट विषयों में भी शत प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। प्रांजल बैस ने कंप्यूटर साइंस जैसे जटिल विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी तकनीकी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसी कड़ी में गगन पाण्डेय ने भी केमिस्ट्री विषय में 100 में से 100 अंक अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। यह ऐतिहासिक सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, विद्यालय के समृद्ध शैक्षिक वातावरण एवं विद्यालयीन कर्मचारियों के सामूहिक परिश्रम का प्रमाण है। प्राचार्य देवेन्द्र कुमार साहू ने इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों, उप प्राचार्य भरत दास नेलक, सभी शिक्षकों एवं समस्त विद्यालय स्टाफको बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयास और पूर्ण समर्पण भाव से किये गये कार्य का सुखद परिणाम बताया।

### कक्षा 12वीं में सृजन स्वर्णकार ने 87% अंक के साथ किया टॉप

**मुंगेली/नवप्रदेश।** अल्फा पब्लिक स्कूल में सीबीएससी बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणामों में छात्रों ने उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अल्फा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थी ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राएं प्रथम स्थान सृजन स्वर्णकार 87 प्रतिशत, द्वितीय स्थान रीत वाधवा 82 प्रतिशत, तृतीय स्थान आस्था सोनी 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। उसी प्रकार दसवीं कक्षा में भी परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रथम स्थान रोशिनी भास्कर 84 प्रतिशत, द्वितीय स्थान फरहाना खातून 83 प्रतिशत, तृतीय स्थान अमन साहू 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। विद्यालय के डायरेक्टर्स आशीष तिवारी, सुमित तिवारी, श्रीमती स्वाति तिवारी, श्रीमती रितु तिवारी ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर सभी सफल विद्यार्थियों को एवं उनके अभिभावकों एवं मार्गदर्शक शिक्षक-शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्कूल के प्राचार्य प्रवीण कुलदीप ने कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। स्कूल के व्यवस्थापक हरप्रीत सिंह जसेल ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

### 30 विद्यार्थियों ने 80% अंक प्राप्त कर दिखाई शैक्षणिक श्रेष्ठता

**मुंगेली/नवप्रदेश।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025-26 में सेंट जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय

का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर स्कूल एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। प्रबंध समिति अध्यक्ष वी निर्देशक डॉक्टर जीएस पटनायक एवं विद्यालय के प्राचार्य शुभेंदु मंडल व उप-प्राचार्य डॉल्फी मोंटेरियो एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया। इस वर्ष विद्यालय के कुल 70 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 30 विद्यार्थियों ने 80ः से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। वहीं विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध किया। विद्यालय टॉपर्स में अनंत उपाध्याय 96 प्रतिशत, रानू लेडवानी 96 प्रतिशत, वैभवी कश्यप् 93.6 96 प्रतिशत, आरव सोनी 92.2 96 प्रतिशत, हर्षिता तिवारी 92 96 प्रतिशत, शौर्य दीप सिंह 91.2 96 प्रतिशत, आकाश बजारे 90.6 96 प्रतिशत, अंकुरी सिंह ठाकुर 90.2 96 प्रतिशत, जाह्नवी ठाकुर 89.6 96 प्रतिशत, वैशाली राजेश्वानी 88.4 96 प्रतिशत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### जनपद सदस्य पाटले ने किया भूमिपूजन

**मुंगेली/नवप्रदेश।** ग्राम पंचायत भरूहागुड़ा के आश्रित ग्राम मजगांव में सीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। जनपद सदस्य तरुण पाटले ने सीसी रोड का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम पंचायत के सरपंच संग्राम गर्ग, उप सरपंच धनु प्रसाद बंजारा, ग्राम सचिव पूनम टंडन, चंद्रभान पाटले, प्रमोद नारायण एवं सभी ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जनगणना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 60 प्रगणक और सुपरवाइजर सम्मानित

**मुंगेली/नवप्रदेश।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जनगणना कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार्ज अधिकारी सहित 60 प्रगणकों, सुपरवाइजरों एवं जनगणना सहायकों को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना-2027 का यह महाअभियान हमारे देश और जिले के भविष्य के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कार्य है। जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अग्रिम पंक्ति में रहकर अपने आबंटित क्षेत्रों में घर-घर जाकर इस कार्य को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण किया है। प्रगणक के रूप में आपकी भूमिका इस पूरे अभियान की सबसे मजबूत कड़ी है। आपके द्वारा जुटाए गए इन सटीक और पारदर्शी डिजिटल आंकड़ों पर ही आगामी दशक में हमारे जिले और राष्ट्र के विकास की नीतियां, योजनाएं और

संसाधनों का वितरण निर्भर करेगा। जिले के प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों ने उत्कृष्ट कार्य कर मिसाल प्रस्तुत की है। कलेक्टर ने नगर पंचायत जरहागांव चार्ज अधिकारी शुभम बख्तानी, जनगणना सहायक विकास साहू, नगर पंचायत सरगांव चार्ज अधिकारी घनश्याम प्रसाद शर्मा, जनगणना सहायक राकेश कौशिक सहित पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी सम्मानित प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण और लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया, इस दौरान कलेक्टर ने जनगणना कार्य में कोताही बरतने पर जिला सांख्यिकी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

दिव्यांगता जनगणना में नहीं बनी बाधा- कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों ने अपने अनुभव साझा किए। प्रगणक विजय कुमार निर्मलकर ने बताया कि दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने जनगणना कार्य को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूरा किया। उन्होंने बताया कि बीएलओ और एस.आई.आर में कार्य करने का अनुभव का लाभ जनगणना कार्य में मिला। साथ ही सोशल मीडिया का सहारा लेते हुए उन्होंने जनगणना कार्य को पूरा किया। इसी प्रकार करही के नारायण प्रसाद शुक्ला ने बताया कि उन्होंने नगरीय नक्शा तैयार करने का कार्य लगातार मेहनत कर पूरा किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत सरगांव एवं पथरिया के सीएमओ को भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि भीषण गर्मी एवं अन्य चुनौतियों के बावजूद टीम ने निर्धारित अवधि में जनगणना कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। 93 प्रतिशत से अधिक हुआ गणना कार्य- अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने कहा कि जिले में जनगणना कार्य तेजी से पूर्णता की ओर बढ़ रहा है और सभी कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में 02 लाख 21 हजार 813 मकानो की गणना कार्य पूर्ण हो चुका है, जो कि जिले में 93.03 प्रतिशत है। नगर पंचायत जरहागांव, पथरिया एवं सरगांव में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जिले में अब तक कुल 01 हजार 380 में से कुल 775 प्रगणकों ने अपना कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं।

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती से मुंगेली में जलसंकट गहराया

**मुंगेली/नवप्रदेश।** जिले में बिजली कटौती की समस्या अब आम जनमानस के लिए सिरदर्द बन गई है। भीषण गर्मी के बीच बार-बार होने वाली बत्ती गुल ने न केवल रातों की नींद उड़ाई है, बल्कि पानी की आपूर्ति व्यवस्था को भी पूरी तरह ठप कर दिया है।

शहर और ग्रामीण इलाकों में जलापूर्ति का मुख्य जरिया टेप नल हैं। जल विभाग द्वारा पानी छोड़ने का जो समय निर्धारित है, ठीक उसी समय बिजली गायब हो जा रही है। चूँकि ऊँची टंकियों और पाइपलाइनों से घरों तक पानी खींचने के लिए इलेक्ट्रिक मोटर का इस्तेमाल अनिवार्य है, बिजली न होने की स्थिति में लोगों के घरों तक पानी की एक बूंद भी नहीं पहुँच पा रही है। सुबह-शाम की कटौती से स्थानीय निवासियों का कहना है कि जैसे ही सुबह और शाम को नल खुलने का समय होता है, वैसे ही बिजली काट दी जाती है। भीषण गर्मी की मार से लोग परेशान पारा 40 डिग्री के पार होने के कारण पानी की खपत बढ़ गई है, लेकिन बिजली की आंख-मिचौली से स्टॉक किया हुआ पानी भी खत्म हो रहा है। ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों और स्कूल जाने वाले बच्चों को बिना नहाए या कम पानी में काम चलाकर घर से निकलना पड़ रहा है। हम नगर पालिका और बिजली विभाग दोनों को टैक्स देते हैं, लेकिन सुविधा के नाम पर सिर्फआश्वासन मिलता है। बिना मोटर के नल से पानी आता नहीं, और बिजली विभाग ने कसम खा रखी है कि पानी के समय ही कट मारना है।बिजली विभाग इस कटौती के पीछे कभी मेंटेनेंस तो कभी लोड शेडिंग का हवाला देता है। हालांकि, जनता का आक्रोश अब सड़कों पर उतरने को तैयार है। यदि बिजली और पानी के समय का समन्वय नहीं बिठाया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी विकट हो सकती है। प्रशासन को चाहिए कि वह जलापूर्ति के समय बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करे ताकि जनता को इस दोहरी मार से राहत मिल सके।

## जनता से अपील: 19 मई तक खरीद लें आवश्यक दवाइयां

**मुंगेली/नवप्रदेश।** ऑनलाइन दवा विक्रेता कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट एवं बाजार में बिक रही नकली दवाओं के विरोध में ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर 20 मई को देश भर की 12.40 लाख दवा दुकानों के साथ जिले के 700 मेडिकल स्टोर भी बंद रहेंगे।

जिला औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष निरंजन अग्रवाल ने बताया कि ऑनलाइन कंपनियां 20 से 50 प्रतिशत तक की छूट देकर ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। इससे स्थानीय केमिस्टों का 8 से 10 करोड़ का मासिक कारोबार प्रभावित हो रहा है। साथ ही बिना पर्ची के दवाइयों की बिक्री और नकली दवाओं का चलन बढ़ने से जनस्वास्थ्य को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। संघ की प्रमुख मांगें है, ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर तत्काल रोक लगे, नकली दवाओं के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई हो, दवाओं पर से छूट की अधिकतम सीमा तय की जाए, बिना पंजीकृत फर्मासिस्ट के दवा बिक्री पर प्रतिबंध लगे। संघ के पदाधिकारियों ने आज डिप्टी कलेक्टर श्री चन्द्रा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अध्यक्ष निरंजन अग्रवाल, सचिव विवेक केशरवानी, प्रदेश संगठन सचिव सुरेश शर्मा, अमित नागदेव, विनोद नागदेव, अमरीक सिंह, गोविंद देवांगन, नरेंद्र राजपूत उपस्थित रहे।

## शासन की योजनाओं को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर

**मुंगेली/नवप्रदेश।** सर्व नाई समाज के जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास के नेतृत्व में शिव घाट सामाजिक मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में सामाजिक संगठन विस्तार एवं आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों की परिचर्चा तथा शासन की योजनाओं को प्रत्येक सामाजिक लोगों तक पहुंचाने के विषय में प्रमुखता से चर्चा किया गया। बैठक में आए हुए जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास, सीताराम श्रीवास, मोहनलाल श्रीवास, रमेश कुमार श्रीवास, चंद्रकुमार श्रीवास एवं लोरमी से कमलेश श्रीवास अध्यक्ष झुग्गी झोपड़ी भारतीय जनता पार्टी प्रदीप श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष व्यवसायिक सेलुन संघ लोरमी कैलाश श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष नवयुवक मंडल, दीपक श्रीवास, सुरेंद्र श्रीवास, प्रमोद श्रीवास, संतोष श्रीवास, पवन श्रीवास, सुरेश श्रीवास पूर्व पार्षद, आनंद श्रीवास, चंद्रप्रकाश श्रीवास, विनोदश्रीवास, भानु श्रीवास, बबलू श्रीवास, रोशन चंद्र सेन, सभी स्वजातीय बंधुगण उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति और ज्ञान का महत्व बताया गया

**मुंगेली/नवप्रदेश।** उद्धव जी की ब्रज यात्रा मे उद्धव जी ब्रम्ह ज्ञान को ही मानव जीवन का मुल



सिद्धांत मान लिया था, ब्रजगोपिकायें, कृष्ण प्रेम का उपदेश देकर बतला देती है उद्धव को, जब तक भक्ति की मिठास तुम्हारे ज्ञान मे मिश्रण नही होगा, तुम्हारा ब्रम्ह ज्ञान निरस ही होगा उद्धव, भगवान श्रीकृष्ण ने मित्र सुदामा को अपनी महती कृपा से दरिद्रता की श्राप से मुक्त कराकर वैभव शाली बना दीया सातवें दिवस की कथा मे पं मनोज शर्मा ने कहा, राजा परीक्षित तो निराश हो चुका था श्राप सुनकर, परन्तु भगवत कृपा शुकदेव जी जैसे सदगुरू का सानिध्य प्राप्त कर, श्रीमद्भागवत कथा रसपान कर मोक्ष प्राप्त किया, भगवान श्री दत्तात्रेय ने 24 बनाया, तात्पर्य हम भी अपने आसपास समान्य जनो मे भी उनके अच्छाईयों को ग्रहण कर अच्छे साधक बन सकते है, भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लौकिक लीलाओं को विराम देकर अपने दिव्य लोक प्रस्थान हुए।

## सुशासन शिविर में ग्रामीणों को मिली योजनाओं की सौगात

**मुंगेली/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिलेभर में सुशासन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत मुंगेली अंतर्गत ग्राम नवागांव (चि.) में सुशासन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई

तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान विभिन्न हितग्राहियों को सामाग्री प्रदान कर लाभान्वित किया गया, इनमें 20 हितग्राहियों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन चेक व प्रमाण पत्र, 20 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, 20 हितग्राहियों को स्वच्छ भारत मिशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, 05 हितग्राहियों को राशनकार्ड, 20 हितग्राहियों को नोनी सुरक्षा बांड पेपर, 05 हितग्राहियों को आइस बाक्स व नाव जाल, 10 हितग्राहियों को अरहर मिनी किट, 10 किसानों को केसीसी चेक, 10 को आयुष्मान व वय वंदना कार्ड, 10 को श्रम कार्ड, 07 को पौधा सहित 05 विद्यार्थियों को गणवेश का वितरण कर लाभान्वित किया गया।

शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पंचायतों को दी सौगात- कार्यक्रम में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की पूरी टीम गांव में पहुंची है, इसलिए आमजन शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं और शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने ग्रामीणों से विद्युत सुविधा का बेहतर उपयोग करने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने कहा।

## पेज 1 का शेष...

### सुरक्षा कैंप अब बनेंगे ...

झेल रहे बस्तर को नक्सलमुक्त करने के लिए अंदरूनी नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा कैम्पों खोले गए थे। बस्तर के नक्सलमुक्त होने के बाद नक्सल मोर्चे पर तैनात अर्धसैनिक बलों के बस्तर से वापस लौटने का सिलसिला जल्द ही शुरू होने वाला है। इसके बाद इन कैम्पों को स्थानीय ग्रामीणों के लिए जन सुविधा केंद्र बनाने की घोषणा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने की थी। इसकी शुरूआत 18 मई को 2 दिवसीय बस्तर दौरे पर पहुंच रहे गृहमंत्री अमित शाह नेतानार सीआरपीएफ कैंप से करेंगे।

### अमित शाह के बस्तर प्रवास...

मार्गों की सजावट तथा अतिथियों के आवागमन रूट को व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा पार्टी पदाधिकारियों को आवास व्यवस्था, कार्यकर्ता समन्वय, जनसभा स्थल प्रबंधन एवं सुरक्षा एजेंसियों से तालमेल बनाने के निर्देश भी दिए गए।

भाजपा नेताओं ने कहा कि बस्तर में होने वाला यह दौरा संगठन के लिए ऐतिहासिक अवसर साबित होगा और इससे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह पैदा होगा। बैठक में कार्यक्रम को लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

### भारत-यूएई के बीच एलपीजी...

ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनवरी में उनकी भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने संबंधों को गुणात्मक रूप से उन्नत करने पर सहमति जताई थी और कम समय में ही महत्वपूर्ण प्रगति हासिल कर ली है। पीएम मोदी ने कहा, आज की वैश्विक स्थिति को देखते हुए भारत-यूएई रणनीतिक सहयोग का महत्व बहुत बढ़ गया है। आने वाले समय में हम हर क्षेत्र में साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे।

### शांति बहाली में हर...

कुछ इलाकों में जो परेशानी आई, आपने उन पीड़ित परिवारों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की, इसके लिए भी मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं। मध्य-पूर्व में मौजूदा हालातों पर पीएम मोदी ने कहा कि यूएई पर हुए हमलों की हम घोर निंदा करते हैं। यूएई को जिस तरह से निशाना बनाया गया है, वह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इन कठिन परिस्थितियों में आपने जिस संयम और साहस का परिचय दिया है, ये बहुत ही सराहनीय है। राष्ट्रीय एकता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने में आपके नेतृत्व में उठाए गए कदमों का हम अभिनंदन करते हैं।उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में युद्ध की परिस्थिति का प्रभाव आज पूरे विश्व पर दिखाई दे रहा है।

### जिनपिंग संग मुलाकात...

ट्रंप ने यह भी जानकारी दी कि द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के इस साल सितंबर में अमेरिका आने की उम्मीद है।

**गार्डन डिप्लोमेसी:** वाशिंगटन रवाना होने से पहले दोनों शीर्ष नेता बीजिंग के गार्डन में टहलते और चाय पीते नजर आए, जिसे ट्रंप ने बहुत ही सकारात्मक बताया।

**व्यापार**

डोनाल्ड ट्रंप का दावाः चीन के साथ एक 'शानदार ट्रेड डील' हुई है, जो दोनों देशों के व्यापारिक संतुलन को सुधारेगी।

शी जिनपिंग का स्टैंडः आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को आगे बढ़ाने और द्विपक्षीय बातचीत को मजबूत करने पर ज़ोर।

ईरान

डोनाल्ड ट्रंप का दावाः चीनी राष्ट्रपति ने भरोसा दिया है कि चीन, ईरान को कोई सैन्य उपकरण नहीं देगा और होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने में मदद करेगा।

शी जिनपिंग का स्टैंडः चीन अभी भी ईरान का सबसे बड़ा तेल खरीदार बना हुआ है, लेकिन वह क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षित शिपिंग मार्ग का समर्थन करता है।

### सिर्फ चुप्पी से आरोपी दोषी...

दरअसल, बलौदाबाजार जिले के भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र से जुड़े वर्ष 2015 के हत्या मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने बड़ा फैसला सुनाया। मामले में दुश्यंत कुमार ध्रुव की हत्या के आरोप में संजय कुमार ध्रुव उर्फ बबलू उर्फ संजू को ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अभियोजन पक्ष का दावा था कि मृतक और आरोपी की बहन के बीच प्रेम संबंध को लेकर विवाद था, जिसके चलते रंजिश में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया।

### धार के भोजशाला को वाग्देवी...

देवी सरस्वती का मंदिर है। केंद्र सरकार और एएसआई यह फैसला लें कि भोजशाला मंदिर का मैनेजमेंट कैसा रहेगा। अदालत ने एएसआई का 2003 का वह आदेश भी रद्द कर दिया, जिसमें एएसआई ने भोजशाला में हिंदुओं को पूजा का अधिकार नहीं दिया था। उस आदेश को भी खारिज कर दिया, जिसमें मुस्लिमों को नमाज पढ़ने का अधिकार दिया गया था।

# हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

**दुर्ग / नवप्रदेश।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दुर्ग के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का शानदार परिणाम बोर्ड परीक्षा के नतीजों में देखने को मिला।

विज्ञान संकाय में श्रेया राय ने 98% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। अर्पिता चंद्राकर ने 96%, निशिता सिंह ने 95%, अभय देवांगन ने 93%, रौनक अग्रवाल ने 92% तथा लकी शुक्ला ने 91% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

वाणिज्य संकाय में लक्ष्य देवांगन ने 96% अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की, वहीं कनिष्का शर्मा ने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

विद्यालय के डायरेक्टर इंफ्रास्ट्रक्चर श्री बृजमोहन उपाध्याय, डायरेक्टर ऑपरेशंस श्री मनीष तिवारी, जॉइंट सेक्रेटरी श्री उमाकांत मिश्रा एवं डायरेक्टर एकेडमिक्स/प्राचार्या श्रीमती दीप्ति तिवारी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है।

विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी छात्र-छात्राएं इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

# अरुण साव से मिले अंतरराष्ट्रीय शूटर दिव्यांशु देवांगन

**■ जूनियर वर्ल्ड कप में वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ जीत चुके हैं स्वर्ण पदक**

**रायपुर/ नवप्रदेश।** उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव से गुरुवार को छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज दिव्यांशु देवांगन ने मुलाकात की। नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान दिव्यांशु ने अपने खेल सफर और हाल की उपलब्धियों की जानकारी दी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मिस्र में आयोजित जूनियर वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीतने और विश्व रिकॉर्ड बनाने पर दिव्यांशु को बधाई दी। उन्होंने अगले महीने जर्मनी में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। रायगढ़ निवासी दिव्यांशु देवांगन ने अप्रैल 2026 में मिस्र के काहिरा में आयोजित जूनियर वर्ल्ड कप की 10 मीटर एयर रायफल मिक्स्ड डबल स्पर्धा में महाराष्ट्र की शांभवी श्रवण क्षीरसागर के साथ स्वर्ण पदक जीता था। दोनों खिलाड़ियों ने 499.9 अंक हासिल कर विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया। दिव्यांशु अगले महीने जून में जर्मनी के सुहल में आयोजित होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप शूटिंग प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## न्यूज गैलरी

### भाटापारा आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए 16 मई को होगा लॉटरी का आयोजन

**भाटापारा / नवप्रदेश।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 प्रवेश हेतु लॉटरी आयोजन दिनांक 16मई को प्रातः 10 :30 बजे रावणभाटा स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर में संपन्न किया जाएगा। विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा रूपत, पहली , नवमी, एवं 11 वीं की रिक्त सीटों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इन सीटों पर चयन लॉटरी पद्धति के माध्यम से किया जाएगा। स्कूल के प्राचार्य अशोक सिंह परिहार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 9 मई 2026 तक पूर्ण कर ली गई थी। अब प्राप्त आवेदनों के आधार पर अभिभावकों की प्रत्यक्ष उपस्थिति में लॉटरी निकालकर छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। प्राचार्य के अनुसार, कक्षा रूपत में कुल 20 सीटें , कक्षा पहली में कुल 50 सीटें ,कक्षा नवमी में कुल 10 सीटें, एवं कक्षा 11 वी commerce, maths, bio में क्रमशः 5-5 सीटें निर्धारित हैं।विद्यालय प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई है कि पात्र विद्यार्थियों के चयन हेतु लॉटरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्रशासन ने समस्त अभिभावकों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लॉटरी प्रक्रिया का अवलोकन करें।विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि लॉटरी प्रक्रिया के पश्चात चयनित विद्यार्थियों की सूची नियमानुसार जारी की जाएगी तथा संस्था के प्राचार्य द्वारा सभी पालकों , जनप्रतिनिधियो, नागरिकगणों और पत्रकारों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

### प्री-मानसून मेंटेनेंस हेतु नगरी क्षेत्र में निर्धारित तिथियों पर बिजली बंद रहेगी नगरी अंचल

**नगरी / नवप्रदेश।** वितरण केंद्र नगरी अंतर्गत सिहावा क्षेत्र के 33/11 केवी फीडर लाइनों में प्री-मानसून पूर्व रखरखाव एवं मरम्मत कार्य किए जाने के कारण विभिन्न क्षेत्रों में निर्धारित तिथियों पर विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बिजली बंद रहेगी।विद्युत विभाग ने बताया कि मानसून पूर्व विद्युत लाइनों की सुरक्षा, निर्बाध आपूर्ति तथा संभावित खराबियों को रोकने के उद्देश्य से यह कार्य किया जा रहा है। इस दौरान संबंधित फीडरों से जुड़े गांवों एवं पंप क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।14 मई एवं 21 मई को 11 के.वी. सीतानदी बस्ती फीडर अंतर्गत शिवपुर, हरदीभाठा, घटूला, रावणसिंगी, पोड़ागांव, रतावा, पडरवाही, पथर्रा, गिधावा, बिनासिली, बीरगांव तथा आमानाला पम्प क्षेत्र प्रभावित सम्पन्न हुआ जिसमें 15 मई को 33 के.वी. सिहावा फीडर अंतर्गत सिहावा सबस्टेशन से निकलने वाली सभी 11 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। 18 एवं 19 मई को 11 के.वी. बिरगुड़ी पंप फीडर अंतर्गत पार्कभाटा, डोंगरीपारा, चर्रा, गढ़ियापारा, सोनामगर, पड़रापानी, भाटखार तथा भतकपारा बस्ती क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।विभाग ने उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपील की है। साथ ही यह भी बताया गया है कि आवश्यकता अनुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। उपभोक्ताओं से बिजली बिल का समय पर भुगतान कर बकाया दायित्वों के निपटान की भी अपील की गई है।यह सूचना कनिष्ठ अभियंता, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, नगरी द्वारा जारी की गई है।

### चिंगरौद-हथखोज मार्ग निर्माण का भूमिपूजन

**महासमुंद / नवप्रदेश।।** क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बुधवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने चिंगरौद-हथखोज मार्ग एवं पुलिया निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमिपूजन किया। करीब 5 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस मार्ग से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही महासमुंद और गरियाबंद जिले के बीच आवाजाही भी अधिक सुगम हो जाएगी।भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह मार्ग आगे गरियाबंद जिले को जोड़ता है और लंबे समय से क्षेत्रवासी इसके निर्माण की मांग कर रहे थे। विशेष रूप से बरसात के दिनों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

**रूंगटा अवॉर्ड फॉर रिसर्च एक्सीलेंस:** हौसला बढ़ाने संस्थान ने 37 प्रोफेसरों को दिए 12 लाख रुपए के पुरस्कार,

# देश व समाज के लिए रूंगटा यूनिवर्सिटी की फैकल्टी ने किए रिसर्च

**भिलाई / नवप्रदेश।** आज के दौर में रिसर्च सिर्फ लैब और किताबों तक सीमित नहीं रही, बल्कि समाज की जरूरतों और नई तकनीकों से जुड़कर बदलाव की ताकत बन चुकी है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए रूंगटा यूनिवर्सिटी में बुधवार को रूंगटा अवॉर्ड फॉर रिसर्च एक्सीलेंस यानी रेयर अवॉर्ड का आयोजन किया गया। समारोह में यूनिवर्सिटी की उन फैकल्टी मेंबर्स को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने रिसर्च, इंटरनेशनल जर्नल पब्लिकेशन और इनोवेटिव आइडियाज से शिक्षा जगत में नई पहचान बनाई है। कार्यक्रम में 37 फैकल्टी को 12 लाख रुपए की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश थे। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान उसकी इमारतों से नहीं, बल्कि वहां तैयार हो रहे नए विचारों और शोध से बनती है। उन्होंने कहा कि जब रिसर्च का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं बल्कि समाज की जरूरतों का समाधान बन जाए, तभी उसका असली महत्व सामने आता है। संस्थान की कई फैकल्टी दुनिया के टॉप दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हो चुकी हैं, यह पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। असल ताकत होती है रिसर्च रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि किसी भी संस्थान की असली ताकत उसकी रिसर्च और सोच होती है। उन्होंने सम्मानित फैकल्टी को बधाई देते हुए कहा कि लगातार नए विषयों पर शोध करना ही शिक्षा को आगे ले जाता है। कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने कहा कि रिसर्च का असली उद्देश्य नई संभावनाओं को जन्म देना और समाज के लिए उपयोगी समाधान तैयार करना है। जब शिक्षक और शोधकर्ता अपने काम से नई सोच पैदा करते हैं, तभी शिक्षा संस्थान देश के विकास में बड़ी भूमिका निभाते हैं। डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट और रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन ने बताया कि पिछले एक साल में संस्थान को विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों से रिसर्च के लिए 3 करोड़ रुपए का अनुदान मिला है, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा है। स्कूल ऑफ फार्मेसी का रिसर्च पब्लिकेशन इंपैक्ट फैक्टर 12.4 तक पहुंचा है, जबकि इंजीनियरिंग विभाग का इंपैक्ट फैक्टर 20.2 रहा। इन शोध कार्यों को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में सराहा गया। एआईसीटीई आरपीएस, एमएसएमई हैकाथॉन, अटल एफडीपी, डेनमार्क कॉन्फ्रेंस ग्रांट, आईपीएफसी ग्रांट, आईडिया लैब ग्रांट मिली। जिससे शोध कार्यों में तेजी आई। इस सम्मान समारोह में रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, सीईओ सोनल रूंगटा, डायरेक्टर डॉ. संजीव शुक्ला, महेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. मनोज वर्गीस, डॉ. चिनमय चंद्राकर, डॉ. नीमा एस बालन, डॉ. मधुलिका प्रधान, डॉ. आशीष दीक्षित, डॉ. डीएन देवांगन, डॉ प्रतीक अग्रवाल, शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डीन आरएंडडी डॉ. रामकृष्ण राठौर और डॉ. वियजलक्ष्मी घोष ने किया।

### आभार मित्रों का 7 जून को रायपुर में होगा रोटरी सेवा, सम्मान और संस्कृति का भव्य संगम

**रायपुर/ नवप्रदेश।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के अंतर्गत आने वाले 100 से अधिक रोटरी क्लबों द्वारा रोटरी वर्ष 2025-26 में किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों को सम्मानित करने हेतु आगामी रविवार 7 जून को रायपुर में भव्य आयोजन ÷आभार मित्रों का÷ आयोजित किया जाएगा।यह आयोजन रोटरी के सात प्रमुख कार्य क्षेत्रों – शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास एवं पब्लिक इमेज – में उल्लेखनीय कार्य करने वाले क्लबों एवं पदाधिकारियों को समर्पित रहेगा।इस अवसर पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सहित तीन राज्यों के रोटरी क्लब अध्यक्ष, सचिव एवं डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारी एक मंच पर एकत्र होंगे।

## सेंट्रल सिन्धी पंचायत की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**भाटापारा / नवप्रदेश।** पूज्य सेन्ट्रल सिन्धी पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल गिदवानी ने स्थानीय मंदिर श्री गोंदरी वाला धाम, में सभी पूर्व मुखियोंङ्कअध्यक्षोंङ्कवरिष्ठ जनों एवं समाज जनों की उपस्थिति में अपनी संपूर्ण कार्यकारिणी के साथ ईश्वर एवं इष्ट श्री वरुण देव झूलेलाल साईं जी की आराधना करते हुए समाज के विकास के लिए बिना किसी भेदभाव के संपूर्ण समाज के हित के लिए कार्य करने की शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण के पश्चात अपने उद्बोधन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल गिदवानी ने समाज के सहयोग से सिन्धी समाज की प्रगति व उत्तरोत्तर उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही। पूज्य सेन्ट्रल पंचायत की कार्यकारिणी में अध्यक्ष अनिल गिदवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्मलदवानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष जयराम बजाज एवं मुकेश थारानी,महासचिव योगेश मंधानी,सचिव अजय मंधानी,सहसचिव प्रतापराय ठाकुर, कोषाध्यक्ष राजेश तलरेजा, आदि शामिल है।

## भिलाई-तीन चरौदा क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसायिक भूखंड खरीदने निगम में पहुंच रही भीड़, बोली से कई गुना बढ़े दाम

**भिलाई / नवप्रदेश।**पूरे शहर से भारी संख्या में चरौदा नगर निगम कार्यालय पहुँच लोगो से खचाखच भरे हॉल में आज दिनांक 14 मई 2026 दिन गुरुवार को 03 दिन की भूखण्ड नीलामी की कार्यवाही शुरु की गयी, यहा बता दे कि निगम महापौर निर्मल कोसरे एवं कमिश्नर डी.एस. राजपूत द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर नीलामी के सभी दिनो के कार्य को पूर्णकराया जा रहा है। भिलाई-चरौदा निगम के ट्रांसपोर्ट नगर को छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे बडे औद्योगिक नगर का दर्जा प्राप्त है. जिसके कारण हथखोज में भारी औद्योगिक क्षेत्र और सबसे बडे ट्रांसपोर्ट हब के रुप में दिन प्रतिदिन विकसित होता जा रहा है।

ऐसे में इस क्षेत्र में अपने व्यवसायिक इकाई स्थापित करने के इच्छुक लोगो के द्वारा गहरी दिलचस्पी दिखाते हुये हथखोज ट्रंसपोर्ट नगर के भूखण्डो को लेने - खरिदने होड लगी हुयी है।

निगम भिलाई-चरौदा संपदा विभाग के द्वारा दी गयी जानकार के अनुसार दिनांक 11/05/2026 को कुल विक्रय हुये भूखण्डो की संख्या 15 रही जबकी दिनांक 13/05/2026 को 10 भूखण्डो का विक्रय हुये।

आज दिनांक 14/05/2026 की निर्धारित सभी भूखण्डो पर शसकीय बोली से 3 गुना और 4 गुना ऊपर बोली प्राप्त हुयी और सभी 13 भूखण्डो पर उच्चतम बोली दाताओ द्वारा बोली लगाकर भूखण्डखरिदने की प्राथमिक चरण की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया।

निगम महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि भिलाई चरौदा निगम परिवार की ओर सेउन सभी ट्रांपोर्ट व्यवसायियो की शुभकामना और बधाई देते है जिनकी नीलामी के दौरान भूखण्ड प्राप्त करने में सफलता मिली है।

# नगरीय प्रशासन व विकास विभाग की सभी 194 निकायों को सख्त हिदायत

**■ सुशासन, जवाबदेही और जनसेवा को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : शंगीता आर.**

**रायपुर / नवप्रदेश।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव श्रीमती शंगीता आर. ने गुरुवार को प्रदेश के सभी 194 नगरीय निकायों के अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। बैठक में नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नोडल अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी शामिल हुए। पहली बार प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों का पूरा अमला एक साथ बैठक में शामिल हुआ।

सचिव श्रीमती शंगीता आर. ने कहा कि नगरीय निकाय राज्य शासन का चेहरा होते हैं और शहरों का विकास राज्य के विकास का पर्याय है। उन्होंने अधिकारियों को नागरिकों को शुद्ध पेयजल, स्वच्छ वातावरण, बेहतर मूलभूत सुविधाएं एवं कचरामुक्त शहर उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, इसलिए कार्यों में लापरवाही, अनियमितता या अनावश्यक बहाने स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# दो सोलर संयंत्रों से कम हुआ संयुक्त परिवार का बिजली बिल

**रायपुर/ नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं के लिये बिजली बचत का सहारा बन रही है। इस योजना से संयुक्त परिवार को भी मिली बड़ी राहत मिल रही है।

रायपुर के डीडी नगर निवासी अजय देवांगन ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर में पांच-पांच किलोवाट क्षमता के दो सोलर संयंत्र स्थापित किए हैं। कुल 10 किलोवाट क्षमता वाले इन सोलर संयंत्रों के लगने के बाद उनके घर का बिजली बिल काफी कम हो गया है।माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप संचालित इस योजना का लाभ अब आम उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है। अजय देवांगन का तीन भाइयों का संयुक्त परिवार एक साथ रहता है। घर में कुल 13 कमरे हैं, जहां नियमित रूप से एसी सहित अन्य विद्युत उपकरणों का उपयोग होता है। पहले अधिक बिजली खपत के कारण बिजली बिल भी ज्यादा आता था, लेकिन अब दिनभर सोलर पैनलों से बिजली उत्पादन होने के कारण बिजली खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है।उन्होंने बताया कि सोलर संयंत्र लगने के बाद दो महीने तक उनका बिजली बिल शून्य भी आया। संयुक्त परिवार होने के कारण घर का विद्युत लोड अधिक रहता है, फिर भी अब बिजली बिल पहले की तुलना में काफी कम हो गया है।

**नाम परिवर्तन**

मैं लच्छन साहू पिता- मेमलाल साहू निवासी- डुमरपानी कांकेर, तहसील-कांकेर, जिला- उ.ब. कांकेर शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं ।
2. यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार वास्तविक सहीं नाम- **कुमारी कशीश साहू (KUMARI KASHISH SAHU)** है जो कि सहीं व सत्य है।
3. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड क्रमांक- 9843 9797 3695 में उसका नाम त्रुटिवश **महत्रीन (Mahtrin)** अंकित हो गया है।
4. यह कि मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड क्रमांक- 9843 9797 3695 में उसका वास्तविक सहीं नाम - **कुमारी कशीश साहू (KUMARI KASHISH SAHU)** अंकित कराना चाहता हूं ।
5. यह कि शपथ पत्र मैं अपने पुत्री के आधार कार्ड क्र. 9843 9797 3695 में उसका वास्तविक सहीं नाम- **कुमारी कशीश साहू (KUMARI KASHISH SAHU) पिता- लच्छन साहू** अंकित किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं ।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं लच्छन साहू पिता - मेमलाल साहू निवासी- डुमरपानी कांकेर, तहसील-कांकेर, जिला- उ.ब. कांकेर सत्यनिष्ठा पूर्वक सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक की अंतर्वस्तु मेरे स्वयं के निजी ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सहीं है। आज दिनांक 15.05.2026 को स्थान कांकेर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

**सत्यापनकर्ता**
**लच्छन साहू**

# अनियमित यूरिया वितरण पर प्रशासन सख्त

**■ चार उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश**

**महासमुंद / नवप्रदेश।** जिले में किसानों को अनियमित तरीके से यूरिया उर्वरक वितरण करने वाले विक्रेताओं के खिलाफकृषि विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। उप संचालक कृषि एफआर. कश्यप ने जिले के चार उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराने के निर्देश जारी किए हैं। इस कार्रवाई के बाद जिले के उर्वरक कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेसर्स राजेश अग्रवाल सरायपाली, मेसर्स ओम फर्टिलाइजर सरायपाली, आर.एस. ट्रेडर्स बागबाहरा तथा जय मां भीमेश्वरी ट्रेडर्स सुनसुनिया द्वारा 16 मार्च से 29 मार्च 2026 के बीच यूरिया उर्वरक का अनियमित तरीके से वितरण किया गया था। मामले की जांच के बाद इसे गंभीर मानते हुए उप संचालक कृषि ने उर्वरक निरीक्षक बागबाहरा एवं सरायपाली को संबंधित फर्म संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।कृषि विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई को किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विभाग का कहना है कि किसानों को निर्धारित नियमों एवं पारदर्शी व्यवस्था के तहत ही उर्वरक उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। अनियमित वितरण एवं कालाबाजारी जैसी गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उप संचालक कृषि एफआर. कश्यप ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने रकबे के अनुसार ही उर्वरकों की खरीदी करें। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि उर्वरक खरीदते समय पॉस मशीन में एंट्री अवश्य कराएं तथा दुकानदार से पक्का बिल लेना सुनिश्चित करें।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई निजी विक्रेता यूरिया, डीएपी या अन्य उर्वरकों की निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलता है, तो इसकी शिकायत तत्काल संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार अथवा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से करें, ताकि दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जा सके।

### कचना रेलवे ओवर-ब्रिज से जल्द शुरू होगा आना-जाना

**रायपुर / नवप्रदेश।**उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने गुरुवार को रायपुर के खम्हारडीह-कचना रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवर-ब्रिज के अंतिम चरण के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को शेष कार्य जल्द पूर्ण कर ओवर-ब्रिज को यातायात के लिए शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

**।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।**
Emailld:- durgmc2019@gmail.com, Phone: 0788-2322148

**- ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना -**

क्रमांक / 09/ ज.प्र.वि. / 2026 दिनांक 14/05/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आंमत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्रमांक 16 सब्जी मंडी के पीछे, सिकोला बस्ती, दुर्ग में पाईपलाईन तथा गंजमंडी के पास पुरानी गली में पाईप लाईन कार्य। System No. **190925**/WTR Dated:**14.05.2026** | 16.82 | 14.05.2026 से 30.05.2026 |
| 2. | वार्ड क्र. 01 शिवनाथ नदी मुक्तिधाम नवीनीकरण कार्य। System No. **190962**/ PWD Dated:**14.05.2026** | 26.238 | खोलने की तिथि 03.06.2026 |

निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**

**कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

**क्र./660/न.प./लो.नि.वि./2026-27** **पाण्डातराई, दिनांक 15/05/2026**

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | सिस्टम नम्बर | विवरण | अनुमानित राशि (लाख में) | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **191033** | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of PANDATARAI, Chhattisgarh | **25.12** | **08.06.2026** |

**शर्तेः-** उपरोक्त कार्यों हेतु नियम एवं शर्ते, अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती हैं साथ ही उक्त जानकारी विभागीय वेबसाईट http//cgeproc.cgstate.gov.in व www.uad.cg.gov.in से अवलोकन किया जा सकता हैं तथा किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभागीय वेबसाईट में अपलोड की जावेगी, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत पाण्डातराई**

# भू-जल संरक्षण व संवर्धन को बनाना होगा जनआंदोलनः विधायक सुशांत शुक्ला

*बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में भू-जल संवर्धन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागृह शनिचरी बाजार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।*

कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, महापौर पूजा विधानी, नगर निगम सभापति विनोद सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, डीएफओ नीरज यादव, पार्षद बंधु मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला में नगरीय निकायों के अध्यक्ष, जिला पंचायत और जनपद सदस्य सहित 154 ग्रामों के सरपंच, सचिव, रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट, उप अभियंता, तकनीकी विशेषज्ञ, बिल्डर्स एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। गांवों में तालाब, कुएं और पारंपरिक जल संरचनाओं को संरक्षित कर जल संकट से बचा जा सकता है।

### सभी जागरूक हों: शुक्ला

बतौर मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि जल संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी को केवल अभियान नहीं बल्कि जनआंदोलन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि तेजी से घटते भू-जल स्तर और बढ़ती जल समस्या को देखते हुए अब प्रत्येक नागरिक को पानी बचाने के लिए जागरूक होना जरूरी है। वर्षा जल संचयन, तालाब संरक्षण और पौधरोपण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए आज से ही सामूहिक प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि अपने विशेष दिन जैसे जन्मदिन, वर्षगांठ जैसे आयोजनों पर हमें एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

### जल संरक्षण के लिए नई तकनीक अपनाना होगा: कलेक्टर

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि भू-जल का अत्यधिक दोहन होने से जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। भविष्य में जल संकट से बचने के लिए हमें जल संरक्षण के लिए हमारे गांव और शहर के हिसाब से नई तकनीक को अपनाना होगा। हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें एक दिशा में ठोस कार्य योजना बनाकर इसे क्रियान्वित करना होगा। तालाब, डबरी और वर्षा जल संचयन जैसी संरचनाओं को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता, नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता को भी समय की आवश्यकता बताते हुए लोगों से कचरे का पृथक्करण और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की अपील की। एसएसपी श्री रजनेश सिंह ने कहा कि जिस प्रकार चोर सामान चुरा लेता है, उसी तरह हम धरती का पानी लगातार खत्म कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए अभी से जल संरक्षण पर गंभीरता से कार्य करना होगा। उन्होंने साइबर अपराधों से सतर्क रहने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा नशे से दूर रहने की अपील की। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भू-जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के लिए सामूहिक सहभागिता जरूरी है। वहीं नगर निगम के उपायुक्त खजांची कुमार ने कार्यशाला को जनजागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## न्यूज गैलरी

### तलवार दिखाकर लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** सार्वजनिक स्थान पर तलवार लहराकर लोगों में दहशत फैलाने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 नग धारदार तलवार जब्त किया है। सिटी कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार थाना सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक शनचिरी हैप्पी स्ट्रीट के पास धारदार तलवार लहराकर आम लोगों को डरा-धमका रहा है, जिससे क्षेत्र में भय एवं अशांति का वातावरण निर्मित हो रहा है। सूचना से तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) पंकज कुमार पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक गगन कुमार को अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। निर्देशानुसार थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित घेराबंदी कर दबिश दी गई तथा आरोपी सन्नी श्रीवास को मौके से पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार तलवार बरामद हुई। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

### मीडिया कर्मियों के वाहनों को पेट्रोल, डीजल उपलब्ध कराने एसडीएम को ज्ञापन

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** शहर के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल, डीजल के लिए लंबी कतारें लग रहीं। इससे सबसे अधिक पत्रकारों को समाचार संकलन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा रहा है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजित मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी, सहसचिव हरिकिशन गंगवानी, कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव, पूर्व अध्यक्ष वैद्य तिलकराज सलूजा, वीरेंद्र गहवई , वरिष्ठ पत्रकार गणेश विश्वकर्मा, दिलीप अग्रवाल, जफर आगा आदि पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को एसडीएम मनीष साहू को ज्ञापन सौंपा गया। इसमे वर्तमान में ईरान और इजरायल के मध्य चल रहे युद्ध के परिणामस्वरूप एक गंभीर वैश्विक ऊर्जा संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

मनेंद्रगढ़ में मंडल रेल आपदा प्रबंधन टीम व राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने संयुक्त रूप से किया मॉक ड्रिल

# ट्रेन दुर्घटनाओं के दौरान की जाने वाली राहत व बचाव कार्य का कराया अभ्यास

***मनेंद्रगढ़/बिलासपुर/नवप्रदेश।** आपदा के समय फ्रंट लाइन स्टाफ, रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं स्थानीय नागरिक ही बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी संदर्भ में रेलवे द्वारा अपने फ्रंट लाइन स्टाफ, रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं स्थानीय नागरिकों को ट्रेन में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं का प्रदर्शन कर उस आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले राहत व बचाव कार्य से संबंधित तरीकों को अभ्यास के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए प्रशिक्षण दिये जाने की नियमित व्यवस्था है। इससे वे दुर्घटना के समय किए जाने वाले बचाव कार्य के तरीकों से अपडेट व अभ्यस्थ रहें व कम से कम समय में कुशलतापूर्वक राहत व बचाव कार्य कर सकें। साथ ही दुर्घटना राहत उपकरणों की कार्य पद्धति एवं रेलवे आपदा प्रबंधन टीम की तत्परता व क्रियाशीलता भी परखी जा सके।*

### हेल्पलाइन नंबर भी जारी

इस बम विस्फोट के कारण उत्पन्न हुई आपदा से निपटने के लिए किए जाने वाली बचाव व राहत कार्यों के तैयारियों की मानीटरिंग महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में मुख्यालय वार रूम से अपर महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षों द्वारा तथा मंडल वार रूम से मंडल रेल प्रबंधक व शाखाधिकारियों द्वारा की गई। साथ ही यात्रियों को घटना की त्वरित व सटीक जानकारी प्रदान करने हेतु मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा मनेन्द्रगढ़, अम्बिकापुर, कोतमा, बिलासपुर, अनूपपुर, उसलापुर, उमरिया, शहडोल सहित सभी प्रमुख स्टेशनों में माई आई हेल्प यू बूथ तथा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा मनेन्द्रगढ़ स्टेशन यार्ड में आज 15 मई को प्रातः 10 बजे से सवारी गाड़ी में बम विस्फोट होने के कारण उत्पन्न हुई आपदा से निपटने के लिए किए जाने वाली बचाव व राहत कार्य का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में मनेन्द्रगढ़ स्टेशन यार्ड के पास स्पेशल ट्रेन (चिरमिरी-रीवा) के एक स्लीपर कोच में बम विस्फोट होने से 5 यात्रियों की मौत, 8 यात्रियों के गंभीर रूप से घायल, 7 यात्रियों के सामान्य रूप से घायल होने तथा कोच डिरेल होने और कोच में आग लगने की सूचना प्रसारित की गई।

### स्काउट एंड गाइड टीम की भी सक्रिय सहभागिता

यह अभ्यास प्रदर्शन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 11वीं बटालियन, मंडल संरक्षा विभाग, रेल आपदा प्रबंधन टीम तथा सिविल डिफेंस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसमें स्काउट एंड गाइड टीम की भी सक्रिय सहभागिता रही । कोच में संदिग्ध पार्सल पेकेट देखे जाने की सूचना आरपीएफ़ तथा स्थानीय पुलिस विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ़ तथा स्थानीय पुलिस की टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची तथा डॉग स्क्वाड की सहायता से बम होने की पुष्टि करते हुये इसे डिस्पोज किया। इसके साथ ही दुर्घटना राहत यान एवं दुर्घटना राहत चिकित्सा यान के साथ मंडल रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल टीम तथा फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा घटना स्थल पहुँच कर राहत व बचाव कार्य करने की पूरी प्रक्रिया को दिखाया गया। इस दौरान एसईसीएल की माइंस की टीम द्वारा जीरो आक्सीजन क्षेत्र में जो कि धुएं से भरा हुआ कोच था, उसमें से अपने एक्सपर्ट के जरिए बचाव कार्य का प्रदर्शन किया गया। ग्रीन कॉरीडोर बनाकर एम्बुलेंस द्वारा गंभीर रूप से घायल यात्रियों को त्वरित चिकित्सा प्रदान करने के लिए रेलवे अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान यह बताया गया कि ऐसी आपातकालीन स्थिति में कैसे पीडितों को सुरक्षित बाहर निकाला जाय एवं उनकी सहायता की जाय। साथ ही आग को बुझाने के विभिन्न तरीकों को भी जीवंत रूप में दिखाया गया। इस अभ्यास प्रदर्शन के माध्यम से किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने हेतु राहत एवं बचाव कार्यों की गतिविधियों को भी दिखाया गया। इस दौरान सभी विभागों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।

## पेट्रोल-डीजल और गैस पर्याप्त उपलब्ध अफवाहों पर ध्यान न दें: कलेक्टर

**मुंगेली/नवप्रदेश।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिले के पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक लेकर पेट्रोल, डीजल की उपलब्धता और वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने आमजनों से किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि किसान भाई अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रतिदिन ईंधन लें और अनावश्यक भंडारण से बचें। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया कि आम उपभोक्ताओं को सुगमता से ईंधन उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासन द्वारा जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और स्थिति की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि एम्बुलेंस, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है तथा आमजनों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग किए जाने की जानकारी दी गई। आवश्यकता अनुसार कार्यपालिक दण्डाधिकारी, फूड इंस्पेक्टर एवं पुलिस बल की ड्यूटी भी लगाई गई है। साथ ही सभी पेट्रोल पंपों में आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं फूड इंस्पेक्टर के संपर्क नंबर चस्पा किया गया है, ताकि किसी भी समस्या की स्थिति में नागरिक तत्काल अधिकारियों से संपर्क कर सकें। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जी.एल.यादव सहित संबंधित अधिकारी और जिले के पेट्रोल पंप संचालक मौजूद रहे।

## शांति निकेतन कॉलेज में अनियमितता का आरोप एनएसयूआई ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से समन्धित शांति निकेतन कॉलेज के संबंध में गंभीर अनियमितताओं एवं नियम विरुद्ध संचालन का मामला सामने आया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल जांच एवं कार्यवाही की मांग की गई है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जिस स्थान के लिए कॉलेज को विश्वविद्यालय एवं शासन से मान्यता प्राप्त है, उसी कॉलेज कोड एवं मान्यता का उपयोग कर दूसरे स्थान सिरगिट्टी स्थित स्कूल पर भी कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। यह कार्य न केवल विश्वविद्यालय के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी माना जा रहा है। नूर मोहोम्मद (राजा )ने कहाँ यदि किसी महाविद्यालय को एक विशेष परिसर एवं पते के लिए मान्यता प्रदान की गई है, तो उसी कोड एवं मान्यता के आधार पर अन्य स्थान पर संचालन करना प्रथम दृष्टया अनियमित एवं भ्रामक प्रतीत होता है। इससे छात्रों, अभिभावकों एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

मामले में यह भी मांग की गई है कि एक ही कॉलेज कोड का उपयोग अलग-अलग परिसरों में किए जाने की जांच हो। संबंधित कॉलेज की मान्यता, संबद्धता एवं भूमि/भवन दस्तावेजों की विस्तृत जांच कराई जाए। जांच पूर्ण होने तक नई भर्ती एवं प्रवेश प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए। दोषी पाए जाने पर कॉलेज की मान्यता समाप्त कर स्नढ्ढक्र दर्ज की जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि किसी संस्था द्वारा गलत जानकारी देकर या नियमों को दरकिनार कर संचालन किया जा रहा है, तो यह शिक्षा व्यवस्था एवं छात्रों के हितों के साथ गंभीर धोखा है। आवेदक नूर ने विश्वविद्यालय प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी संस्था शासन एवं विश्वविद्यालय के नियमों की अवहेलना करने का साहस न कर सके, पहले ही मान्यता प्राप्त संस्थान नियमो को ताक में रख महाविद्यालय का संचालन कर रहा है ना मैदान है ना ही पर्याप्त शिक्षक और तो और प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राचार्य तक नहीं है फिर भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई ना ही नई भर्ती पर रोक लगा जिसका परिणाम है की आज बिना मान्यता ही दूसरे जगह भी महाविद्यालय संचालित करने लग गए हमने स्पष्ट कहाँ है अगर कड़ा एक्शन नहीं हुआ तो यूनिवर्सिटी का घेराव कर मान्यता और सम्बद्धता समाप्त करवाने आंदोलनरत होंगे साथ ही ऐसी फर्जीवाड़ा करने वाले के खिलाफ दंडात्मक कार्यावही की भी माँग हम रखेंगे। ज्ञापन सौपते हुऐ नूर मोहोम्मद, मनेंद्र अनंत, आशीष यादव, राज कोशले, प्रिंस मानिकपुरी मौजूद रहे।

## सूने मकानों में चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** सूने मकानों की रेकी कर चोरी करने वाले एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को बिल्हा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बालक चाकू रखकर रात्रि में घूमते थे उसे पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी धारदार चाकू व कैची साथ में रखता था। आरोपी के वाहन के डिक्की में धारदार चाकूच लोहे का चाकू व स्टील कैची जब्त की है। आरोपीयो को यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।*

पुलिस के अनुसार उमनि/वपुअ रजनेश सिंह बिलासपुर द्वारा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को रात्रि गश्त के दौरान संदेहियो की चेकिंग कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, आदेश के परिपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा डी.आर. टण्डन से दिशा निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी द्वारा 15 मई को रात्रि गश्त कर्मचारियो को ब्रीफ कर संदिग्ध व्यक्तियो व वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था। इसी दौरान केशला सिटी के पास मेन रोड पर स्कूटी क्रमांक सीजी10सीसी 4066 मे सवार 02 व्यक्ति मिले जिनसे पूछताछ कर स्कूटी की तलाशी किये जाने पर स्कूटी के डिक्की अंदर लोहे के धातु से बना चाकू व कैची मिला जिसे मौके पर जप्त कर आरोपी राकेश यादव व साहिद अली के विरूध्द वैधानिक कार्यवाही की गयी है। आगे भी अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही जारी रहेगी। आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक- 256/2026, धारा - 331 (4), 305(ए),3(5) भा.न्या.सं., अपराध क्रमांक- 150/2026, धारा - 331 (4) ,305 (ए),3(5) भा.न्या.सं., अपराध क्रमांक- 117/2026, धारा - 303(2),3(5) भा.न्या.स., अपराध क्रमांक- 84/2026 धारा - 331(4),305(ए),3(5) भा.न्या.सं. के तहत कार्रवाई की गई। प्रकरण की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक तोपसिंह नवरंग, उनि जी.एल. चन्द्राकर , आरक्षक 1033 हरदीप मरावी व आर. 1210 सुमन चंद्रवंशी की अहम भूमिका रही।

## प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से राज्यमंत्री तोखन ने काफिले के वाहनों की संख्या घटाने दिए निर्देश

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने सुरक्षा में लगे फॉलोअप एवं काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा काफिले में वाहनों की संख्या कम कर सादगी, ऊर्जा संरक्षण एवं संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिए जाने से प्रेरित होकर लिया है।*

श्री साहू ने कहा कि वर्तमान वैश्विक संकटों और ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए संसाधनों का संतुलित एवं जिम्मेदार उपयोग समय की मांग है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देशवासियों से की गई सात महत्वपूर्ण जनहितकारी अपीलों का वे पूर्ण अनुकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां संभव हो वहां घर से कार्य करने को प्राथमिकता देने, खाने के तेल के उपयोग में कटौती करने, एक वर्ष तक विदेश यात्रा से बचने, पेट्रोल-डीजल की खपत कम कर सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाने, विदेशी उत्पादों के स्थान पर स्वदेशी अपनाने, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा एक वर्ष तक सोना खरीदने से बचने की अपील की है। केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि राष्ट्रहित में सादगी, ऊर्जा संरक्षण, आत्मनिर्भरता और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को जन-भागीदारी से जन-आंदोलन बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इन जनहितकारी अपीलों का पालन करने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया।

**सफलता:** उपलब्धि हासिल कर विद्यालय व जिले का नाम गौरवान्वित किया

## एवीएम के छात्र अरिहान ने एनडीए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र अरिहान श्रीवास्तव ने एक साथ दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

अरिहान ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है तथा साथ ही सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अरिहान की इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं गर्व का वातावरण है। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए आगामी एसएसबी साक्षात्कार हेतु शुभकामनाएँ प्रदान कीं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि अरिहान शिक्षा, खेल एवं नेतृत्व–तीनों क्षेत्रों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है तथा अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना का परिचय दिया है। इसके अतिरिक्त अरिहान वर्तमान में एसएसबी साक्षात्कार की तैयारी में भी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। वे

नियमित रूप से व्यक्तित्व विकास, समूह चर्चा, मनोवैज्ञानिक परीक्षण, संचार कौशल एवं शारीरिक दक्षता से संबंधित अभ्यास कर रहे हैं, जिससे वे भारतीय सशस्त्र बलों में अधिकारी बनने के अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर हैं।

अरिहान श्रीवास्तव आज विद्यालय के सैनिक स्कूल कैडेट्स के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास, सकारात्मक सोच एवं देशसेवा के प्रति समर्पण के माध्यम से बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय के अन्य कैडेट्स भी उनसे प्रेरणा लेकर एनडीए एवं रक्षा सेवाओं में अपना भविष्य बनाने के लिए उत्साहपूर्वक तैयारी कर रहे हैं। अरिहान श्रीवास्तव, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के भतीजे तथा रश्मि श्रीवास्तव एवं डॉ. अजय श्रीवास्तव के सुपुत्र हैं। परिवार के संस्कार, अनुशासन एवं शिक्षा के प्रति समर्पण ने अरिहान के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि अरिहान सदैव अनुशासित, परिश्रमी एवं सकारात्मक सोच रखने वाले विद्यार्थी रहे हैं। उनकी मेहनत, दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास एवं देशसेवा के प्रति समर्पण अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# ओमान तट के निकट भारतीय ध्वज वाले जहाज पर हमला

*भारत ने बुधवार को ओमान के तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर रहा कि ऐसे हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। एमईए के आधिकारिक बयान अनुसार, बुधवार (13 मई) ओमान के तट पर को भारतीय झंडे वाले एक जहाज पर हुआ हमला अस्वीकार्य है, और हमें इस बात का खेद है कि कमर्शियल जहाजों और आम नाविकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने सभी भारतीय चालक दल के सुरक्षित होने की पुष्टि करते हुए ओमानी अधिकारियों का आभार जताया। लिखा कि जहाज पर सवार भारतीय क्रू सुरक्षित हैं और हम उन्हें बचाने के लिए ओमानी अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। अंत में एक बार फिर इस कृत्य की आलोचना करते हुए कहा गया कि भारत फिर से कहता है कि कमर्शियल शिपिंग को निशाना बनाने और बेगुनाह आम क्रू सदस्यों को खतरे में डालने, या किसी और तरह से नौवहन और कॉमर्स की आजादी में रुकावट डालने से बचने की जरूरत है। ईरान जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और मालवाहक जहाज डूब गया। 'हाजी अली' नाम का जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी उससे कोई ड्रोन या मिसाइल जैसा हथियार टकरा गया। हादसे के बाद जहाज में आग लग गई, हालांकि ओमान कोस्टगार्ड ने सभी 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, 13 मई की सुबह गुजरात के द्वारका निवासी और जहाज मालिक सुलतान अहमद अंसार के एमएसवी हाजी अली जहाज पानी में डूब गया। यह जहाज बेरबेरा पोर्ट से शारजाह जा रहा था। सुबह करीब 3:30 बजे ओमान के समुद्री तट के पास जहाज हादसे का शिकार हुआ।*

# सेंगर को झटका, उम्रकैद की सजा निलंबित करने वाला आदेश रद्द

**■ दिल्ली हाईकोर्ट से फिर से नए सिरे से सुनवाई करने का आदेश**

**नई दिल्ली/ए.।** 'सुप्रीम कोर्ट ने साल 2017 के उन्नाव रेप केस में सजा काट रहे पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को करारा झटका दिया है। कोर्ट ने सेंगर की उम्रकैद की सजा को निलंबित करने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया है। बता दें कि इससे पहले, इस मामले में CBI की तरफ से दायर की गई एक अपील पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके साथ ही सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट को यह निर्देश भी दिया है कि दो महीने के भीतर इस मामले पर नए सिहे से फैसला करें। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि हाईकोर्ट अपना निर्णय लेते समय सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछला आदेश रद्द किए जाने के फैसले से बिल्कुल भी प्रभावित न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप सेंगर की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट से फिर से नए सिरे से सुनवाई करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा रेप मामले मे दिसंबर 2025 मे दिए गए जमानत के फैसले को रद्द करते हुए हाईकोर्ट से फिर से सुनवाई करने को कहा है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कई ऐसे सवाल है, जिन पर हाईकोर्ट फिर से गौर करे। सर्वोच्च न्यायालय ने कुलदीप सेंगर को मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर दिल्ली हाईकोर्ट से जल्द सुनवाई करने को कहा है। बता दें कि पिछले आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप सेंगर की जमानत पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने सीबीआई की याचिका पर सेंगर और यूपी सरकार को नोटिस जारी किया था।

### भारत दौरे पर आए ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने ट्रंप को दिखाया आईना

# 'हमें यूएस पर भरोसा नहीं, तेहरान ने कभी नहीं रखी परमाणु हथियारों की चाहत'

**नई दिल्ली/ए.।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इन दिनों दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने भारत आए हुए हैं। इस दौरान उन्होंने भारत-ईरान संबंधों, चाबहार पोर्ट और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव जैसे कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने भारत की कूटनीतिक भूमिका की तारीफ करते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ ताकतें जानबूझकर कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर करना चाहती हैं और क्षेत्र में युद्ध का माहौल बनाना चाहती हैं।अराघची ने कहा कि ईरान ने लंबे समय तक कठिन हालात का सामना किया है और अमेरिका अपने कई लक्ष्य हासिल नहीं कर सका। उन्होंने साफ कहा कि अगर कोई समाधान निकलता है तो वह केवल बातचीत और दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर ही संभव होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान पर कि अमेरिका और चीन ईरान को परमाणु हथियार रखने देना नहीं चाहते और होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखना चाहते हैं, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा, ÷हम भी यही राय रखते हैं। ईरान ने कभी परमाणु हथियार नहीं चाहे। हमने 2015 में समझौते पर हस्ताक्षर करते समय यह साबित कर दिया था कि हम परमाणु हथियार नहीं चाहते और यह हमारी नीति नहीं है। हमारा परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है और हम हमेशा से यह विश्वास दिलाने के लिए तत्पर रहे हैं कि यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण है और शांतिपूर्ण ही रहेगा। अराघची ने आगे कहा: ÷होर्मुज जलडमरूमध्य के संबंध में भी हमारी यही इच्छा है कि इसे पूरी तरह से फिर से खोल दिया जाए। जहां तक हमारा सवाल है, होर्मुज जलडमरूमध्य खुला है और हमारे साथ युद्ध कर रहे देशों के जहाजों को छोड़कर सभी जहाज वहां से गुजर सकते हैं... अमेरिकी आक्रामकता के कारण क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल है... यह जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के क्षेत्रीय जल में स्थित है... सब कुछ ईरान और ओमान द्वारा प्रबंधित किया जाना चाहिए।

**भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि काफी अच्छी: ईरानी विदेश मंत्री**

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि काफी अच्छी है और वह खाड़ी क्षेत्र के सभी देशों का दोस्त माना जाता है। ऐसे में भारत शांति और कूटनीति को मजबूत करने में अहम योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान भारत की सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका की सराहना करता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और अमेरिका के साथ संबंधों पर बोलते हुए अराघची ने कहा कि मौजूदा बातचीत भरोसे की कमी से जूझ रही है। उनका कहना था कि अमेरिका की तरफ से हर दिन अलग-अलग संदेश आते हैं, जिससे अविश्वास और बढ़ता है।

**चाबहार पोर्ट भारत के लिए 'गोल्डन गेट'-अराघची**

चाबहार पोर्ट को लेकर अराघची ने कहा कि यह भारत और ईरान की दोस्ती और सहयोग का बड़ा प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस बंदरगाह के विकास में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से इसका काम कुछ धीमा हुआ है, लेकिन उन्हें भरोसा है कि भविष्य में यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशिया, कॉकस क्षेत्र और यूरोप तक पहुंचने का अहम रास्ता बनेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत चाबहार पोर्ट के विकास का काम आगे भी जारी रखेगा।

# उम्मीद है इस आदेश को रद्द करेगा एससी, बाबरी फैसले से स्पष्ट समानताएं: ओवैसी

**नई दिल्ली/ए.।** धार भोजशाला मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के फैसले के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिक्रिया सामने आई। ओवैसी ने उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले को सुलझाएगा और हाई कोर्ट के आदेश को रद्द करेगा।

ओवैसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इसे सुलझाएगा और आदेश को रद्द कर देगा। इसमें बाबरी मस्जिद के फैसले से स्पष्ट समानताएं दिखती हैं।'' हाई कोर्ट ने धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए हिंदू समुदाय की दो जनहित याचिकाएं मंजूर कर लीं और इस मध्यकालीन स्मारक की धार्मिक प्रकृति देवी सरस्वती के मंदिर के तौर पर तय की। इसके साथ ही अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सात अप्रैल 2003 के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें मुस्लिमों को हर शुक्रवार भोजशाला परिसर में नमाज अदा करने की इजाजत दी गई थी। हाई कोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी ने इस मामले से संबंधित पांच याचिकाओं और एक रिट अपील पर फैसला सुनाया। खंडपीठ ने कहा, ''भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद के विवादित परिसर का धार्मिक चरित्र वाग्देवी के मंदिर के रूप में तय किया जाता है।'' अदालत ने विवादित स्मारक में एएसआई के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट और रिकॉर्ड पर मौजूद अन्य दस्तावेजों के हवाले से कहा कि स्मारक परमार राजवंश के राजा भोज से जुड़ा था। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर धार की मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी जिले में मस्जिद बनाने के लिए जमीन आवंटन की अर्जी देती है, तो राज्य सरकार इस पर कानूनी प्रावधानों के मुताबिक विचार कर सकती है। खंडपीठ ने भोजशाला मामले में छह अप्रैल से नियमित सुनवाई शुरू की थी और सभी संबद्ध पक्षों को सुनने के बाद 12 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट ने विवादित स्मारक से जुड़े अलग-अलग धार्मिक विश्वासों, ऐतिहासिक दावों, कानूनी प्रावधानों की जटिलताओं के साथ ही हजारों दस्तावेजों की पृष्ठभूमि में सुनवाई की थी।

# नीट पेपर लीक: 6 दिन सीबीआई की रिमांड पर आरोपी धनंजय

**नई दिल्ली/ए.।** दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले के आरोपी धनंजय लोखंडे को छह दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया।विशेष सीबीआई न्यायाधीश अजय गुप्ता ने एजेंसी की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें लोखंडे को पूछताछ के लिए छह दिन की हिरासत में सौंपने का अनुरोध किया गया था। लोखंडे को महाराष्ट्र के अहिल्यानगर से गिरफ्तार किया गया था और ट्रांजिट रिमांड पर अदालत में लाया गया था। सुनवाई के दौरान, सीबीआई ने बताया कि लोखंडे ने लीक प्रश्नपत्र सह-आरोपी शुभम को दिया था, जो उसे एक अन्य

आरोपी मनीषा बाघमारे से मिला था।केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि बड़ी साजिश का पर्दाफाश करना जरूरी है और जांच अभी शुरुआती चरण में है। लोखंडे के वकील ने कहा कि उन्हें गिरफ्तारी के कारण नहीं बताए गए और उनसे सादे कागज पर हस्ताक्षर करवाए गए। इससे पहले दिन में अदालत ने पांच अन्य आरोपियों को सात दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने जिन आरोपियों को सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया उनमें नासिक के शुभम खैरनार, जयपुर के मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल और गुरुग्राम से यश यादव शामिल हैं। शुभम खैरनार को 13 मई को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था जहां से उसे दो दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया था. शुभम खैरनार महाराष्ट्र के नासिक का रहनेवाला है। आरोप है कि मनीषा वाघमारे ने धनंजय लोखंडे को नीट के प्रश्न पत्र दिए, बाद में धनंजय लोखंडे ने शुभम खैरवार को प्रश्नपत्र दिए, सीबीआई ने कहा कि मनीषा वाघमारे को लेकर जांच चल रही है।

**सीबीआई को 'अनियमितताओं' की व्यापक जांच करने का निर्देश**

ये पांच आरोपी नासिक के शुभम खैरनार, जयपुर के मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल और गुरुग्राम के यश यादव हैं। मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के वास्ते वर्ष 2026 के लिए नीट-यूजी का आयोजन तीन मई को हुआ था, लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों पर इस परीक्षा को गत मंगलवार को रद्द कर दिया गया था। सरकार ने सीबीआई को 'अनियमितताओं' की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया।

# ममता बनर्जी को हराने वाली भवानीपुर सीट नहीं छोड़ेंगे सीएम शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता/ए.।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुवेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया है। अब वह भवानीपुर सीट से विधायक बने रहेंगे। हाल ही में हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में शुभेंदु अधिकारी ने दो अहम सीटों भवानीपुर और नंदीग्राम दोनों से चुनाव लड़ा था और दोनों जगह जीत हासिल की थी। बुधवार को उन्होंने राज्य विधानसभा में भवानीपुर सीट से विधायक के रूप में शपथ भी ली। भवानीपुर सीट पर शुभेंदु अधिकारी की जीत काफी चर्चा में रही थी, क्योंकि उन्होंने यहां तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को 15 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। वहीं नंदीग्राम सीट पर भी उन्होंने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार पवित्र कर को करीब 9,665 वोटों से मात दी थी। नंदीग्राम सीट छोड़ने के फैसले के बाद शुभेंदु अधिकारी ने वहां की जनता को भरोसा दिलाया कि वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। बंगाल के सीएम ने कहा कि उपचुनाव में नंदीग्राम की जनता नया विधायक चुनेगी, लेकिन वह क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के लिए पहले की तरह काम करते रहेंगे। उनका कहना है कि विधायक नहीं रहने के बावजूद वह नंदीग्राम के लोगों को अपनी कमी महसूस नहीं होने देंगे।

# अमेरिका-ईरान में फिर से तनाव बढ़ने से चांदी 14 हजार और सोना 2800 रु. घटा

**रायपुर।** अमेरिका-ईरान संबंधों में नए सिरे से बढ़े तनाव के कारण अंतरराष्ट्री बुलियन वायदा मार्केट में सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस शुक्रवार को देर शाम तक निवेशकों की बिकवाली का दबाव बढ़ने सोना-चांदी वायदा टूट गया।

कॉमेक्स पर सोना वायदा 144 डॉलर टूटकर 4552 डॉलर प्रति औंस और चांदी वायदा 855 सेंट घटकर 78.32 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई। इसके शुक्रवार को भारतीय बाजारों पर मंदी का वातावरण देखा गया। रायपुर में सोना केडबरी 2800 रुपये घटकर 153800 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी चौरसा 14000 रुपये घटकर 257500 रुपये प्रति किलो रह गई। कीमतों में आई गिरावट के बाद रायपुर सराफा बाजार में शाम को लग्नसरा वालों की छुटपुट ग्राहकी देखने को मिली है। ज्वेलर्स का कहना है कि बाजार और घटते है तो आगे सोने-चांदी के गहनों में वैवाहिक सीजन वालों की मांग जोर पकड़ सकती है। ज्वेलर्स का कहना है कि यह गिरावट कूटनीतिक माहौल में आई खराबी के बाद देखी गई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान के नवीनतम शांति प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और चेतावनी दी कि किसी भी युद्धविराम समझौते की स्थिति नाजुक बनी हुई है। इससे निवेशकों ने तनाव में संभावित कमी को लेकर लगाए गए अपने पहले के दांव वापस लेने शुरू कर दिए।

सोने पर दबाव मध्य पूर्व संघर्ष से जुड़ी व्यापक आर्थिक चिंताओं को भी दर्शाता है। इस साल की शुरुआत में, ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य बंद किए जाने से कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गईं, जिससे मुद्रास्फीति की आशंकाएं बढ़ीं और यह उम्मीद मजबूत हुई कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व लंबे समय तक ब्याज दरें ऊंची बनाए रखेगा।

ऊंची उधारी लागत आमतौर पर सोने पर दबाव डालती है, क्योंकि सोने से कोई ब्याज आय नहीं मिलती और यह ब्याज देने वाली संपत्तियों की तुलना में कम आकर्षक हो जाता है।

# साक्षी ने मीनाक्षी को हराकर राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों का कटाया टिकट

**नई दिल्ली/ए.।** साक्षी चौधरी ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी चयन प्रतियोगिता में मौजूदा विश्व और एशियाई चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा को हराकर 51 किलोग्राम वर्ग में भारत की जगह पक्की कर ली है। इस जीत के साथ साक्षी चौधरी ने इस वर्ष होने वाले राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में स्थान बना लिया। पटियाला स्थित Netaji Subhas National Institute of Sports में खेले गए फाइनल मुकाबले में साक्षी ने मीनाक्षी को हराया।मीनाक्षी मूल रूप से 48 किलोग्राम वर्ग की खिलाड़ी हैं, लेकिन चयन प्रतियोगिता के लिए 51 किलोग्राम वर्ग में उतरी थीं। वहीं साक्षी चौधरी ने 2025 विश्व मुक्केबाजी कप में 54 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद इस चयन प्रतियोगिता के लिए अपना वजन वर्ग घटाकर 51 किलोग्राम किया था।इससे पहले सेमीफाइनल में साक्षी ने दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। दूसरी ओर मीनाक्षी हुड्डा ने पूर्व विश्व चैंपियन नीतू घंघास को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।51 किलोग्राम वर्ग में इस बार भारत को नया प्रतिनिधि मिलेगा, क्योंकि निकहत और नीतू दोनों चयन दौड़ से बाहर हो गईं। निकहत जरीन को चयन प्रतियोगिता में हिस्सा लेना पड़ा, क्योंकि वह पिछले महीने मंगोलिया के उलानबटार में हुई एशियाई चैंपियनशिप के जरिए सीधे प्रवेश हासिल नहीं कर सकी थीं।वह महाद्वीपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, लेकिन चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज वू यू से हार गई थीं। इसके अलावा सचिन सिवाच, प्रीति पवार और प्रिया घंघास ने एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल दोनों के लिए जगह बनाई है।

# ओटीटी पर एक नए ट्विस्ट के साथ रिलीज होगी 'धुरंधर-2'

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' ने बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। यह 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर चुकी है। अब भी यह भी फिल्म सिनेमाघरों में मौजूद है, इसे रिलीज हुए 57 दिन हो चुके हैं। जल्द ही यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम होगी। लेकिन एक नए ट्विस्ट के साथ फिल्म 'धुरंधर 2' ओटीटी पर दर्शकों को देखने को मिलेगी।

'धुरंधर 2' जल्द ही जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। 4 जून को इसका डिजिटल प्रीमियर होगा, इसमें एक्टर्स से बातचीत भी शामिल होगी। अगले दिन यानी 5 जून को यह इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। दर्शकों को ओटीटी पर 'धुरंधर 2' का बिना काट-छांट वाला वर्जन देखने को मिलेगा। जो सीन्स थिएटर में दर्शकों को देखने को नहीं मिले, वह ओटीटी पर नजर आ सकते हैं।

फिल्म 'धुरंधर 2' को सिनेमाघरों में 57 दिन हो चुके हैं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। इसने 57वें दिन 42 लाख रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1,144.56 करोड़ रुपये हो चुका है। यह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। वहीं वर्ल्डवाइड भी इस फिल्म ने 1,846.92 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, आर. माधवन, गौरव गेरा, राकेश बेदी, संजय दत्त जैसे उम्दा कलाकार नजर आए।

नव प्रदेश **राजरंग...41**

## पहचानो तो कौन

एक राज्य के मुख्यमंत्री अपने 'उप' से बहुत परेशान रहते हैं, 'उप' को मलाल है कि वे 'मुख्य' नहीं बन पाए। जबकि चुनाव उनकी ही अगुआई में लड़ा गया था. पार्टी को जीत भी उन्हीं की अगुआई में मिली, लेकिन सत्ता किसी और को मिल गई। 'उप' जी आए दिन अपने कुछ चहते खबरनवीसों के जरिए अपने मुख्य की गद्दी जाने की खबरें उड़वाते रहते हैं.. हालांकि ये खबरें अब तक जमीनी हकीकत बनने से दूर ही हैं.. इस बीच 'मुख्य' जी ने अपनी पार्टी के नवेले आका से राजधानी दिल्ली में भेंट की.. नवेले आका जी ने अभी तक अपनी टीम नहीं बनाई है..लिहाजा 'मुख्य' जी ने आका को घुमा-फिराकर संदेश दिया कि उनके 'उप' को वे अपनी संगठन की टीम में ले लें.. जब 'उप' जी को ये बात पता चली तो बहुत खुश हुए..उन्हें लगा कि आलाकमान के साथ बैठने को मिलेगा, फिर 'मुख्य' जी की सत्ता को हिला पाना आसान होगा। लेकिन नवेले आका के अपने आका भी हैं..उन्होंने नया पेंच फंसा दिया..आका को कह दिया कि राज्य में ही 'उप' बने रहने दो..इससे 'मुख्य' जी को काबू में रखना आसान होगा..अन्यथा वे बेकाबू हो जाएंगे..अब आप अंदाजा लगाते रहिए कि वे 'उप' जी कौन हैं और 'मुख्य' जी कौन..।

## असम में हार, छत्तीसगढ़ पर असर

असम के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की बुरी गत हुई है... पार्टी 2021 का प्रदर्शन दोहराना तो दूर..अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवार को भी जिता पाने में नाकाम रही..हार तो असम में मिली, लेकिन इसकी आंच छत्तीसगढ़ पर भी पड़ने वाली है... हो भी क्यों न..असम कांग्रेस के प्रभारी अपने असमिया भूपेश बघेल जो थे..बघेल जी ने अपने सहयोगी और पूर्व पत्रकार विनोद वर्मा के साथ पूरा जोर लगाया..विनोद जी वामपंथी विचारधारा वाले हैं... वामपंथियों को हर जगह बीजेपी से जूझने के लिए सिर्फ नैरेटिव का ही हथियार नजर आता है..तो विनोद जी ने भी असम में भी हिमंत को घेरने के लिए वामपंथी नैरेटिव का सहारा लिया.. पवन खेड़ा के आरोप लगाते वक्त गुवाहाटी की प्रेस कांफ्रेंस में विनोद भी मौजूद रहे... खेड़ा द्वारा अपनी पत्नी पर लगाए गए आरोपों से हिमंत इतने नाराज थे कि उन्होंने खुलकर कह दिया था कि वे खेड़ा को पेड़ा बना देंगे..बेशक खेड़ा को पूर्व जमानत के रूप में सुप्रीम कोर्ट का वरदहस्त मिल गया है, लेकिन हिमंत उन्हें पेड़ा बनाने में जुट गए हैं..गुवाहाटी पुलिस उनसे खूब पूछताछ कर रही है..ऐसे में पता नहीं लग रहा कि विनोद जी उनके साथ हैं या अलग..तो बात हो रही बघेल जी की, राजधानी दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय के गलियारों में पूछा जा रहा है कि बघेल जी का क्या होगा..क्या असम उनके ही पास रहेगा या फिर उनकी सल्तनत छिन जाएगी..वैसे कांग्रेस में जो भी होता है, देर से होता है..तो वक्त का इंतजार किया जाना चाहिए..।

## प्रेरणा या दिखावा

एक होती है प्रेरणा और दूसरा होता है दिखावा..प्रेरणा अंतःकरण से निकलती है तो दिखावा किसी को खुश करने के लिए किया जाता है..अब पेट्रोल-डीजल पर किफायत बरतने की प्रधानमंत्री मोदी की अपील को ही लीजिए..भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री किफायत बरतने में जुट गए हैं..कोई पैदल ही सचिवालय जा रहा है तो कोई बाइक से..अपने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दिल्ली यात्रा के दौरान अलग ही अंदाज अपनाया..दिल्ली से भोपाल लौटने के लिए उन्होंने सरकारी कार और फौज का साथ नहीं लिया, बल्कि शिवाजी स्टेडियम से हवाई अड्डा जाने वाली मेट्रो में उतर गए..इस तरह उन्होंने किफायत बरती..वैसे जब ऐसा संकट नहीं था..तब शिवराज चौहान मुख्यमंत्री रहते कई बार एयरपोर्ट से शिवाजी स्टेडियम तक मेट्रो से ही पहुंचते थे..उनका तर्क होता था कि इससे दिल्ली के जाम में फंसने में लगने वाले वक्त की बचत होती है..वैसे जिस तरह भाजपाई मुख्यमंत्री और नेता कर रहे हैं, वह किफायत कम दिखावा ही लग रहा है..सवाल यह है कि आखिर अब तक उनकी यह सोच कहां थी..क्या वे पीएम की बात का ही इंतजार कर रहे थे..।

## कांग्रेस या मुस्लिम लीग के मुख्यमंत्री

केरल को आखिरकार कांग्रेस ने मुख्यमंत्री की सौगात सौंप ही दी.. दस दिन का वक्त भले ही इसमें लगा..वैसे केरल के लोग मान ही रहे थे कि सतीशन ही राज्य के कांग्रेसी मुख्यमंत्री होंगे.. लेकिन कांग्रेस आलाकमान के चहेते के वेणुगोपाल ने फच्चर फंसा दिया.. वेणु ठहरे राहुल गांधी के नजदीकी तो वे मानकर चल रहे थे कि मुख्यमंत्री भी वही होंगे.. लेकिन कांग्रेस पर उसके सहयोगी विशेषकर मुस्लिम लीग का दबाव पड़ा.. ऐसे में कांग्रेस को झुकना ही पड़ा..अब दिल्ली में कहा जाता है कि काश आजादी के पहले भी कांग्रेस और मुस्लिम लीग इसी तरह मिल गए होते..तो देश का बंटवारा नहीं होता.. वैसे सतीशन को लेकर केरल में यह भी संदेश गया है कि उन्होंने ही प्रियंका को वायनाड से जिताने में भूमिका निभाई है.. इसलिए वे प्रियंका की पसंद हैं.. हालांकि सच तो यही है कि उनके पीछे मुस्लिम लीग खड़ी रही..लीग ने ही उन्हें मुख्यमंत्री बनवाया है..।

**- राजदार**

केंद्रीय सचिव ने सिंचाई और जल संरक्षण कार्यों का लिया जायजा

# धमतरी में वाटरशेड विकास परियोजनाओं की समीक्षा करने पहुंचे सचिव नरेंद्र भूषण

**नई दिल्ली/धमतरी (नवप्रदेश)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के मगरलोड ब्लॉक में गुरुवार को भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के सचिव नरेंद्र भूषण के नेतृत्व में ग्रामीण विकास मंत्रालय के एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0) के तहत संचालित वाटरशेड विकास परियोजनाओं का व्यापक क्षेत्र दौरा किया।

प्रतिनिधिमंडल ने सुरक्षात्मक सिंचाई, आजीविका संवर्धन तथा मृदा एवं जल संरक्षण से जुड़ी विभिन्न पहलों की समीक्षा की। इस दौरान संयुक्त सचिव (वाटरशेड प्रबंधन) नितिन खाडे और जिला अधिकारी अबिनाश मिश्रा भी मौजूद रहे।

**स्टॉप डैम और सिंचाई नहर का किया निरीक्षण:** सांकरा गांव के दौरे के दौरान सचिव ने वाटरशेड विकास घटक और मनरेगा के संयुक्त प्रयासों से 40.34 लाख रुपए की लागत से निर्मित स्टॉप डैम का निरीक्षण किया। इस डैम से करीब 80-85 एकड़ भूमि सिंचित हो रही है और 50 से अधिक किसानों को लाभ मिल रहा है। इसके बाद बेलाउदी गांव में प्रतिनिधिमंडल ने 20.20 लाख रुपए की लागत से विकसित 430 मीटर लंबी सिंचाई नहर की समीक्षा की। यह नहर वर्तमान में लगभग 150 एकड़ भूमि की सिंचाई कर रही है और मृदा अपरदन को कम करने में भी मददगार साबित हो रही है।

**वृक्षारोपण और जल संरक्षण कार्यों पर जोर**

प्रतिनिधिमंडल ने सौंगा गांव में पांच एकड़ क्षेत्र में विकसित वृक्षारोपण स्थल का भी दौरा किया। यहां नदी द्वीप पर 1,050 अमरूद और नींबू के पौधे लगाए गए हैं। क्षेत्र में जल संकट की समस्या को देखते हुए अधिकारियों ने छोटे तालाबों के निर्माण की सलाह दी। इसके अलावा बोदरा और गदाडीह गांवों में संचालित 'अमृत सरोवर' परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने इन परियोजनाओं को भूजल पुनर्भरण और सामुदायिक जल उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में उपयोगी बताया।

### लिफ्ट सिंचाई परियोजना को बताया सफल मॉडल

दौरे का प्रमुख आकर्षण गदाडीह गांव की लिफ्ट सिंचाई परियोजना रही। महानदी के जल का उपयोग करने वाली इस परियोजना से 85 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई हो रही है और लगभग 250 किसानों को इसका लाभ मिल रहा है। नरेंद्र भूषण ने इस पहल को 'सफल मॉडल' बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी उपलब्धियों का दस्तावेजीकरण किया जाए, ताकि भविष्य की वाटरशेड विकास परियोजनाओं में इन्हें राज्य-स्तरीय आदर्श के रूप में अपनाया जा सके।

### किसानों की बागवानी पद्धतियों की सराहना

दौरे का समापन बेलाउदी गांव में सब्जी की खेती वाले खेत के निरीक्षण के साथ हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों द्वारा आय बढ़ाने के लिए अपनाई जा रही बागवानी पद्धतियों की सराहना की। सिंचाई परिजनों से किसानों को मिल रहे लाभ की जानकारी भी ली गई।

सरकार पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप

# नक्सल हिंसा से उजड़े परिवारों का फूटा गुस्सा

**21 मई को आईजी दफ्तर घेरने की चेतावनी**

**मोहला/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ सरकार की 'नक्सल पुनर्वास नीति-2025' कागजों तक ही सीमित रह गई है। मानपुर और राजनांदगांव के नक्सल हिंसा से उजड़े परिवारों ने आरोप लगाया है कि, सरकार ने वादा तो बड़े-बड़े किए, लेकिन जमीन पर एक भी पीड़ित को राहत नहीं मिली।

**परिवार सहित अनिश्चितकालीन धरने की दी चेतावनी:** आक्रोशित परिवारों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए 21 मई 2026 को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, राजनांदगांव के सामने परिवार सहित अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है। पीड़ितों ने आईजी को दिए आवेदन में कहा कि, नक्सलियों ने उनके पिता, भाई और पतियों को पुलिस का मुखबिर बताकर सरेआम मौत के घाट उतार दिया। जान बचाकर भागे परिवार आज भी बेघर-बेसहारा हैं।

**छात्रवृत्ति का किया गया था वादा:** परिवारों का कहना है कि, पुनर्वास नीति में शासकीय नौकरी, 3 लाख की केंद्रीय सहायता, आवासीय जमीन और बच्चों की छात्रवृत्ति का वादा किया गया था। लेकिन कलेक्टर और एसपी के चक्कर काटते-काटते साल बीत गए, फाइलें धूल फांक रही हैं और पीड़ितों के हाथ खाली हैं।

**रखी ये 4 मांगें-**

1. नौकरी दो, नहीं तो जवाब दो- जिन परिवारों को अब तक नौकरी नहीं मिली, उन्हें तुरंत नियुक्ति पत्र दिया जाए।
2. 3 लाख की राशि तुरंत जारी हो- केंद्र से आई सहायता राशि कहां अटकी है, इसका जवाब सरकार दे।
3. घर के लिए जमीन दो- बेघर परिवारों को शहरी या ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय जमीन या उसका मुआवजा तुरंत दिया जाए।
4. बच्चों का भविष्य मत बिगाड़ो- सभी पीड़ित बच्चों को छात्रवृत्ति तुरंत शुरू की जाए।

**आईजी दफ्तर के सामने डालेंगे डेरा- साहू**

धीरेन्द्र कुमार साहू सहित दर्जनों पीड़ितों ने साफ कहा है कि, 14 मई 2025 को दिया गया आवेदन अगर 21 मई 2026 तक अनसुना रहा, तो परिवार सहित आईजी दफ्तर के सामने डेरा डालेंगे। धरने के दौरान हुई किसी भी स्थिति की जिम्मेदारी सीधे शासन-प्रशासन की होगी।

## अपराजिता ने 12वीं में 84% अंक हासिल कर बढ़ाया मान

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** बेमेतरा की होनहार छात्रा अपराजिता शुक्ला ने सीबीएसई की कक्षा 12वीं परीक्षा में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

अपराजिता शुक्ला, पिता मनोज शुक्ला एवं माता शिल्पा शुक्ला की सुपुत्री हैं। वे एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल की छात्रा हैं। परिणाम घोषित होते ही परिवार, मित्रों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयाँ देना शुरू कर दिया। अपराजिता की सफलता यह दर्शाती है कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अपनी पढ़ाई के दौरान नियमित अध्ययन और समय प्रबंधन को प्राथमिकता दी, जिसका परिणाम आज हमारे सामने है। विद्यालय प्रबंधन ने भी अपराजिता की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रा ने विद्यालय का मान बढ़ाया है और आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी हैं। शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपराजिता आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगी।

## फर्जी दस्तावेजों के दम पर सीआरपीएफ में पाई नौकरी

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** फर्जी दस्तावेजों के सहारे केंद्रीय सुरक्षा बल में नौकरी हासिल करने का सनसनीखेज मामला बलरामपुर में सामने आया है। बलरामपुर कोतवाली पुलिस ने ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर दूसरे व्यक्ति के शैक्षणिक दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाया और उसी के आधार पर सीआरपीएफ में नौकरी हासिल कर ली। मामले के खुलासे के बाद प्रशासन और पुलिस की जांच में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। बलरामपुर तहसीलदार

की ओर से 28 अप्रैल 2026 को दर्ज कराई गई लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि, आरोपी सुमित सिंह ने बलरामपुर निवासी विशाल सोनी पिता स्वर्गीय सुरेश सोनी के शैक्षणिक दस्तावेजों में कथित छेड़छाड़ कर ऑनलाइन निवास प्रमाण पत्र तैयार कराया था।

## आंधी-तूफान में टला बड़ा रेल हादसा चालक की सूझबूझ से थमी तबाही

**कोरबा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के औद्योगिक जिले कोरबा में शुक्रवार सुबह मौसम के बदले मिजाज ने जहाँ चिलचिलाती गर्मी से राहत दी, वहीं तेज आंधी और बारिश ने भारी अफरा-तफरी मचा दी। इस दौरान कोयला परिवहन में लगी एक मालगाड़ी बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। लोको पायलट की तत्परता और समय रहते लिए गए फैसले ने एक बड़ी रेल दुर्घटना को टाल दिया।

**ओएचई लाइन में फंसा तिरपाल, शॉर्ट सर्किट का खतरा:** घटना दुरपा रोड स्थित पवन टॉकीज के पास की है। खदान से कोयला लोड कर पावर प्लांट की ओर जा रही मालगाड़ी आंधी की चपेट में आ गई। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि कोयले को ढकने के लिए इस्तेमाल किया गया तिरपाल उड़कर फट गया और ऊपर से गुजर रही हाई-वोल्टेज ओवरहेड इक्विपमेंट लाइन के तारों और खंभों में जा फंसा। तिरपाल के तारों में उलझते ही शॉर्ट सर्किट का खतरा पैदा हो गया। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए मालगाड़ी के चालक ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी और तत्काल कंट्रोल रूम व उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी।

**रेलवे की तकनीकी टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन:** सूचना मिलते ही रेलवे की तकनीकी और मेंटेनेंस टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षा के लिहाज से लाइन की बिजली काटी गई और घंटों की मशक्कत के बाद ओएचई लाइन में फंसे फटे हुए तिरपाल को बाहर निकाला गया। मरम्मत कार्य के बाद ट्रैक को सुरक्षित घोषित किया गया, जिसके बाद मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना किया जा सका। 'अगर चालक ने समय रहते मालगाड़ी नहीं रोकी होती, तो हाई-वोल्टेज तारों के टूटने से बड़ा हादसा हो सकता था और पूरा रेल परिचालन ठप हो जाता।

**आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई इलाकों में गुल हुई बिजली:** शुक्रवार सुबह आए इस तूफान का असर केवल रेलवे तक सीमित नहीं रहा। जिले के कई शहरी और ग्रामीण इलाकों में पेड़ गिरने और बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त होने की खबरें हैं।

**बिजली संकट:** कई फीडरों में तकनीकी खराबी और तार टूटने से घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही।

**यातायात प्रभावित:** सड़कों पर पेड़ों की टहनियां गिरने से आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**तापमान में गिरावट:** बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है।

**प्रशासन और मौसम विभाग की चेतावनी:** मौसम विभाग ने कोरबा सहित आसपास के क्षेत्रों के लिए अगले 24 घंटों का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, आंधी-तूफान की स्थिति अभी बनी रह सकती है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है ?खराब मौसम के दौरान पेड़ों या बिजली के खंभों के नीचे शरण न लें। आकाशीय बिजली चमकने पर सुरक्षित स्थानों (पक्के मकानों) के भीतर रहें। अनावश्यक यात्रा से बचें।

## जबरदस्ती घर में घुसकर 72 साल की वृद्धा से दुष्कर्म

**जशपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ का जशपुर जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र में 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी महिमा प्रकाश मिंज, उम्र 26 वर्ष, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**जबरन घर में घुसा आरोपी:** पीड़िता ने पुलिस को बताया कि, 9 मई की रात गांव में सामाजिक कार्यक्रम से लौटने के बाद जब वह घर का दरवाजा बंद कर रही थी, तभी आरोपी जबरन घर में घुस आया। आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी और फिर दुष्कर्म किया। किसी तरह महिला आरोपी के चंगुल से छूटकर बाहर निकली और शोर मचाया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना कांसाबेल में बीएनएस की धारा 64(1), 115(2) और 332(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी घटना के बाद से फरार था, लेकिन पुलिस और टेक्निकल टीम की मदद से रायगढ़ जिले के कापू थाना क्षेत्र स्थित उसके गांव से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद 13 मई को उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। जशपुर पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेन्द सिंह का कहना है कि, महिलाओं से जुड़े अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**मानपुर ग्राम पंचायत में करोड़ों का भ्रष्टाचार**

## 14 वार्ड पंच सचिव को हटाने एकजुट अफसरों पर मामले को दबाने का आरोप

**मोहला/नवप्रदेश।** ग्राम पंचायत मानपुर के सचिव जयप्रकाश बोरकर पर गंभीर वित्तीय अनियमितता, भ्रष्टाचार और कार्यप्रणाली में अपारदर्शिता के आरोपों ने विवाद खड़ा कर दिया है। ग्राम पंचायत के सभी 14 वार्ड पंचों ने संयुक्त रूप से सचिव को हटाने तथा ग्राम पंचायत के समस्त वित्तीय अभिलेखों की विस्तृत जांच की मांग की है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों पर आरोप है कि वे मामले को दबाने में लगे हुए हैं।

**14 वार्ड पंचों ने की लिखित शिकायत:** वार्ड पंचों ने लिखित शिकायत में सचिव के ज्वाइनिंग से अब तक हुए सभी वित्तीय कार्यों, केशबुक, लेखा पंजी, बिल-वाउचर, स्टॉक रजिस्टर और पंचायत खातों की विस्तृत जांच की मांग की है। इसके साथ ही दैनिक और साप्ताहिक बाजार नीलामी की राशि के आय-व्यय की जानकारी भी मांगी गई है। पंचों का आरोप है कि सचिव की मनमानी और अपारदर्शिता के कारण पंचायत की वित्तीय स्थिति संदिग्ध बनी हुई है।

**अधिकारियों पर मामले को दबाने का आरोप:** जनपद पंचायत मानपुर के अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने सचिव के कथित भ्रष्टाचार की जांच को गंभीरता से नहीं लिया। जांच दल ने सचिव को अन्यत्र भेजने की अनुशंसा तो की, लेकिन भ्रष्टाचार से जुड़े बिंदुओं को अलग कर दिया गया। सचिव जयप्रकाश बोरकर स्वयं भी जांच टीम के सामने ग्राम पंचायत मानपुर से अन्यत्र जाने का आवेदन दे चुके हैं, मगर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**अधूरे दस्तावेज और वित्तीय गड़बड़ियां उजागर**

4 फरवरी को उपसंचालक पंचायत ने आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई-

-सचिव अनुपस्थित पाए गए
- कई केशबुक कार्यालय में उपलब्ध नहीं
- दुकानों की नीलामी राशि बैंक में जमा नहीं
- बाजार नीलामी की अंतिम किस्त जमा नहीं
- बिल और ग्राम सभा रजिस्टर अद्यतन नहीं

निरीक्षण में स्पष्ट वित्तीय ढिलाई उजागर होने के बाद भी केवल स्थानांतरण की बात लिखना अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़ा करता है।

**करोड़ों के लेनदेन वाले पंचायत में सतही जांच पर उठ रहे सवाल:** मानपुर जैसा बड़ा पंचायत, जहाँ प्रतिवर्ष करोड़ों का वित्तीय लेनदेन होता है, वहां वार्ड पंचों द्वारा व्यापक जांच की मांग करना स्वाभाविक माना जा रहा है। लेकिन जांच रिपोर्ट में केवल सचिव के स्थानांतरण का उल्लेख होना अनेक आशंकाओं को जन्म देता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com